राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ करियर से संतुष्ट हूं, लेकिन...



प्रियंका ने संभाली रायबरेली-अमेठी... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 07 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 62, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## ▶▶ न्यूज डायरी

### 1992-93 के मुंबई दंगा मामले में जारी निर्देशो को करें लागू, सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को दिया आदेश

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार को 1992-93 के मुंबई दंगा मामले में जारी अपने निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों में 1992 के मुंबई दंगों के लापता पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना और पुलिस सुधार करना शामिल है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने महाराष्ट्र के पुलिस



महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने और "बेहतर अनुपालन" रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। एक पहलू पर विचार करते हुए, पीठ ने कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और प्रशासन उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करने के लिए बाध्य है। राज्य सरकार ने 25 जनवरी, 1993 को मुंबई की परिस्थितियों, घटनाओं और तात्कालिक कारणों जैसे पहलुओं से निपटने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में जांच आयोग अधिनियम के तहत एक आयोग का गठन किया था। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद 6 दिसंबर 1992 को और उसके बाद दंगे हुए। पीठ ने नोट किया था कि आयोग की सिफारिशों को राज्य सरकार ने 2022 में स्वीकार कर लिया था, ने अपने फैसले में कई निर्देश जारी किए। राज्य सरकार आज से एक महीने के भीतर बॉम्बे हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निष्क्रिय फाइलों पर 97 मामलों का विवरण प्रदान करेगी। विवरण प्राप्त होने पर, प्रशासनिक पक्ष की ओर से उच्च न्यायालय उन संबंधित न्यायालयों को आवश्यक संचार जारी करेगा जिनमें आरोपी का पता लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए मामले लंबित हैं।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा, पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिया : अर्जुन मुंडा

खूंटी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने आदिवासियों को महज वोट बैंक बना दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह सुनिश्चित किया कि इन लोगों को उचित सम्मान मिले। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पार्टी का मानना था कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी स्वभाव से अपराधी थे और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने सबसे पहले उनके कल्याण में रुचि ली। मुंडा ने कहा, कांग्रेस ने 60 साल के अपने शासन में आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा यह



सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उन्हें उचित पहचान और सम्मान मिले। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों) के लिए 24,000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की शुरूआत के लिए खूंटी को चुना। केंद्रीय आदिवासी और कृषि मंत्री मुंडा खूंटी आरक्षित सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जिसकी पहचान आदिवासी नायक बिरसा मुंडा से है। वर्ष 2019 में मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट पर 1,445 वोट के मामूली अंतर से जीत हासिल की और एक बार फिर कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा से उनका सीधा मुकाबला है।

उन्होंने दावा किया, ह्यह्ययह सच है कि आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। उनके लिए कोई योजना नहीं थी, कोई नीति नहीं थी। बाद में भी जब उनके अधिकारों को मान्यता दी गई, तो कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि आदिवासी मुद्दे गृह विभाग के अंतर्गत आएं। उनका मानना था कि जंगल में रहने वाले लोग स्वभाव से अपराधी थे। मुंडा ने कहा कि यह तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे जिन्होंने आदिवासी समाज के कल्याण में रुचि ली और बाद में मोदी ने उनके लिए न्याय सुनिश्चित किया।

# शाह ने बंगाल से मांगा 30 सीटों का आशीर्वाद, कहा-बम धमाकों से 'वो' हमें डराना चाहते हैं

**दुर्गापुर।** अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक हैं। ममता बनर्जी इन घुसपैठियों से डरती हैं। क्या दुगार्पुर अपने वोट बैंक की खातिर प्रभु राम का बहिष्कार करने वालों को चुनेगी? कभी नहीं! संदेशखाली में TMC नेताओं ने धर्म के आधार पर हमारी सैकड़ों बहनों पर अत्याचार किया। ममता दीदी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी जांच नहीं की, तो हाईकोर्ट ने जांच उङक को सौंपी। संदेशखाली में जिसने अत्याचार किया है, वो पाताल में भी छिप जाए, हम उसे ढूंढ कर जेल की सलाखों के पीछे डालेंगे। पश्चिम बंगाल में हमें 30 सीटों का आशीर्वाद दें, मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं और सुनिश्चित करें कि हम इस बार 400 के पार जाएं। अमित शाह ने कहा कि संदेशखाली में



टीएमसी नेताओं ने धर्म के आधार पर हमारी सैकड़ों बहनों पर अत्याचार किया। ममता दीदी, संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जांच नहीं की, तो हाई कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी। ममता दीदी आपको शर्म आनी चाहिए, आप महिला मुख्यमंत्री हो और आपकी नाक के नीचे सैकड़ों माताओं-बहनों पर अत्याचार हुआ, लेकिन आपके पेट का पानी नहीं हिला। विपक्ष के पास भ्रष्टाचार का ट्रैक रिकॉर्ड है, जबकि मोदी जी के पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा एक भी दाग नहीं है। टीएमसी पूरी तरह से 'कट मनी' संस्कृति में डूबी हुई है और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती है। ममता बनर्जी को अपनी गतिविधियों पर शर्म आनी चाहिए। लेकिन दुगार्पुर वालों चुनाव आयोग ने सेंट्रल फोर्स लगाई हैं, ममता दीदी के गुंडों से डरने की जरूरत नहीं है। खुलकर मतदान कीजिए। कम्युनिस्टों, टीएमसी और कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को 70 साल तक 'संरक्षित' रखा! इसने कश्मीर से आतंकवाद को पूरे देश में फैला दिया। लेकिन मोदी जी के सत्ता में आने के बाद, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को ऐतिहासिक रूप से निरस्त कर दिया गया। विपक्ष को न तो लोगों की सुरक्षा की परवाह है और न ही देश की सुरक्षा की।

## लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, पीएम मोदी और अमित शाह का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली ।** भाजपा ने दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, स्मृति ईरानी एवं अर्जुन राम मेघवाल, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा, हरियाणा सीएम नायब



सिंह सैनी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा एवं दीया कुमारी और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम शामिल हैं। पार्टी ने पूर्व सांसदों हर्ष वर्धन, मीनाक्षी लेखी, विजय गोयल, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और गौतम गंभीर के साथ ही हाल ही में कांग्रेस छोडकर दोबारा भाजपा में शामिल होने वाले अरविंदर सिंह लवली को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है।

## हाईकोर्ट से झटका मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन

**दिल्ली।** कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश

### ईडी की गिरफ्तारी को दी चुनौती

डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष उनकी याचिका का उल्लेख करते हुए उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की। झारखंड उच्च न्यायालय ने 3 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सोरेन की एक रिट याचिका खारिज कर दी और झामुमो नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया। हालाँकि, अदालत ने उन्हें 6 मई को पुलिस हिरासत के तहत अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दे दी। सोरेन को इस मामले में 31 जनवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार किया गया था और पार्टी के वफादार




और राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को उनके उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया गया था। मामले में ईडी द्वारा सात घंटे तक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन के भूखंड से संबंधित है, जिस पर ईडी ने आरोप लगाया है कि इसे उन्होंने अवैध रूप से हासिल किया था। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच राज्य सरकार के अधिकारियों सहित कई लोगों के खिलाफ भूमि घोटाले मामलों में झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर से शुरू हुई है। ईडी कथित तौर पर करोड़ों मूल्य की जमीन के विशाल पार्सल हासिल करने के लिए जाली/फर्जी दस्तावेजों की आड़ में डमी विक्रेताओं और खरीदारों को दिखाकर आधिकारिक रिकॉर्ड में हेरफेर करके अपराध की भारी मात्रा में आय की जांच कर रही है।

## जश्न मनाते हुए छात्र



**मोरादाबाद :** मोरादाबाद में आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए छात्र विजय चिन्ह दिखा रहे हैं।

## फंड न मिलने से परेशान अकाली दल के लोकसभा उम्मीदवार हरदीप सिंह ने दिया इस्तीफा, लौटाई टिकट

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** लोकसभा चुनावों से पहले शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका लगा है। यहां से शिरोमणि अकाली दल के लोकसभा उम्मीदवार हरदीप सिंह बुटेरला ने टिकट लौटाने के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

शिरोमणि अकाली दल चंडीगढ़ में बीजेपी से गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अपने लोकसभा उम्मीदवार की घोषणा की थी।

हरदीप सिंह बुटेरला की बीजेपी के संजय टंडन और कांग्रेस की तरफ से मैदान में उतारे गए मनीष तिवारी से टक्कर थी। इस तरह से चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया था।

बुटेरला ने आरोप लगाया है कि चुनाव लडने से पहले पार्टी के सामने मांग रखी थी कि चंडीगढ़ में शिरोमणि अकाली दल पहली बार चुनाव लड़ रहा है। इसलिए चंडीगढ़ में चुनाव लडने के लिए सीनियर नेताओं की जरूरत पड़ेगी, लेकिन पार्टी के प्रधान सुखबीर सिंह बादल आज भी 13 सीटों पर प्रचार कर रहे हैं। 14वीं सीट को वह भूल गए हैं।

## सपा प्रमुख ने फिर लिया यूटर्न अब श्रावस्ती से बदला प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का टिकट बांटने और फिर काटने वाला यूटर्न फामूर्ला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी आंच छटें चरण तक पहुंच गई है, जहां 25 मई को मतदान होना है, लेकिन नामांकन की तारीख समाप्त होने के एक दिन पहले अखिलेश यादव ने श्रावस्ती लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदल कर सबको चौका दिया है।

गौरतलब हो सपा प्रमुख ने पहले बसपा से निकाले गए सांसद राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने प्रत्याशी बनाया था, परंतु गत दिवस अचानक राम शिरोमणि वर्मा का टिकट कटने की चर्चा शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर श्रावस्ती लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदलने और पूर्व विधायक कांग्रेस प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के उम्मीदवार बनने की पोस्ट वायरल होने लगी। लोग एक दूसरे को फोन करके प्रत्याशी बदलने की पुष्टि करने लगे। धीरू के समर्थक उनके कालीथान स्थित आवास पर एकत्र होकर पटाखे जलाकर कर खुशी मनाने लगे। वहीं इस मौके पर माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष भगवती शुक्ल,



सपा नेता इकबाल जावेद, अंगद शरन गौतम भी उनके आवास पर खड़े दिखे। पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह के करीबी लाखन सिंह ने दो सेट नामांकन फार्म पहले ही ले रखा था। सपा जिलाध्यक्ष डॉ. माणिकलाल कश्यप ने भी बताया कि प्रत्याशी बदलने कर जानकारी लखनऊ कार्यालय से फोन से दी गई है, लेकिन अधिकारिक रूप से कोई पत्र नहीं मिला है। लखनऊ कार्यालय से फोन करने वाले ने देर रात तक पत्र मिल जाने की बात कही है।

दूसरी तरफ नामांकन कर श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे राम शिरोमणि वर्मा के खेमे में मायूसी है। उनके लोगों ने बताया कि सांसद भी लखनऊ गए हैं।

**चुनावी रैली** | जल-जंगल-जमीन पर अडानी जैसे लोगों की नज़र : राहुल गांधी

# 'संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं मोदीः राहुल

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान और आरक्षण बचाने के लिए है। इस देश के गरीब के पास जो कुछ भी है, चाहे आपकी जमीन हो, जल हो, जंगल हो, नौकरी हो, सब कुछ संविधान ने दिया है; अब नरेंद्र मोदी ने इसे (संविधान) बदलने का, इसे खत्म करने का मन बना लिया है। उन्होंने बड़ा वादा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देगी। आशा, आंगनवाड़ी की महिलाओं का आमदनी दोगुनी होगी और एक लाख रुपए महिलाओं के बैंक अकाउंट में जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के नेता ने एक आदिवासी युवा पर पेशाब कर उसका वीडियो बनाया और पूरे हिंदुस्तान में दिखाया। यहां हमारे प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने वाले कैंडिडेट के रिश्तेदार ने आदिवासी बिटिया के साथ रेप किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि आप आगे न बढ़ पाओ और आपके बच्चे



**मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। लेकिन जब अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास कहते हैं। लेकिन जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देंगे**

इंजीनियर-डॉक्टर न बन पाएं।ये आपका जल-जंगल-जमीन छीनना चाहते हैं। अगर हमें इनको रोकना है तो एकसाथ लड़ना होगा। ताकि आपके अधिकारों, संविधान और आरक्षण को बचाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अडानी जैसे लोगों की नजर आपके जल-जंगल-जमीन पर है। पीएम मोदी, अपने मित्र अडानी को आपका जल-जंगल-जमीन सौंप देना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी ने पहले ही हिंदुस्तान के एयरपोर्ट, पॉवर स्टेशन, पोर्ट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस सेक्टर सबकुछ अडानी जैसे लोगों को दे दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। लेकिन जब अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास कहते हैं। लेकिन जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देंगे।

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि नरेंद्र मोदी आपका आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। बीजेपी के नेताओं ने साफ कहा है- बीजेपी की सरकार बनते ही वे दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से आरक्षण छीन लेंगे। जहां बीजेपी आरक्षण छीनने की बात कर रही है, वहीं हम आरक्षण से 50% की लिमिट हटाकर उसे बढ़ा देंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी आएंगे तो उनसे बोलना- खटाखट.. खटाखट.. खटाखट। उनसे कहना जो आपने अरबपतियों के लिए किया, वो काम कांग्रेस पार्टी हिंदुस्तान के गरीबों के लिए करने जा रही है।

## एक बार फिर अंतरिक्ष में उड़ान भरने को तैयार हैं भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स, बोलीं- घर वापस जाने जैसा होगा

**नई दिल्ली ।** भारतीय मूल की नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष में उड़ान भरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह मंगलवार को बुच विल्मोर के साथ नए अंतरिक्ष यान



बोइंग स्टारलाइनर से उड़ान भरेंगी। यह उड़ान यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट से 7 मई को सुबह 8.04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस कॉम्प्लेक्स -41 से लॉन्च की जाएगी।

59 वर्षीय विलियम्स नए ह्यूमन-रेटेड अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। सुनीता तीसरी बार अंतरिक्ष में उड़ान भरने जा रही हैं। पहली बार उन्होंने 2006 में और दूसरी 2012 में उड़ान भरी थी। नासा के अनुसार, सुनीता ने अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं।

उन्होंने कहा, जब मैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच जाउंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। सुनीता ने समुद्र के प्रति अपने प्यार के लिए सीएसटी-100 स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान का नाम कैलिप्सो रखा है। नासा ने एक्स डॉट कॉम पर एक पोस्ट में कहा, यह प्रसिद्ध खोजकर्ता जैक्स कॉस्ट्यू के जहाज के संदर्भ में भी है, जिन्होंने इसी नाम के अपने जहाज पर दुनिया भर में यात्रा की थी। इस बीच नासा ने प्रक्षेपण के लिए लॉन्च पैड पर अनुकूल मौसम की स्थिति की लगभग 95 प्रतिशत संभावना की भविष्यवाणी की है। क्रू फ्लाइट टेस्ट (सीएफटी) नामक मिशन लगभग 10 दिनों तक चलेगा।

# बाढ़ और सुखा की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन,डीएम ने अधिकारियों संग की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** बाढ व सुखा की तैयारी के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीटिंग आहूत की गई। जिलाधिकारी ने राहत शिविर, बाढ़ चौकी व संवेदनशील तटबंधों का सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस के साथ टीम गठित कर निरीक्षण करने तथा कर्मचारियों की 24 घण्टे के लिए रोस्टर बनाकर डयूटी लगायें जानें के निर्देश दिए। सिचाई विभाग को गंगा में धारा से कटान होने वाले स्थलो को चिन्हित कर संवेदनशील स्थलों पर बाढ़ से बचाव के लिए संरचनात्मक कार्य पूर्ण किये जानें के निर्देश दिये। कृषि विभाग को पशुओं के लिये चारा, स्वास्थ्य विभाग को दवाईयो की उचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

भीषण गर्मी/लू के दृष्टिगत आमजन को राहत पहुचानें हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम नगरीय/ग्रामीण, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी व समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को शीतल पेय जल की व्यवस्था करनें के निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इटवा व्यापार मंडल की बैठक मे खाद्य विभाग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** सिकंदराबाद के खाद्य अधिकारी राम मिलन के साथ इटवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी की एक बैठक जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के कार्यालय पर आयोजित की गई ।

बैठक में नगर के खाद्य विभाग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का उत्पीड़न ना किया जाए इसके लिए चर्चा की गई खाद्य विभाग अपने नियम कायदे कानून के अनुसार कार्यवाही करें ऐसा मुद्दा छाया रहा और खाद्य विभाग ने भी भरोसा दिया है कि हम किसी भी तरीके का उत्पीड़न नहीं करेंगे और समय-समय पर जागरूकता अभियान चला करके व्यापारी की मदद करेंगे। इटवा व्यापार मंडल के सहयोग से आगामी समय में अभी विभिन्न स्थानों पर खाद्य विभाग के पंजीकरण के कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग, देवेश गोयल, जुगल किशोर बंसल, दीपक सिंघल, अभिषेक सिंगल, कृष्ण गुप्ता, मोहन सीमेंट वाले पुनीत समेत दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब इटवा व्यापार मंडल की टीम निरंतर समस्त विभागों के द्वारा जो व्यापारियों का उत्पीड़न किया जाता है उसके लिए विभागों और अधिकारीयों से मिलकर अवगत कराएगी और भविष्य में व्यापारी हितों के प्रति कोई भी खिलवाड़ नहीं होने देंगे। ऐसा भरोसा जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने दिया।

# बहुउद्देश्यीय सामुदायिक भवन में घूरा डालकर किया अवैध कब्जा,ग्राम प्रधान ने एसडीएम से की शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मामऊं में बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र में दबंग ने घूरा डालकर फैलाई गंदगी एक तरफ सरकार ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर स्वच्छता अभियान के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं ग्राम प्रधान ने हरपाल सिंह पुत्र केवल सिंह पर आरोप लगाया है कि बहुउद्देश्यीय सामुदायिक भवन में घूरा डालकर अवैध कब्जा कर रहा है।ग्राम प्रधान पति ने बताया है कि बार बार सामाजिक लोगों द्वारा घूरा हटाने की बात की गई है लेकिन दबंग घूरा हटाने को तैयार नही है। घूरा हटाने पर लड़ने पर उतारू है। इस संबंध में मामऊं ग्राम प्रधान पति राजकुमार सिंह ने सोमवार को एसडीएम शिकारपुर प्रियंका गोयल को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सामुदायिक केंद्र से घूरा हटवाने की मांग की है। उधर एसडीएम ने बताया है कि इस प्रकरण में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# चार्ज लेने के उपरांत लोक सभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने एवम ठगी की घटना का खुलासा करने पर कोतवाली प्रभारी को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह द्वारा चार्ज लेने के उपरांत नगर में लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने और दो दिन पूर्व हुई ठगी की घटना का खुलासा करने के सराहनीय कार्य को लेकर नगर में चर्चा आम है ! इसी को लेकर कुछ सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों द्वारा उनका सम्मानित किया जा रहा है ! इसी क्रम में नवदीप संस्था के पदाधिकारी द्वारा कोतवाली प्रभारी को सम्मानित किया गया ! संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश वर्मा स्वर्णकार के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे पदाधिकारीयों ने उन्हें पटका पहनाकर तथा गुलदस्ता भेंट करके सम्मानित किया ।

इस मौके पर संस्था संरक्षक वी के शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव फुरकान सुलतानी, संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, मेरठ मंडल अध्यक्ष श्यौदान सिंह यादव, जिला संयोजक संजय सिंह तेवतिया, जिला सचिव जोगेंद्र सिंह एडवोकेट आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा घूम रहे है नगर के चारों ओर, मगर पुलिस प्रशासन मौन क्यों

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**जहाँगीराबाद।** नगर में दिनों दिन ई-रिक्षों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी लोंगों के लिए परेषानी का सबब बनती जा रही है। ई-रिक्शा नौनिहाल छात्रों की सुरक्षा से ही खिलवाड़ कर रहे हैं। नगर में दिनों दिन बढ़ रही ई-रिक्शा की तादात से नगर के प्रमुख मार्गों पर जाम लगना आम बात हो गई है और ज्यादा कमाई के लालच में ई-रिक्शा चालक नौनिहालों की सुरक्षा को धता दिखाते हुए काफी बच्चों को बैठाकर स्कूल आना जाना करते हैं। जहाँ जनपद में बिना रजिस्ट्रेशन के जो भी ई-रिक्शा को बुलन्दषहर पुलिस प्रषासन ने पकड़कर नष्ट कर दिया है। उसके बाबजूद काफी संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा बुलन्दषहर से भागकर कई नगरों में आ गये हैं। नगर जहाँगीराबाद में भी बिना रजिस्ट्रषन के सैंकड़ों ई-रिक्शा घूम रहे हैं। जबकि इन ई-रिक्शों पर नम्बर प्लेट भी नहीं लगी हैं और न ही आर0टी0ओ0 ऑफिस में इनका कोई रजिस्ट्रेशन है। फिर भी नगर में ई-रिक्शा धडल्ले से सवारियों को लेकर घूम रहे हैं। यदि इन ई-रिक्शा में बैठे किसी भी सवारी को व चालक की दुर्घटना हो जाती है तो दोनों में से किसी को भी बीमा क्लेम नहीं मिलेगा। इसलिए सवारियों को भी ईन ई-रिक्शों में नही बैठना चाहिये। सभी ई-रिक्शा चालकों को एक यूनिक नं0 प्लेट भी लगानी चाहिए, जिसमें चालक का नाम फोटो व थाने का नाम पता सभी होता है। ये यूनिक न0 प्लेट जहाँ चोरी की बारदातों को रोकने और पकड़ने में कारगर साबित होगी, वहीं चालकों के साथ-साथ सवारियों की सुरक्षा के लिए भी बहुत उपयोगी साबित होगी। नगर के पुलिस प्रषासन को इन अवैध ई-रिक्शा की शीध्र जांच शुरू करनी चाहिए और अवैध ई-रिक्शा को अपने कब्जे में लेना चाहिए। कोतवाली प्रभारी रमांकांत पचौरी ने बताया कि अबैध ई-रिक्शा की शीघ्र जांच करायी जायेगी। जो भी बिना रजिस्ट्रेषन के ई-रिक्शा पकड़ा जायेगा और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास व 55,000/- रुपए के अर्थदण्ड की सजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी )।** "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास व 55,000/- रुपए के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी अभियुक्त अमित कुमार पुत्र रामभूल सिंह निवासी ग्राम खनौदा थाना अहार जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2013 में अपने ही गांव के महेश पुत्र शंकरलाल की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 17.07.2013 को थाना अहार पर मुअसं झ 34/13 धारा-302/34/120बी भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया तथा बरामदगी के संबंध में थाना अहार पर मुअसं-44/13 धारा 25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया।

दिनांक 16.10.2013 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 09 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 06.05.2024 को मा0 न्यायालय स्पेशल एससी/एसटी एक्ट जनपद बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त अमित को सश्रम आजीवन कारावास व 55,000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री विमल कुमार राघव व रश्मि सोलंकी का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# नगर में नगर में कुत्तों और बंदरों का आतंक,स्कूल के बच्चों में कुत्तों का भय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** नगर में कुत्ते और बंदरों का आतंक निरंतर बढ़ता ही जा रहा है उनके हमले से आए दिन कोई ना कोई चोटिल होता रहता है। इस समस्या का समाधान अभी तक नगर पालिका प्रशासन द्वारा नही किया गया। कुछ दिन पूर्व बंदरों के हमले से एक युवक घायल हो गया था काफी प्रयास के बाद इसकी जान बचाई जा सकी । अभी दो दिन पूर्व ही परिषदीय स्कूल में पढ़ रहे 7 वर्षीय बालक जैद पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उसके मुंह को नोच डाला जिसको हायर सेंटर रेफर किया गया जहां अब छात्र ठीक है। लेकिन इस घटना के बाद स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं मे आवारा कुत्तों का भय है अभिभावक भी इस को लेकर डरे हुए हैं, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने बताया कि नगर में कुत्तों को पकड़ने का क्रम जारी है और कुछ आवारा कुत्तों को पड़कर जंगल में छुड़वाया गया है । लेकिन अभी तक बंदरों को लेकर नगर पालिका परिषद कोई ठोस प्लान तैयार नहीं कर सका है।

देखते हैं नगर वासियों को बंदरों और कुत्तों के आतंक से कब मुक्ति मिलती है ?

# पांच दिवसीय सेमिनार शिविर टेंशन फ्री लाइफ सत्र के साथ हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** सदभावना सभागार ब्रहमकुमारीज में पांच दिवसीय सेमिनार शिविर के समापन समारोह के आखिरी सत्र में संबंधों में समरसता विषय पर बी के पीयूष भाई ने संबंध शब्द के बारें में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संबंधों को निभाने के लिए बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है स्वयं के स्वार्थ सिद्ध करने के लिए संबंधों का परित्याग कर अपने जीवन के सत्य मार्ग से भटकने से जीवन का बहुमूल्य जीवन का अर्थ निर्थक हो जाता है।संसार में परमात्मा ने हमें मनुष्य के रूप में पृथ्वी पर परोपकारी जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है जिससें मानव सेवा करके मानवता की मिशाल कायम करने वाले लोगों को शरीर त्याग करने के पश्चात भी याद किया जाता रहें ऐसे कार्य करने चाहिए। इस मौके पर प्रजापिता ब्रहमकुमारी परिवार से जुड़ें सैकड़ों गणमान्यजन मौजूद रहे।

**गर्मी**

## सूर्य देव ने दिखाए तेवर, 40 डिग्री तक पहुंचा पारा,गर्मी बढ़ते ही पेय पदार्थों की बढ़ने लगी बिक्री

# चिलचिलाती धूप और लू से परेशान होने लगे नगरवासी, दोपहर के समय बाजार में दिखने लगा सन्नाटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**शिकारपुर।** मई माह प्रथम सप्ताह बीत रहा है और सूर्य देव काफी उग्र हो चले हैं।यकायक दो दिनों से तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं यूके थपेड़े परेशान करने लगे। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तेज धूप और लू ने लोगों का सुकून छीन लिया है। पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं । लोगों को घर के अंदर और बाहर कहीं भी चैन नहीं मिल रहा है । चिकित्सक भी लोगों को लू और गर्मी से बचाव के लिए विटामिन कैल्शियम और मिनिरल के अलावा अधिक से अधिक पर पदार्थों का सेवन करने की सलाह दे रहे हैं लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है ।गर्मी अब धीरे-धीरे अपने रंग में आती जा रही है। तापमान में हो रही बढ़ोतरी से जनजीवन भी प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप के कारण बाजारों में भी चहल-पहल काफी कम नजर आ रही है। लोग गर्मी में पसीना पसीना नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोग घरों में दुबक ने को मजबूर हैं। यदि कोई बाहर निकल भी रहा है तो वह गर्मी से बचाव की चीजें लेकर चल रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सुबह से ही सूरज देवता आग उगलना शुरू कर देते हैं। जैसे जैसे दोपहर होती है वैसे वैसे तापमान की चरम पर पहुंच जाता है। गर्मी और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करने को मजबूर हैं। वही भयंकर गर्मी ने बाजारों की भी रौनक खत्म कर दी है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है। लोग जरूरी कामों से ही बाहर निकल रहे हैं। हालांकि शाम के समय लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन दिन का तापमान 40 के पार जा रहा है जो लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। अधिक गर्मी के चलते अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गर्मी की चपेट में अधिकांश बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा आ रहा है। सोमवार को भी गर्मी से लोग पूरी तरह मुहाल नजर आए। गर्मी से बचाव के लिए लोगों को सिर व मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाते हुए देखा जा सकता है। वही गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलरो व एसी. की खरीदारी में भी तेजी आई है। गर्मी के चलते दोपहर के समय नगर की सड़कों पर आवाजाही में कमी देखी जा रही है लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए नगर में जगह-जगह शीतल पेय पदार्थों की दुकानें भी खुल गई हैं नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार में खुली लस्सी कोल्ड ड्रिंक और गन्ने के रस की दुकान है लोगों को राहत पहुंचा रही हैं। गर्मी के चलते स्कूली बच्चों को घर वापस के दौरान पसीना पसीना होना पड़ रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि ऐसा लगता है कि इस वर्ष गर्मी अपने पूरे चरम पर रहेगी। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी और लू में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है ।सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह का कहना है कि गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी आवश्यक है। खानपान को लेकर लोग सावधान रहें बाहर की चीजों का कम प्रयोग करें गर्मी के मौसम में तला भुना कम खाएं साथ ही पानी की ज्यादा इस्तेमाल करें।

**गर्मी से दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा**

गर्मी के चलते लोग दोपहर के समय अपने घरों से नहीं निकल रहे हैं। ऐसे में सड़कों और बाजार में पूरी तरह सन्नाटा नजर आता है।

गर्मी से बचाव के लिए लोग सुबह और शाम के समय ही अपने कार्यों को कर रहे हैं। साथ ही दोपहर के समय घरों में ही रह रहे हैं। इसके चलते नगर की सड़क सन्नाटे के आगोश में समाई हुई दिखाई देने लगी है।

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय का एनपीसीएल नोएडा में ज्ञानवर्धक औद्योगिक भ्रमण, बिजली कंपनी के संचालन, विद्युत प्रसार और वितरण की ली व्यावहारिक जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल विभाग के छात्रों ने नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) का एक उज्वल और ज्ञानवर्धक औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को बिजली क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं की गहराई से समझ प्रदान करना था। एमटेक और बीटेक के छात्रों ने इस भ्रमण में भाग लिया, जिसमें उन्हें बिजली कंपनी के संचालन, विद्युत प्रसार और वितरण की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। यह जानकारी आवासीय और औद्योगिक दोनों क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। भ्रमण की शुरूआत एनपीसीएल के कार्यों पर एक सूचनात्मक पावरपॉइंट प्रस्तुति से हुई। इसमें विद्युत खरीद, पावर एक्सचेंज और क्षेत्रीय विद्युत वितरण की चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसके बाद, छात्रों को प्रशिक्षण कक्ष में ले जाया गया, जहां उन्हें नियंत्रण कक्ष के कामकाज और विद्युत प्रणालियों के संचालन की जानकारी मिली। उन्होंने प्रतिस्थापन, वितरण स्वचालन प्रणालियों और स्मार्ट ग्रिड नियंत्रण केंद्रों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।



छात्रों को स्मार्ट ग्रिड नियंत्रण केंद्र का भी दौरा कराया गया, जहां उन्होंने कंपनी के दैनिक संचालन को देखा। भ्रमण का समापन एक प्रशिक्षण सबस्टेशन में हुआ, जहां उन्हें वास्तविक सबस्टेशन के कामकाज की जानकारी दी गई और सुरक्षा प्रोटोकॉल्स का महत्व समझाया गया। छात्रों ने इस भ्रमण को अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने का एक अनुपम अवसर माना। एनपीसीएल की इस औद्योगिक यात्रा ने विद्यार्थियों को विद्युत इंजीनियरिंग के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान किया। इस भ्रमण के सफल आयोजन के लिए डॉ. कीर्ति पाल (डीन), डॉ. एम. ए. अंसारी (एचओडी), डॉ. ओमवीर सिंह (यात्रा आयोजक) एवं इ. रवि कांत यादव जिनके नेतृत्व में यह भ्रमण संभव हुआ। एनपीसीएल के कर्मचारियों का भी धन्यवाद, जिन्होंने छात्रों के साथ अपना ज्ञान साझा किया और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। इस मौके पर शरद सिन्हा मुख्य श्रम संसाधन, संकेत श्रीवास्तव मुख्य पावर प्रबंधन, निखिल गर्ग, उप-महाप्रबंधक वाणिज्यिक, रोहित मिश्र, मुख्य रणनीति भी मौजूद रहे।

# 102 किलो की 63 वर्षीया महिला के घुटनों का हुआ सफल प्रत्यारोपण, फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा में हुई अनोखी सर्जरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के डॉक्टरों ने घुटनों में गठिया (ऑस्टियोआर्थराइटिस) और बो-लेग के कारण चलने में परेशानी और तेज दर्द से जूझ रही 63 साल की सुनीता, जिनका वेट 102 किलो था उनके दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण कर उन्हें नई जिंदगी प्रदान की है। ऑपरेशन के दूसरे दिन ही वह अपने पैरों पर चलने में सक्षम हो गई।इस महिला रोगी का अधिक वजन और बीमारी की वजह से चलने में बहुत दिक्कत होती थी। फोर्टिस ग्रेटर नोएडा के कंसल्टेंट ऑथोर्पेडिक्स डॉ. भरत गोस्वामी बताते हैं, "मरीज को दोनों घुटनों में ऑस्टियोआर्थराइटिस था। इस बीमारी में घुटने के जोड़ों के बीच के सुरक्षात्मक आवरण (कार्टिलेज) खराब हो जाते हैं। इसके साथ ही, इस महिला के पैरों में एक विकृति थी जिसके कारण उनके घुटने मुड़े हुए थे, जिन्हे बो-लेग कहा जाता है। इससे उनको काफी दर्द होता था और उनका चलना-फिरना बहुत मुश्किल हो गया था।"





**102 किलो का वजन, सर्जरी में था प्रमुख चुनौती**

डॉक्टर गोस्वामी आगे बताते हैं कि इतना अधिक वजन सर्जरी के लिए एक चुनौती थी, आमतौर पर ऐसे में घुटनों का प्रत्यारोपण करना मुश्किल होता है क्योंकि बोन की क्वालिटी आमतौर पर बहुत खराब होती है, मांस ज्यादा होता है और हड्डी कमजोर होती है। इससे ऑपरेशन में भी मुश्किल आती है। बीवीटी, फैट एम्बोलिज्म की संभावना बनी रहती है। साथी इस तरह के मरीजों को स्पेशल केयर की जरूरत पड़ती है।वह आगे बताते हैं कि महिला ने यहां आने से पहले और भी जगह सलाह ली थी जहां अधिक वजन की वजह से उन्हें सर्जरी के लिए मना कर दिया गया था, मैंने इसे चुनौती की तरह लिया और इस 63 वर्षीय महिला के दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण कर दिया। ऑपरेशन सफल रहा और वो तेजी से रिकवर कर? रहीं हैं, ऑपरेशन के बाद उनको थोड़ी सांस लेने में तकलीफ थी जिस वजह से उनको अस्पताल में कुछ दिन निगरानी में रखना पड़ा। हालत में सुधार आने पर उनके बेहतर होते स्वास्थ्य को देखते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**सीवियर ऑस्टियोआर्थराइटिस मुश्किल कर देता है चलना-फिरना**

घुटनों के सीवियर ऑस्टियोआर्थराइटिस पर बात करते हुए डॉ गोस्वामी ने बताया कि इन महिला मरीज के दोनों घुटनों में गठिया था।

यहां 'सीवियर' शब्द का मतलब ही है कि उनके घुटनों के जोड़ खराब हो चुके थे। ऐसे मामलों में दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण बेहद लाभदायक होता है। मरीज को दर्द और अकड़न में बहुत आराम मिलता है और वो फिर से चल-फिर पाते हैं। इससे मरीज उन गतिविधियों को दोबारा कर पाते हैं, जिन्हे घुटनों के दर्द की वजह से उन्होंने छोड़ दिया था। इससे मरीजों के जीवन जीने की गुणवत्ता में बहुत सुधार आता है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के सीईओ डॉ प्रवीण कुमार ने बताया, "इस मरीज को दोबारा चलने-फिरने में मदद करने में डॉ गोस्वामी की विशेषज्ञता और उनकी पूरी टीम के समर्पण पर हमें गर्व है। यह मामला इस बात का प्रमाण है कि हम जटिल आर्थपैडिक्स बीमारियों के रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।"

# शांति देवी कन्या विद्यालय रबूपुरा में दिव्यांग जुहा राशिद को स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** रबूपुरा क्षेत्र के तिरथली गांव की रहने वाली जुहा राशिद जो दिव्यांग है उसने दोनों हाथ न होते हुए भी हाई स्कूल की परीक्षा में महत्वपूर्ण अंक प्राप्त किए उसकी इस उपलब्धि पर शांति देवी कन्या विद्यालय रबूपुरा की प्रधानाचार्या अर्चना शर्मा व शिक्षक जब्बार अली सहित पूरे स्कूल स्टाफ ने स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया इसके अलावा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉपर्स स्टूडेंट को भी स्कूल ने सम्मानित किया इस सम्मान पर जुहा राशिद ने स्कूल मैनेजमेंट और टीचर्स का आभार व्यक्त किया है जुहा राशिद जो सोशल मीडिया में आजकल छाई हुई है क्योंकि उसके दोनों हाथ नहीं है दोनों घुटने नहीं है और तीन उंगलियां से सिर्फ वह काम चलाती है और अपना सारा काम खुद करती है इसके अलावा बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाती है उसकी इस उपलब्धि पर उसके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। जुहा राशिद की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है जिसे पढ़ना लिखना बहुत पसंद है वह पैरों से पेन पकड़कर लिखती है हालांकि बोर्ड परीक्षा में उन्होंने राइटर की मदद से पेपर दिया। जुहा राशिद का कहना है कि वह मोटिवेशनल स्पीकर बनना चाहती है आपको बताने कि जुहा राशिद का एक यूट्यूब चैनल है जिसके दो लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं वह चाहती है कि हमेशा वह खुद पर निर्भर रहे वह कहती हैं कि उसके माता-पिता है उसका हौसला बढ़ाया कहते हैं इंसान हौसले के दम पर सब कुछ हासिल कर सकता है इस बात को साबित कर दिखाया है जुहा राशिद ने जिन्होंने शत प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद आसमान को छुआ है जुहा के हाथ नहीं है घुटना भी नहीं है एक पैर में तीन उंगलियां हैं इन्हीं उंगलियों की मदद से वह लिखती है उसके पिता राशिद बताते हैं कि जुहा को व्हीलचेयर के जरिए वह स्कूल पहुंचाते हैं वह पढ़ाई के साथ-साथ डिजिटल तकनीक में बहुत तेज है और उसके पास मोबाइल भी एप्पल कंपनी का है वह यूट्यूब चैनल @zuha-rashid2023 के जरिए अपनी दैनिक गतिविधि और प्रेरणा वाले विचार रखती है इस चैनल के ढाई लाख सब्सक्राइबर हैं।



जुहा कहती है कि ईश्वर कुछ लेता है तो बहुत कुछ देता भी है उसका कहना है कि शारीरिक स्थिति व्यक्ति के इरादों और उसके लक्ष्य में बाधा नहीं बन सकती।

# कांग्रेसियों ने सांसद प्रज्जवल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत करने वाली महिलाओ के पक्ष मे राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** बीजेपी समर्थित जनता दल (स) के सांसद प्रज्जवल रेवन्ना के खिलाफ शिकायत करने वाली महिलाओ के पक्ष मे राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष राधा रानी ने कहा है कि दोषी सांसद को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए हम राष्ट्रपति को डीएम साहब के द्वारा ज्ञापन दे रहें हैं और उम्मीद कर रहे हैं की देश की बेटियों को न्याय मिलेगा, इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शाहिद भाई ने कहा है कि जिस तरह से सत्ताधारी पार्टी के सांसद सदस्य द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है वो बहुत ही निंदनीय है ।




# चौ.अजीत सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय पर हवन एवं चौधरी साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित,गरीब लोगों को बांटे फल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय ग्रेटर नोएडा पर सभी कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत किसान मजदूर अल्पसंख्यक के सच्चे हितेषी भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय पर हवन एवं चौधरी साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गरीबों लोगो को फल वितरण किया गए विचार गोष्ठी मैं राष्ट्र लोकदल के नेताओं ने चौधरी साहब के द्वारा किसान मजदूर के लिए कार्यों की चर्चा की इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि चौधरी साहब जब केंद्र में कृषि मंत्री थे किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड लागू कराकर गरीब एवं मजले किसानों को साहूकारों के कर्ज से मुक्ति दिलाई जो आज तक किसानों को लाभांशित करे हुए हैं ।




इस मौके पर एड. इंद्रवीर भाटी अजीत सिंह दौला,एड. प्रियंका अत्रि, विक्रम देव शास्त्री, हरवीर सिंह तालान, मनवीर भाटी, वीरेंद्र मलिक, जोगिंदर सिंह तालान, वीरेंद्र पूनिया, चौधरी सुबोध कुमार, निशांत भाटी, सुशील भाटी, मनोज चौधरी, विनोद प्रधान, जसवीर भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेंट जॉर्ज पंचायतन-ग्रेटर नोएडा के खिलाड़ियों ने खो-खो प्रतियोगिता में जीता पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** सेंट जॉर्ज पंचायतन-ग्रेटर नोएडा के खिलाड़ियों ने दिखाई खो-खो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा ब्रोंज मैडल जीतकर तीसरे स्थान पर किया कब्जा नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एज्यूकेशन धूम मनिकापुर- गौतम बुद्धनगर में आयोजित द्वितीय मिनी जूनियर खो-खो चैम्पियनशिप में सेंट जॉर्ज स्कूल ने सब जूनियर वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी कुशलता का परिचय देकर ब्रोंज मेडल पर कब्जा कायम करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया । इस प्रतियोगिता में सेंट जॉर्ज ने सब जूनियर वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया ।



विद्यालय पहुँचने पर सभी खिलाड़ियों का विद्यालय परिवार के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और निकट भविष्य के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं शुभाशीष दिया । इस अवसर पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक एवं सभी अध्यापकगणों और विद्यालय के प्रशासनिक विभाग के सदस्यों ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल हमें नेतृत्व करने का हुनर सिखाते हैं और भाई-चारे का संदेश देते हैं।अतः हमें अपने जीवन में खेल अवश्य खेलने चाहिए।

# "कुणाल शर्मा हत्याकांड को लेकर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह का सख्त कदम, लापरवाही बरतने वालों अधिकारियों व दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** जनपद गौतमबुद्धनगर की कोतवाली बीटा- क्क के अंतर्गत ग्राम नटों की मढैया, जहां कृष्ण कुमार शर्मा एक रेस्टोरेंट चलाते थे, से दिनांक 01 मई 2024 को उनके 15 वर्षीय बेटे कुणाल शर्मा का पहले अपहरण कर लिया जाता है और फिर हत्या कर दी जाती है, जिसका शव दिनांक 05 मई 2024 को बुलंदशहर स्थित गंग नहर में पाया जाता है। सम्पूर्ण घटना को लेकर सोमवार को दिनांक 06 मई 2024 को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार को सम्पूर्ण घटना से अवगत कराते हुए एक पत्र के माध्यम से उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि "कुणाल शर्मा प्रकरण में दोषी व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा संपूर्ण प्रकरण की एक उच्चस्तरीय जांच कराए जाने के साथ साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।"



**महफिल** — समृद्ध करते हैं महफिल ए बारादरी जैसे कार्यक्रम : डॉ. सरिता शर्मा

# बारादरी कर रही है साहित्य और चिंतन के संरक्षण का कामः योगेन्द्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** महफिल ए बारादरी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि व चिंतक योगेन्द्र दत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय साहित्य व संस्कृति में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि कवियों, शायरों की यह महफि ल भी हमारे साहित्य और संस्कृति की पहचान बन गई है। विश्व हास्य दिवस को केंद्र में रखकर उन्होंने कहा कि मंचों पर हास्य के नाम पर जिस तरह की फूहड़ता परोसी जा रही है उससे इतर बारादरी जैसे आयोजन गंभीर चिंतन के संरक्षण का काम करते हैं।

- विश्व हास्य दिवस पर कवियों व शायरों ने पेश की उत्कृष्ट रचनाएं
- फोटो जर्नलिस्ट कुलदीप लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 'बारादरी युगश्री सम्मान' से अलंकृत

नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने गीत की पंक्तियों 'कपिलवस्तु से श्रावस्ती तक, हाट, वीथिका से बस्ती तक, सहमा-सहमा नीति-न्याय है, जन साधारण निस्सहाय है !' और वर्तमान परिवेश के संदर्भ में 'आज इस डाल पर, कल किसी और पर, आप टिक ही न पाते किसी ठौर पर ! कल किसी के रहे, आज इनके हुए, आप ही अब बताएं कि किनके हुए' पर भरपूर दाद बटोरी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ. सरिता शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर वह समृद्ध हुई हैं। उन्होंने अपनी पंक्तियों 'हजार जान से कुर्बान भी है खफा-खफा है मेहरबानी है, मेरी उदास तबस्सुम का सबब वो जानता भी है और अनजान भी है' के अलावा 'मोहब्बत, प्यार, चाहत या वफा कुछ भी नहीं होता, न पैसा साथ होता तो यहां कुछ भी नहीं होता, गरीबी देख कर उनकी, बड़ी तकलीफ होती है, जिनके पास पैसे के सिवा कुछ नहीं होता' पर भरपूर दाद बटोरी। संस्था की संस्थापिका डॉ. माला कपूर 'गौहर' के अशआर 'उसे तो देख के खुद आईने संवरते हैं, किसी ने देखा कहां है उसे संवरते हुए। ऐ जिन्दगी तुझे इसका पता नहीं शायद, किसी ने जिंदा रखा तुझको रोज मरते हुए' भी भरपूर सराहे गए। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुलशन ने कहा 'दरख्त पर नए पत्ते जब आने लगते हैं, तो आशियां परिंदे बनाने लगते हैं। अगर ये नींद अनायास टूट जाती है, हम अपने ख्वाब की मिट्टी उठाने लगते हैं।'





मासूम गाज़ियाबादी की पंक्तियों 'मजे में है किसानों की कमाई बेचने वाला, फटे कंबल में सोता है रजाई बेचने वाला' पर भी खूब दाद मिली। सरवर हसन सरवर के इस शेर पर 'ये भी बहुत है कि तुमने वो ख्वाब देख लिए, हमारी आंखों में कब से खराब हो रहे थे' पर देर तक तालियां बजती रहीं। नेहा वैद के गीत की पंक्तियां 'बिन मौसम बरसात हाथ में ओले लिए हुए, सूख रहे हैं प्राण कृषक के लगते जिए हुए' भी सराही गई। वागीश शर्मा ने अपनी बात कुछ यूं कहीं 'जाने क्या सोचता रहता है, किस धुन में डूबा रहता है। मैं खुद ही नहीं समझ पाया ये किनमें खोया रहता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोनम यादव की सरस्वती वंदना से हुआ। सुरेन्द्र सिंघल, विपिन जैन, डॉ. तारा, पुष्पा गोयल, डॉ. वीना मित्तल, जगदीश पंकज, असलम राशिद, संजय जैन, बी. के. शर्मा 'शैदी', सुरेन्द्र शर्मा, संजीव निगम, इंद्रजीत सुकुमार, सोनम यादव, तुलिका सेठ, विनय विक्रम सिंह, आशीष मित्तल, डॉ. वीना शर्मा, अनुज गुरुवंशी, राम श्याम हसीन, देवप्रिया, सिमरन, उर्वी उदल की रचनाएं भी सराही गईं। कार्यक्रम का संचालन तरुणा मिश्रा और अनिमेष शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट कुलदीप को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 'बारादरी युगश्री सम्मान' से अलंकृत किया गया।

इस अवसर पर सुभाष चंदर, आलोक यात्री, पं. सत्यनारायण शर्मा, राधारमण, विमल कुमार, डॉ. सुमन गोयल, विश्वेंद्र गोयल, उपेंद्र गोयल, उत्कर्ष गर्ग, शिवम झा, तिलक राज अरोड़ा, अक्षयवर नाथ श्रीवास्तव, वीरेन्द्र सिंह राठौर, आभा बंसल, संजीव गुप्ता, कादंबरी गोयल जैन, राकेश सेठ, टेकचंद, फरहत खान व दीपाली सिंघल सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे ।

# मैनपुरी में शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ हुए दुर्व्यवहार के संबंध में जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन,की कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मैनपुरी शहर में सपा के मुखिया अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा देश के वीर पुरुष क्षत्रिय समाज शिरोमणी महाराणा प्रताप की मूर्ति का अपमान कर उनकी वीरता की पहचान क्षत्रिय की आनबान शान तलवार पर सपा का झंडा लगाकर जिस तरह का गलत व्यवहार किया गया है, शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह पंथियों को आहत व अपमानित किया है उससे समाज में काफी नाराजगी है जिस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ किया गया है वह बहुत ही अनुचित है शर्मनाक है।महाराणा प्रताप का नाम भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बहुत ही आदर के साथ लिया जाता है हर वर्ग उनके लिए अपनी आस्था रखता है । उक्त कृत्य की घोर निंदा के साथ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी के कार्यव्यवस्था के कार्यभार पर कार्य देख रहे सौरभ भट्ट एडीएम फाइनेंस के माध्यम से संस्थाओं को साझा कर ज्ञापन सौंपा गया। इस अपमान जनक कृत्य के लिए ज्ञापन के माध्यम से सद्भावना संरक्षण समिति,



अखिल भारतीय राजपूताना, निभा फाउंडेशन, शिक्षा से शिखर तक, व्यापार मंडल, बिग स्माइल फाउंडेशन, पूर्वांचल समिति, प्रयास एक आशा, निभा फाउंडेशन, परमार्थ सेवा संस्थान, उत्थान समिती, सेवा संघ, क्षत्रिय सेवा समिती, शिक्षा से शिखर तक सहित अन्य सामाजिक व्यक्तियों ने इसकी घोर निंदा करते हुए एवं इसके दोषियों को तत्काल पकड़ कर सख्त सजा की मांग की।

इस दौरान रनीता सिंह, प्रदीप चौधरी अतुल जैन, बाल किशन गुप्ता अनिल सांवरिया, पंडित अशोक भारतीय, राजू छाबड़ा संजीव लाहोरिया ,संदीप बंसल, रजनीश बंसल सुरेश महाजन प्रदीप सिसोदिया , निभा श्रीवस्तव, ठाकुर विजेंद्र सिंह भाटी, जयश्री सिन्हा, बीना सिमरन रंधावा, पूनम सिंह, मनोज कुमार, सतेन्द्र सिंह, सीपी सिंह, प्रमोद शिशौदिया, संतोष राणा, अनीता विश्वास, स्वाती चौरसिया, रजनी जोशी,रेहा डिमरी, उषा नेगी,जितेंद्र सिंह, आरती गौर ,मोनिका खोसला, रूपाली गुप्ता,ममता , सविता पांडे ,सीमा चौहान ,रेखा गोयल , महक मारवाह,सोमपाल सिंह भाटी ऋषिपाल सिंह भाटी सूरज पाल सिंह शीशपाल सिंह राणा अजीत सिंह राजकुमार सिंह भाटी नागेंद्र सिंह जयपाल सिंह लाखन सिंह किशन सिंह गॉड संजय सिंह भाटी आदि लोग मौजुद रहे।

# पति ने नहीं खरीदा कूलर तो महिला ने दे दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के सुदामापुरी में कूलर नहीं खरीदकर लाने पर जयभूषण और उनकी पत्नी मोनिका के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के छोटे भाइयों ने उसे फंदे से लटका देख शोर मचाया और नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।

एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मोनिका मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। शुरूआती जांच में सामने आया कि मोनिका पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहते हैं। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी रहते हैं। जयभूषण मजदूरी करते हैं।

उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है। मोनिका कमरे में काफी गर्मी होने की बात कहकर जयभूषण से कई दिनों से कूलर लाने की कह रही थीं। जयभूषण ने कुछ दिनों में कूलर की व्यवस्था करने के लिए कहा था। इसी बात पर रविवार सुबह दोनों के बीच झगड़ा हुआ और वह बाहर चला गया। उसके जाने के बाद मोनिका ने अपने दोनों भाइयों को भी बाहर भेज दिया।

# गंदे पानी पर फूटा लोगों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

**साहिबाबाद (आरएनएस)।** लोनी-भोपुरा रोड पर कोयल एंक्लेव स्थित एंड्रोमेडा प्लेनेट वन सोसायटी के लोगों ने रविवार को बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का दावा है कि सोसायटी में 800 से 3000 टीडीएस के पानी की आपूर्ति हो रही है। रोजमर्रा के काम में फ्लैट के लोग इतने टीडीएस पानी का उपयोग नहीं कर रहे है। आरोप है कि जिन लोगों ने मानक से ज्यादा वाले टीडीएस के पानी का इस्तेमाल किया तो उनके बर्तन व अन्य सामान खराब हो गए हैं।

सोसायटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 20 दिन से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। लोकसभा चुनाव के दिन भी मोटर खराब होने से लोगों को पानी नहीं मिल पाया था। इसके बाद जब मोटर सही हुई तो भी लोगों के घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थानीय निवासी ने बताया कि सोसायटी के 270 फ्लैट के लिए एक मोटर लगी हुई है। रोजाना पानी का टीडीएस जांच में 1500 से ज्यादा रहता है। मजबूरी में लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। इससे लोगों की जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जीडीए के उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं मिल रहा है। अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में अभय कुमार, विजेंद्र सिंह, उमेश जैन, संध्या जैन, अनीता शर्मा, संगीता सिंह, राजेंद्र शर्मा, डीके शर्मा, सुलोचना नौटियाल मौजूद रहे।

**गंदा पानी पीकर लोग हो रहे बीमार**

नरेश तोमर का आरोप है कि दूषित पानी पीकर लोग बीमार हो रहे है। लोगों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त, डायरिया सहित अन्य बीमारियों की शिकायत मिल रही हैं। किसी को स्किन एलर्जी तो किसी के बाल टूटने की समस्या हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं को है। उन्होंने बताया कि सोसायटी के कई लोगों ने आसपास के डॉक्टर से उपचार कराया। लोगों का कहना है कि सोसायटी में सीवर लाइन नहीं है। पानी और सीवर टैंक आसपास है, जिससे लोग दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे है।

**इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के लोगों को मिला गंदा पानी**

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के 10 हजार लोगों को चौथे दिन रविवार को भी गंदा पानी मिला। लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश ने बताया कि बृहस्पतिवार से ट्यूबवेल खराब होने की वजह से लोगों के घरों में पानी नहीं मिल रहा था।

# साइट चार इंडस्ट्री एरिया में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की 18 गाड़ियां मौजूद रहीं

**साहिबाबाद (आरएनएस)।** लिंकरोड थाना क्षेत्र के महाराजपुर में रविवार रात करीब नौ बजे पहाड़पुर कूलिंग प्लांट में भीषण आग लग गई। फैक्टरी में बिजली के उपकरण को ठंडा करने वाले कूलिंग टॉवर और फाइबर टीन बनाने का काम होता है।

सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद की टीम और दमकल की गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। लिंकरोड पुलिस ने लाउडस्पीकर से एनाउंस कर कर्मचारियों को बाहर निकलने के लिए कहा। देररात आग की ऊंची-ऊची लपटें निकलती रहीं। आग से लगातार हो रहे धमाकों की गूंज से लोगों में अफरातफरी मची रही। आग पर काबू पाने के लिए नोएडा और आसपास के जिलों से दमकल की गाड़ियां मंगाई गईं।पहाड़पुर कूलिंग प्लांट के हेड संजय गर्ग ने रविवार को छुट्टी का दिन होने की वजह से फैक्टरी परिसर में सुरक्षा के लिए दो- तीन लोग मौजूद रहते हैं। रात करीब नौ बजे सुरक्षाकर्मी जैसे ही खाना खाने के लिए में गेट के पास कमरे पर पहुंचे तो अचानक से ब्लेड प्लांट में तेज धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली कि वह भीषण रूप लेकर अन्य प्लांट में भी पहुंच गई। कूलिंग प्लांट में केमिकल के ड्रम में आग लगने से चारों ओर काला धुआं फैल गया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत साहिबाबाद फायर स्टेशन को आग की सूचना दी। साहिबाबाद स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसी बीच लिंकरोड थाना अध्यक्ष प्रीति सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं। आग की सूचना फैलते ही महाराजपुर के तमाम लोग सड़क किनारे इकट्ठा हो गए जबकि आसपास कॉलोनी में रहने वाले फैक्टरी के कर्मचारी भी मदद के लिए पहुंचे। आग की बढ़ती लपटों को देखते हुए पुलिस ने आसपास की फैक्टरियों से सामान खाली करा दिया और लोगों को दूर रहने के लिए कहा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बागपत, मेरठ, हापुड़ और नोएडा के अलावा जनपद के तमाम स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां मौके पर बुला लीं। 100 से अधिक दमकल कर्मी देर रात तक आग बुझाने में लगे रहे। आसपास के इलाकों से पानी के टैंकर बुलाए गए।

थाना अध्यक्ष प्रीति सिंह और महाराजपुर चौकी इंचार्ज जाहिद खान व अन्य पुलिस कर्मियों ने केमिकल के ड्रम में आग लगने से पहले उन्हें बाहर निकलवा लिया। रात 12 बजे तक आग बुझाने के लिए 20 से अधिक गाड़ियां और पहुंच चुकी थीं।

**क्रेन और गाड़ियों में लोड कराया सामान**

फैक्टरी में आग लगने के दौरान आसपास इलाकों में रहने वाले कर्मचारी पहले से तैयार टीन शेड और अन्य सामान को निकालने में जुटे रहे।

फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया कि आग लगने के बावजूद जो सामान बच गया था उसे 10 और 11 नंबर प्लांट में भेजवा दिया गया। हालांकि फैक्टरी प्रबंधन ने आग लगने से हुए नुकसान को नहीं बताया है। उन्होंने करोड़ों में नुकसान होने की बात कही है।

**आसपास की फैक्टरियों में आग फैलने से उड़े होश :**

कूलिंग प्लांट की फैक्टरी में आग इतनी भीषण थी कि पुलिस और दमकल अधिकारियों के बराबर की अन्य फैक्ट्रियों में आग फैलने की आशंका से होश उड़ गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने फैक्टरी के तीन तरफ से दीवार तुड़वाकर आग बुझाने का काम कराया। इस दौरान एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय, एसडीएम अरुण दीक्षित भी मौके पर पहुंच गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल का कहना है कि आग पर काबू पाने के लिए बागपत, हापुड़, बुलन्दशहर, मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद के सभी स्टेशन से 20 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग कैसे लगी इसका कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

# सरकारी कैंटीन में युवक को गोली मारने वाले 3 गिरफ्तार

**लोनी (आरएनएस)।** बस डिपो लोनी की सरकारी कैंटीन पर खाना खाने के दौरान हुए झगड़े में युवक को गोली मारने के मामले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, कारतूस और दो चाकू बरामद हुए हैं। घायल युवक का अभी भी

**आरोपी कुछ दिनों पहले ही मेरठ में एक रिश्तेदार के यहां छिप गए थे**

इलाज चल रहा है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि बीते सोमवार को दिल्ली सहारनपुर मार्ग लोनी बस डिपो की सरकारी कैंटीन में गौरव शर्मा को सात गोली मारी गई थी। मामले में गौरव की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को सेवाधाम अंडरपास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम निखिल निवासी पंचवटी कॉलोनी, पूरन निवासी



राजपुरी कॉलोनी और दीपक यादव उर्फ भवानी निवासी राजनगर कॉलोनी बताए हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 29 अप्रेल की रात को लोनी बस डिपो पर निखिल व पूरन खाना खाना रहे थे। तभी गौरव शर्मा भी अपनी महिला मित्र के साथ खाना खाने आ गया। निखिल और पूरन एक दूसरे को गोली दे रहे थे।

गौरव शर्मा ने अचानक पूरन को थप्पड़ मार दिया, जिससे निखिल भागकर अपने दोस्त दीपक उर्फ भवानी को बुलाकर ले आया। भवानी ने पिस्टल से गौरव पर कई राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद घायल गौरव को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को अंजाम देकर तीनों मौके से फरार हो गए।

**पुलिस ने दबिश दी, तो हरिद्वार भागे**

एसीपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके और रिश्तेदारों के घर पर पुलिस दबिश दे रही थी। आरोपी बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। आरोपी कुछ दिनों पहले ही मेरठ में एक रिश्तेदार के यहां छिप गए थे। पुलिस टीम मेरठ भी पहुंची तो आरोपी दो दिनों तक एक रेलवे स्टेशन के बाहर रूके थे। फिर हरिद्वार पहुंचे।

# वाहन चुराने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी, बाइक बरामद

**लोनी (आरएनएस)।** पुलिस ने गुरुद्वारा रोड से चेकिंग के दौरान रविवार सुबह वाहन चुराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। वहीं, टीम ने नहर रोड बेहटा से भी चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को इनसे चोरी की स्कूटी और बाइक बरामद हुई है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा



ने बताया कि रजनीश निवासी राजीव गार्डन और आमिर निवासी बेहटा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने स्कूटी दिल्ली से चोरी की थी।

बेहटा नहर पुलिया रोड से पुलिस ने योगेश और विकास निवासी प्रेम नगर कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई है।

# ईवीएम को गोविंदपुरम के अनाज मंडी में रखा गया है, यहां बड़ी संख्या में मच्छर कर रहे तंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ईवीएम बचाने बैठे, उन्हें मच्छर से कौन बचाए, लोकसभा चुनाव में मतदान के वाद ईवीएम की सुरक्षा करना नेताओं और कार्यकर्ताओ के लिए चुनौती वना हुआ है। ईवीएम की सुरक्षा के साथ उन्हें मच्छरों से खुद की भी रक्षा करनी पड़ रही है। ईवीएम को गोविंदपुरम के अनाज मंडी में रखा गया है। ईवीएम में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न होने पाए, इसलिए पार्टियों के नेता नियमित रूप से वहां डेरा डाले हुए हैं। दिन में तो नेताओं का टाइम कट जाता है, लेकिन रात गुजारनी मुश्किल है। कारण, वहां काफी मच्छर हैं।

कांग्रेस नेता आशुतोष गुप्ता ने बताया कि ईवीएम की रखवाली के लिए बैठे लोगों को रात के समय मच्छरों की वजह से वहुत अधिक दिक्कत होती है। वहीं, सपा नेता राहुल चौधरी का कहना है कि रात में ईवीएम की रखवाली के लिए बैठे कार्यकताओं को मच्छरों से होने वाली वीमारी का डर सता रहा है। रात में वहां बैठना मुश्किल हो जाता है।

एक मच्छर रखवाली को मुश्किल बना देता है। गोविंदपुरम के अनाज



मंडी में ईवीएम से छेड़छाड़ न हो, इसलिए नेताओं ने डाला है डेरा..

दिन में तो नेताओं का समय कट जाता है, लेकिन मच्छरों के कारण रात बितानी मुश्किल प्रशासन की तरफ से फॉगिंग भी नहीं कराई जा रही है। जबकि, इसके लिए कई वार मांग की जा चुकी है। इलेक्शन ऑफिसर संतोष कुमार राय ने बताया कि गोविंदपुरम मंडी में ईवीएम की रखवाली रात के बजाय दिन में ड्यूटी को प्राथमिकता बताया जा रहा है कि अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ता और नेता रात के बजाय दिन में ड्यूटी लगवाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। क्योंकि, रात में मच्छरों ने वहां ठहरना मुश्किल कर दिया है। लोग मच्छरों से बचाव के लिए वहां कई तरह के उपाय भी कर रहे है। लेकिन, जगह खुले में होने से वह अधिक कारगार साबित नहीं हो पा रहे हैं। संचारी रोग के खिलाफ चल रहा है।के लिए बैठे नेताओं की डिमांड को देखते हुए नगर निगम के माध्यम से फॉगिंग कराई गई है। दोवारा फागिंग कराने के लिए कहा जाएगा ताकि नेताओं को दिक्कत न हो। अभियानः पिछले दिनों मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट में मीटिंग कर सभी विभागों को संचारी रोग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। मच्छरों से फैलने वाले संचारी रोग कई तरह के होते है। इनमें डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया आदि हैं। नेताओं और कार्यकताओं को इन्हीं सब बीमारियों का डर सता रहा है।

# अस्पताल में भर्ती युवक के घर का ताला तोड़कर गहने और नकदी चोरी

**खोड़ा (आरएनएस)।** इंदिरा गार्डन में चोरों ने अस्पताल में भर्ती युवक के घर का ताला तोड़कर गहने, नकदी और लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के 15 दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

शिकायतकर्ता अनीता बिष्ट ने बताया कि उनके भाई मनीष 16 अप्रैल से कौशांबी के निजी अस्पताल में भर्ती थे। चोरों ने 19 अप्रैल की रात ताला तोड़कर



लैपटॉप, पत्नी के कानों के कुंडल, सोने और चांदी के जेवरात व नकदी के अलावा अन्य सामान चोरी कर लिया। कुछ दिनों बाद वह भाई के घर गईं तो अलमारी का सामान बिखरा था जबकि मेन गेट का तला टूटा था। उनका कहना है कि रविवार सुबह भाई को अस्पताल से छुट्टी मिली। घर में जांच करने पर चोरी हुए सामान का पता चलेगा। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं। चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# बीबीए में फेल होने पर छात्रा ने रस्सी का फंदा लगा दी जान

**मुरादनगर (आरएनएस)।** बीबीए में फेल होने पर छात्रा ने पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। असालतनगर गांव निवासी दिव्या(19) पुत्री विनोद वाल्मीकि दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एक शिक्षण संस्थान में बीबीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। बताया गया है कि कुछ दिन पहले बीबीए का रिजल्ट आया था, इसमें दिव्या फेल हो गई थी, उसके बाद से वह परेशान चल रही थी। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे दिव्या ने पंखे से रस्सी का फंदा लगा लिया। परिजनों ने उसे नीचे उतरा और स्थानीय अस्पताल ले गये, गंभीर हालत में उसे गाजियाबाद रेफर किया गया। जहां छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। एसीपी ने बताया कि गाजियाबाद अस्पताल से मिले मीमो के बाद छात्रा की मौत की जानकारी हुई। मौके पर पुलिस ने जांच शुरू की। परिजनों ने बताया कि बीबीए में फेल होने पर दिव्या ने आत्महत्या की है।

**आयोजन**

**इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ**

# 'दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान' द्वारा 'दिव्य धाम आश्रम', दिल्ली में 'मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम किया गया आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में डीजेजेएस द्वारा आयोजित मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम ने भक्तों को ध्यान और आध्यात्मिक परिवर्तन के मार्ग पर पुनः दृढ़ किया भक्तों में आध्यात्मिक ज्ञान, प्रेम, सद्भाव और भक्ति की भावना को जागृत करने हेतु ह्यदिव्य गुरुदेव आशुतोष महाराज (संस्थापक व संचालक, डीजेजेएस) के तत्वावधान में 'दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान' द्वारा 'दिव्य धाम आश्रम', दिल्ली में 'मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारम्भ वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। तदोपरांत, भावपूर्ण-सुमधुर भजनों ने संपूर्ण वातावरण को दिव्य बना दिया। डीजेजेएस के प्रचारकगणों ने मार्मिक व प्रेरक प्रवचन दिए, जिन्होंने आध्यात्मिक पथ पर भक्ति और निरंतर ध्यान के महत्व को स्पष्ट रूप से समझाया।डीजेजेएस प्रतिनिधियों ने विस्तृत रूप से समझाया किअध्यात्म-पथ की यात्रा के दौरान एक साधक को मार्ग में विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जो उसके भीतर संदेह और अनिश्चितता जैसी भावनाओं को उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। परन्तु इस परीक्षा के समय में हमें अंतमुर्खी हो जाना चाहिए अर्थात ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान साधना, प्रार्थना और भक्ति से जुड़ जाना चाहिए। ऐसा करके हम आत्मिक शक्ति को जागृत कर इन सभी बाधाओं को आध्यात्मिक विकास और स्वनिर्माण के अवसरों में






परिवर्तित कर सकते हैं।दिव्य गुरुदेव आशुतोष महाराज के शिष्यों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक सच्चा 'शिष्य' निःस्वार्थ भाव से गुरु और गुरु के मिशन की सेवा करता है। वह अपना समय, प्रतिभा और संसाधन जन-कल्याण के लिए अर्पित करता है। 'सेवा' के माध्यम से वह मानवता के उत्थान में योगदान देते हुए, गुरु के आदर्शों और उनके लक्ष्य के प्रति अपना समर्पण व कटिबद्धता व्यक्त करता है। अंत में प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना को सबके भीतर स्थापित करने हेतु सामूहिक ध्यान सत्र भी रखा गया।इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तों ने भरपूर रूप से अपने भीतर प्रेरणाओं को संजोया। साथ ही दिव्य गुरु के मार्गदर्शन में अपनी भूमिका निभाने का दृढ़ संकल्प भी लिया।

# जीएस रिसर्च सेंटर की ओर से केंसर की पहचान के लिए कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** जी.एस. केंसर रिसर्च इंस्टिटयूट ओर श्री बांके बिहारी डेंन्टल



कॉलेज एंड रिसर्च सेन्टर गजियाबाद के साथ डॉ0 गगन खेरा के पर्यवेक्षण में ओरल केंसर एवं केंसर की पहचान के लिए ऑन्कोलोजिस्ट से कब मिल पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई। श्री बांके बिहारी डेंन्टल कॉलेज एंड रिसर्च सेन्टर के प्रधानाचार्य ने अपना संदेष लोगो तक पहुंचाया।

डॉ0 नमन उत्तरेजा (रेडिएषन ऑन्कोलोजीस्ट) ने ओरल केंसर से मुंह, गला, जबड़े, ओर दांतों को होने वाले नुकसान एवं केंसरग्रस्त हिस्से को निकालने की प्रक्रिया ओर केंसर को बढ़ने से रोकने की जानकारी दी। डॉ0 उत्तरेजा ने बताया कि सही समय पर पहचान होने पर केंसर को न केवल रोका जा सकता है अपितु एक प्रभावकारी उपचार के साथ समाप्ति की तरफ भी अग्रसर किया जा सकता है।

जी.एस के उपनिदेशक मनोज शिसोदिया ने बताया कि जी.एस. अस्पताल एक लंबे समय से सभी प्रकार के रोगियों को प्रभावकारी एवं त्वरित उपचार पहुंचाने में सफल रहा है। कार्यक्रम में डीन डॉ. सुन्नदा रॉय चौधरी एवं डॉ षोरभ जुनेजा एचओडी ओरल पैथोलॉजी, डॉ अमित बधावन एचओडी पीरियोडोन्टिकस, डॉ उपासना सेठी एचओडी ओ.एम.आर.डी, डॉ. मानवी एचओडी पेडोडोन्टिकस, डॉ. अनुभव एचओडी पीएचडी डीपार्टमेंट व सभी फेक्लटी, पोस्ट ग्रेजुएट छात्र एवं इन्टनर्स हेड भी उपस्थित रहें।

# कब्रिस्तान में गोवंश के अवशेष की सूचना पर पहुंचे अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता और पुलिस प्रशासन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** नगर के मौहल्ला 12 खम्बों के निकट शेखों के कब्रिस्तान में एक गाय के कुछ अवशेष मिले और एक गाय मृतक पड़ी मिली। घटना का कब्रिस्तान के आसपास रहने वाले लोगों से जानकारी करी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, ने नगर पालिका की जेसीबी मशीन व ट्रेक्टर मगवा कर गाय के अवशेष व मृतक गाय को ट्रेक्टर में डाल कर नगर पालिका की जगह पर गढ्ढे करवा कर गाय का अंतिम बात की है पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस किसी ने भी ये काम किया है उसको जल्द से जल्द पकड़ कर कार्यवाही की जायेगी। कब्रिस्तान में गोवंश के अवशेष मिले गोवंश के अवशेष की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई अवशेष को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। शिकारपुर







पता लगते ही शिकारपुर सीओ शोभित कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुवेर्दी, कस्बा इंचार्ज शुभम चौधरी, नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, मौके पर पहुंची। सीओ शोभित कुमार, कोतवाल राजेश चतुवेर्दी, ने संस्कार कराया पुलिस प्रशासन ने पशु चिकित्सा से डाक्टर बुलाकर अवशेषों को लेव में जांच के लिए भेजा गया।

अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने की सीओ शोभित कुमार, ने घटना पर अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ लोग नगर का माहौल बिगाड़ना चाहते है जो भी दोषी होगे उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# लोकसभा चुनाव-2024: चुनाव प्रचार की पिच पर योगी का शतक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर 'अबकी बार-400 पार' में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा आधार बनेगा। इसी उम्मीद के साथ यहां की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए कप्तान योगी आदित्यनाथ निरंतर

- **27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन से शुरू किया था चुनाव प्रचार, 37 दिन में 100 स्थानों पर किया जनसंवाद**
- **73 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक में भी कार्यकर्ताओ का किया मार्गदर्शन**

धुआंधार रैलियां कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ 27 मार्च को प्रबुद्ध सम्मेलन से चुनावी पिच पर उतरे थे और महज 37 दिन (छह मई) में उन्होंने 100 स्थानों पर जनसंवाद करते हुए सोमवार को शतक लगा दिया। इसमें 73 जनसभाएं, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक शामिल है। वहीं उत्तर प्रदेश के अलावा 'बुलडोजर बाबा' ने महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा व दो रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल-छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को भी संबोधित किया।

**19 दिन में 50 और 37 दिन में 100 स्थानों पर जनसंवाद**

'अबकी बार-400 पार के लिए' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सारथी के रूप में योगी आदित्यनाथ निरंतर रैली, रोड-शो, जनसभा, प्रबुद्ध सम्मेलन कर रहे हैं। महज 19 दिन के भीतर (चैत्र नवरात्रि की अष्टमी) ही योगी आदित्यनाथ ने 50 स्थानों पर संवाद साध लिया था। 27 मार्च से छह मई तक चुनाव प्रचार के 41 दिन हो चुके, जिसमें से 37 दिन योगी आदित्यनाथ ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए विभिन्न राज्यों व उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों में पहुंचकर जनसंवाद किया। इसके अतिरिक्त वे गोरखपुर में रामनवमी, चैत्र नवरात्र व कन्या पूजन में भी शामिल हुए। साथ ही पार्टी की बैठकों व कार्यक्रमों का भी हिस्सा बने।

**73 जनसभाएं, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन,10 रोड शो व लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक कर सहेजा**

भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। उन्होंने 37 दिन में भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के लिए 73 जनसभाएं कीं। 15 प्रबुद्ध सम्मेलन किए। वाराणसी व गोरखपुर जैसी महत्वपूर्ण सीटों (एक जून को वोटिंग) के लिए लोकसभा संचालन समिति की बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ और अकेले भी उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में दस से अधिक रोड शो किया। जहां-जहां भी गए, हर जगह योगी-योगी की गूंज गुंजायमान रही।



योगी आदित्नाथ उत्तर प्रदेश का बखूबी दायित्व संभालने के साथ गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका का भी निर्वहन करते हैं। नवरात्रि में उपवास के बावजूद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कई सीटों पर रैलियां कीं। बिना थकान वे निरंतर प्रत्याशियों का हाथ थामे हुए हैं। चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर पूजन में शामिल भी हुए तो अष्टमी की सुबह मंदिर में पूजा-पाठ के बाद प्रचार-प्रचार के लिए पश्चिमी उप्र के तीन लोकसभा सीटों पर भी गए थे। उन्होंने पीएम के गले में पड़ने वाली 80 मनकों की माला में यहां से भी योगदान का आह्वान किया।

**आठ राज्यों में कर चुके चुनाव प्रचार**

37 दिन में योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त आठ राज्यों में भी भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। बुलडोजर बाबा ने महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा व दो रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल-छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को भी संबोधित किया। उप्र के बाहर योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी,पूर्व केंद्रीय मंत्री व कद्दावर नेता एसएस अहलूवालिया, छत्तीसगढ़ की कोरबा सीट से सरोज पांडेय, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आदि नामचीन, कद्दावर व बड़े नेताओं के लिए भी रैली/रोड शो किया।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी के छात्र संगम कुमार का एशियन यूथ गेम्स में हुआ चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड एलाइड साइंसेज के छात्र संगम कुमार सिंह को आईजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आगामी एशियन यूथ गेम्स, 2024 के लिये भारतीय टीम में चुना गया है। संगम कुमार सिंह शालीमार गार्डन गाजियाबाद के रहने वाले है। एशियन यूथ गेम्स 21 से 26 जून 2024 को आयोजित किए जाएंगे और 42 देशों के खिलाडी इसमें भाग लेंगे। संगम कुमार सिंह बीपीटी के द्वितीय वर्ष के होनहार और प्रतिभाशाली होने के साथ मेहनती छात्र है। खेल के अलावा वह अपनी पढाई पर भी ध्यान देते हैं। कॉलेज एवं विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उनका प्रदर्शन हमेशा सराहनीय रहा है। उन्होने पहले भी कई टेनिस टूर्नामेंट जीते हैं और कॉलेज का नाम रौशन किया है। संगम ने अपने कोच विपिन देव एवं आशीष जैन को उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए किये गए निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और अपनी पढ़ाई में सहयोग और मार्गदर्शन के लिए अपने सभी शिक्षकों एवं डॉ एम थंगराज



प्रिंसिपल-आईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड एलाइड साइंसेज के प्रति आभार एवं धन्यवाद दिया।

संगम ने आईटीएस दी-एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चढडा को खेल के क्षेत्र में छात्रों को बढावा देने के साथ सभी सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में अभ्यास का अवसर प्रदान करने के लिये धन्यवाद किया। आरपी चढडा चेयरमैन एवं वाईस चेयरमेन अर्पित चढडा ने संगम को उसकी इस महान उपलब्धि पर बधाई दी और आगामी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी।

# भारत विकास परिषद भारत रत्न द्वारा मासिक यज्ञ का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भारत विकास परिषद विकास रत्न शाखा द्वारा सत्र 24/25 के द्वितीय माह मे आयोजित होने वाला मासिक यज्ञ व गौ सेवा का कार्यक्रम लाला प्रेम शंकरपंचायती गौशाला पर किया गया। जिसमें मुख्य यजमान कृष्ण कुमार व बीना गोयल, निशिकांत माहेश्वरी, सुमन महेश्वरी सपरिवार रहे।



यज्ञ में राजपाल सिंह आर्य, विपिन अग्रवाल, राम भूषण गोयल, राकेश सिंघल, लक्ष्मी मित्तल, राकेश गुप्त, सुशील मित्तल, अजय कुमार गोयल, सुशील कुमार अग्रवाल, आशीष सिंघल, अंकित मित्तल, संजीव गर्ग, पूनम आदि लगभग 40 सदस्य उपस्थित रहे।

# तीसरे चरण में और मजबूत होगी भाजपा की बढ़त

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में भाजपा को पिछले दो चरणो की तरह एक बार फिर विपक्ष पर बढ़त हासिल करने का भरोसा है। तीसरे चरण में मंगलवार को प्रदेश की कुल 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। इन 10 सीटों (संभल, बरेली,बदायूं, एटा, आंवला, फतेहपुर सीकरी, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी और आगरा) पर सभी प्रत्याशी भाजपा से होंगे। इन उम्मीदवारों के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा जमकर चुनाव प्रचार किया गया है। इन रैलियों व जनसभाओं में सीएम योगी ने राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थी वर्ग से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। इन दस सीटों पर 2017 से 2024 के बीच डबल इंजन सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि हो या कन्या सुमंगला योजना, पीएम स्वनिधि योजना से लेकर उज्वला योजना तक दर्जनों योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति और महिला तक पहुंचाया है। बिना लीकेज जन-जन तक पहुंची योजनाओं के लाभार्थियों का रुझान भी एनडीए की ओर है। मंगलवार को यह लाभार्थी वर्ग पीएम मोदी के 400 पार और सीएम योगी के 80 में 80 के संकल्प को पूरा करने के लिए ईवीएम पर कमल का बटन दबाएगा।

**मंगलवार को प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर होगा मतदान, लाभार्थी वर्ग के आगे विपक्ष होगा चारों खाने चित**

**करीब 1.5 लाख आवासों का किया वितरण**

यदि सिर्फ इन 10 लोकसभा सीटों की बात करें तो किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओं का बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। इसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि के तहत यहां 24,35,533 किसानों के खातों में धनराशि हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इन 10 सीटों पर 2017 से 2024 के बीच कुल 1,47,352 आवास वितरित किए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास भी शामिल हैं। यही नहीं,इन लोकसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 23,28,799 शौचालयों का निर्माण कराया गया है, जिनमें व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के शौचालय शामिल हैं। 6.5 लाख महिलाओं और 1.15 लाख वृद्धजनों को पेंशन का लाभ प्रदेश में योगी सरकार ने निराश्रित, वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। इसी क्रम में इन 10 सीटों पर 6,41,702 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिसमें एक हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह, 11,40,101 वृद्धजनों को सरकार की ओर से इन सीटों पर वृद्धावस्था पेंशन का लाभ भी मिल रहा है। वहीं 1,14,926 दिव्यांगों को दिव्यांगजन पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त इन 10 लोकसभा सीटों पर 37,249 बेटियों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया गया है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | निविदा सं0 | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245867 | रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक, चालित वायु कंप्रेसर, 300 सीएफएम, 10 किग्रा / सेमी2 | 02 नग | 03.06.2024 |
| 2. | 93245431 | तीन (03) वर्ष की वारंटी के साथ हैंड हेल्ड स्कैनर की आपूर्ति और स्थापना। हैंड हेल्ड स्कैनर का विस्तृत विवरण अनुलग्नक संलग्न है। | 42 नग | 03.06.2024 |
| 3. | 93245466ए | 10 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 08 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 20 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 05 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 50 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन / संस्करण / संशोधन के साथ जीआर / सीयूजी–01 / 03एयूजी 2003। | 04 किलोमीटर | 03.06.2024 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।
टेंडर नोटिस सं0–93245867, 93245431, 93245466 दिनांक :– 06.05.2024 1364/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**तीखा हमला** मुख्यमंत्री ने कांग्रेस,सपा और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

# रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में : योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर

- **बोले सीएम, इंडी गठबंधन का रामद्रोही आचरण ही इन्हें रसातल में ढकेलने का काम कर रहा**
- **पीएम मोदी परम राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं : योगी**
- **जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त**

मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।

**जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है**

कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा।

**जाके प्रिय न राम-बदैही...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि "जाके प्रिय न राम-बदैही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥" उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है। वह



कितना भी प्रिय हो उसे त्याग देने में ही देश और रामभक्तों का हित है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है।

**जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की कल अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के दर्शन को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करेगा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक क्लिप काफी चर्चा में थी। क्लिप में दिखाया गया कि तेलंगाना राज्य में एक गरीब सब्जी विक्रेता सडक के किनारे अपनी छोटी सी दुकान लगाए बैठी थी।

तभी एक रईसजादे ने उसके पीछे अपनी महंगी गाड़ी को कुछ इस तरह से पार्क कर दिया कि महिला की साड़ी का पल्लू गाड़ी के पिछले पहिये के नीचे दब गया। कुछ ही क्षण बाद जैसे ही महिला को इस बात का पता चला, तो वो गाड़ी मालिक से दुहाई करने लगी पर उसने एक न सुनी और एक भवन के अंदर चला गया। मजबूरी में उस महिला ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने भी काफी प्रयास किया कि उसकी साड़ी का पल्लू किसी तरह से पहिये से मुक्त हो जाए। लेकिन पुलिस जो उपाय खोजा वह काफी सराहनीय है। पुलिस ने एक मिस्त्री बुलाया और गाड़ी में जैक लगा कर महिला के पल्लू को मुक्त करवा दिया। परंतु तेलंगाना की पुलिस ने इस मनचले को सबक सिखाने की भी सोची। पुलिस वाले उस गाड़ी के पहिये को उतरवा कर अपने साथ पुलिस थाने ले जाने लगे। जैसे ही गाड़ी का पहिया उतारा जा रहा था तभी वो मनचला हड़बड़ाता हुआ बाहर आया। पुलिस के इस एक्शन पर घबराहट में उनके पैरों में गिरने लगा। माफी मांगने लगा। परंतु पुलिस ने उसकी एक न सुनी और पहिया उतार कर अपने साथ थाने ले गई। इस बिगड़े मनचले के पास सिवाय अपना सर खुजाने के और कोई उपाय न था। शायद वो इस तरह से गाड़ी पार्क करने से पहले इंसानों की तरह सोचता तो ऐसा न होता। परंतु पैसे के घमंड में चूर इसे कुछ दिखाई नहीं दिया। यदि यहां पुलिस उस व्यक्ति से उलझती तो वो अवश्य अपने पैसे और रु तबे की धौंस दिखाता। गौरतलब है कि इस पूरे वीडियो को सोशल मीडिया पर ह्यस्क्रिप्टेड वीडियोह्ल या नाटकीय वीडियो कहा जा रहा है। परंतु जो भी हो वीडियो डालने वाले ने जो संदेश देना चाहा वह देश के अन्य राज्यों की पुलिस के लिए एक अच्छा उदाहरण बना। चुनावों के मौसम में तेलंगाना के इस वीडियो क्लिप से भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सोशल मीडिया पर शायद ही कोई राजनैतिक पार्टी होगी जिसने अपने चुनावी भाषण में किसी न किसी तरह से आचार संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के नियमों का उल्लंघन न किया हो। परंतु जिस तरह चुनाव आयोग एकतरफा कार्रवाई करते हुए दिखाई दे रहा है, उससे तो यही लगता है कि दोहरे मापदंड अपना रहा है। ईवीएम और वीवीपैट को लेकर चुनाव आयोग पहले से ही विवादों में है। चुनावी भाषणों को लेकर आयोग की एकतरफा कार्रवाई एक बार फिर से पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषण और उनके बाद नियुक्त हुए कुछ चुनाव आयुक्तों की याद दिलाती है, जो नियम-कायदों के पक्के माने जाते थे। चुनावों के मौसम में कोई राजनैतिक दल, चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, चुनाव आयोग से कभी नहीं उलझता था। परंतु बीते कुछ वर्षो में जिस तरह चुनाव आयोग की जगहंसाई हुई है उससे प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रहा। फिर वो चाहे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों की अनसुनी हो या किसी बड़े राजनैतिक दल द्वारा किए गए उल्लंघन की अनदेखी हो। चुनाव आयोग विवादों में बना ही रहा। जब भी कभी कोई प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, तो उसका संचालन करने वाले शक के घेरे में न आएं इसलिए प्रतियोगिता के हर कृत्य को सार्वजनिक किया जाता है। आयोजक इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उन पर पक्षपात का आरोप न लगे। इसीलिए जब भी कभी आयोजकों को किसी कमी की शिकायत की जाती है या उन्हें कोई सकारात्मक सुझाव दिए जाते हैं तो यदि वे उन्हें सही लगें तो वे उन्हें स्वीकार लेते हैं। उन पर पक्षपात का आरोप भी नहीं लगता। ठीक उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव हैं।

# विश्वगुरु की साख के खिलाफ हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे!



मनोज कुमार अग्रवाल

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वायरल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।एचडी रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है जबकि प्रज्वल रेवन्ना के लिए रेडकार्नर लुकाउट नोटिस जारी किया गया है।

यह मामला आजादी के 75 साल के इतिहास में किसी राजनीतिक द्वारा किया गया सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल है जिसकी सीडी एक बेहद घटिया घिनौनी बर्बर दरिंदगी का हवाला दे रही है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है। बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है? गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह साक्षी महाराज या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद प्रज्वल रेवन्ना हों, सब किरदारों पर एक ही जैसे महिला शोषण दरिंदगी के अत्यंत गंभीर आरोप लगे हैं । पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। आप को बता दें कि सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने सहयोगी? को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है।उनके इस बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक... सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे। कुकर्म दबंगई करने वाला नेता संदेश खाली का शेख शाहजहां हो या कर्नाटक का पूर्व पीएम का पोता प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे सभी दुराचारियो को एक ही इंसाफ के तराजू पर तोल कर कड़ी सजा देना चाहिए। वहीं भाजपा जैसे कैडर बेस दलों के नेतृत्व को विशेष रूप से ऐसे दुराचारियो और उनके दलों के साथ गठबंधन करने से पहले पूरी तसल्ली बख्श जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं कोई कालिख से सना दुरात्मा चरित्र उनके कथित चरित्रवान दल को अपनी कालिमा से दूषित न कर देवे। प्रज्वल रेवन्ना की करतूत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी गहरा धक्का लगा है कि एक संसद का माननीय सदस्य कैंचुली उतरने पर इतना वीभत्स दुराचारी कुकर्म शैतान बतौर सामने आ सकता है यह हैरानी के साथ साथ विश्वगुरु का सपना संजोने वाले दुनिया में मोदी मोदी के डंके से आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री के लिए भी गहरा आघात भरा धक्का है कि आखिर प्रज्वल रेवन्ना तक्षक बनकर मोदी के इंद्र सिंहासन तक कैसे पहुँचा।

## नजर आ गये तुम

मुरली की धुन लगती प्यारी,
मैं तो जाऊं तुझ पर वारी-वारी,
प्रीत का रंग लगा है लाल,
तेरे ध्यान में रम जाती हूं नंदलाल ।

छटा सुहानी मैं तेरी दीवानी,
क्यों कर रहा मनमोहन मनमानी,
जन्मों की प्यासी की प्यास बुझा,
सांवरे मिटा तेरे मिलन की क्षुधा ।

जग की माया में और ना उलझा,
हरि अब तो थोड़ा सा मुस्कुरा,
"आनंद" जीवन का दे बहा,
पिला दे तेरे दर्शनों की सुधा ।

सांसों में चलता हर पल सुमिरन,
भाव करते हैं श्रद्धा का अर्पण,
जप-तप विधि न जानू कोई,
दासी मैं तुम्हारी, स्वीकारो मोई ।

मन में अपने बसा रखा है तुमको,
नजर में अपनी छुपा रखा है तुमको,
याद किया जब चित मन कर शून्य,
खिला हृदय कुसुम और नजर आ गये तुम ।



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# आत्मरक्षा-सुरक्षा के लिए शिक्षा



विजय गर्ग

आत्मरक्षा स्वयं को, अपनी संपत्ति को या किसी अन्य को शारीरिक क्षति से बचाने का कार्य है। महिलाओं के जीवन में आत्मरक्षा की अहम भूमिका है। आत्मरक्षा एक ऐसा कौशल है जिसे प्रत्येक महिला को अपने और दूसरों के जीवन को दैनिक आधार पर या जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, सुरक्षित बनाने के लिए हासिल करना चाहिए। महिलाएं अक्सर अपनी शारीरिक क्षमता के कारण इसका शिकार बनती हैं। आत्मरक्षा तकनीकें उन्हें उन स्थितियों पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाती हैं जिनमें वे मौखिक दुर्व्यवहार, शारीरिक हमले आदि का शिकार हो सकती हैं। ऐसी तकनीकें यह महसूस करने में आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं कि यदि कोई आपकी सीमाओं का सम्मान नहीं करता है, तो आपको उन्हें रोकना चाहिए। विशेषकर महिलाओं में अपराध बढ़ रहे हैं। और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां रहते हैं या काम करते हैं, आपको किसी हिंसक या घुसपैठिए अपराध का शिकार बनने का खतरा है। इससे निपटने का एक ही सही तरीका है, कुछ मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और आत्मरक्षा उपकरणों के साथ अपनी सुरक्षा करना। सबसे अधिक संभावना है, जब कोई व्यक्तिगत हमला होता है तो इसकी बहुत अधिक संभावना होती है कि पुलिस पास में खड़ी नहीं होगी और यह भी संभावना है कि पुलिस केवल क्षति होने के बाद ही इसमें शामिल हो सकती है। हर कोई सुरक्षित महसूस करने का हकदार है और आत्मरक्षा उपकरण प्रदान करती है। जबकि अकादमिक शिक्षा पर इतना ध्यान दिया जाता है, किसी को आत्मरक्षा को बेकार या अनावश्यक नहीं मानना ??चाहिए क्योंकि जैसे शैक्षणिक हमारे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, वैसे ही आत्मरक्षा हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। आत्मरक्षा शिक्षा अधिकांश लोग आत्मरक्षा को किसी हमलावर की कमर पर लात मारना या मुक्का मारना समझते हैं। लेकिन आत्मरक्षा का वास्तविक अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से लड़ने से बचने के लिए हर संभव प्रयास करना है जो आपको धमकी देता है या हमला करता है। आत्मरक्षा में केवल अपनी मुट्ठियों का नहीं बल्कि अपने सिर का उपयोग करना शामिल है। इस शिक्षा के लिए किसी आवश्यकता की आवश्यकता नहीं है या बहुत ही न्यूनतम आवश्यकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कोई पिछला अनुभव है या नहीं। इसमें कोई वर्दी, विदेशी शब्दावली, पारंपरिक अनुष्ठान या औपचारिकताएं नहीं हैं। यह सिर्फ व्यावहारिक और सरल जीवन रक्षक कौशल तकनीक है जिसके लिए न्यूनतम प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। आत्मरक्षा शिक्षा केवल सशक्त महिलाओं के लिए नहीं है, यह सभी महिलाओं और सभी उम्र की महिलाओं के लिए है। इसे औपचारिक होने की आवश्यकता नहीं है. कोई भी इसे कहीं से भी प्राप्त कर सकता है, चाहे वह दोस्तों, रिश्तेदारों, परिवार, साहित्य आदि से हो। लेकिन केवल मूर्खतापूर्ण युक्तियों पर भरोसा करने के बजाय उचित ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव होना बेहतर है। आत्मरक्षा शिक्षा के साधन कार्यशालाएँः महिलाओं को सड़कों, ट्रेनों या यहाँ तक कि उनके घरों की सीमा में होने वाले हमलों के खिलाफ तैयार करने के लिए समय-समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। ऐसी कार्यशालाएँ आम तौर पर गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित की जाती हैं और वे आपको सिखाती हैं कि किसी उपद्रव से कैसे निपटा जाए, खुद को हमलावर से कैसे बचाया जाए और उससे कैसे निपटा जाए। विशेष कार्यक्रमः हाई स्कूलों, कॉलेजों, सामुदायिक केंद्रों, महिला आश्रयों, व्यवसायों और अन्य संगठनों के लिए विशेष कार्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं। आत्मरक्षा कार्यक्रम विशेष रूप से विभिन्न स्थितियों में महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** - रूढ़ीवादी विचारधारा से वैवाहिक जीवन को ना चलाये, एमबीए में एडमिशन की योजना बनेगी, दो कार्य करते है तो एक में आय रुक सकती है। भाग्य प्रतिशत-58

**वृषभ** - वैवाहिक समबन्ध प्रभावित रहेगा, रिटेल, कम्प्यूटर, बिजली सम्बन्धित व्यवसाय में उठापटक होगी, सम्पत्ति बेचने में जल्दी ना करें। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** - गायन, मास कम्युनिकेशन क्षेत्र, वाणिज्य,एनीमेशन में है तो उन्नति करेंगे, भागदौड़ रहेगी, लोहा, लकड़ी कारोबार में मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-63

**कर्क** - एक्सपोर्ट हाउस में नौकरी मिल सकती है, तकनीकी कार्य से मन उचट सकता है, कार्यक्षेत्र में स्वयं की साबित नहीं कर पाएंगे। भाग्य प्रतिशत-55

**सिंह** - किसी धार्मिक कार्य में दान दे सकते है, धन कमाने के नए रास्ते मिल जाएंगे, पिता की सम्पत्ति का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**कन्या** - दूसरे शहर से सामान लाकर व्यवसाय कर सकते है, प्रतियोगी परीक्षा पर फोकस कम हो सकता है, फैक्ट्री आदि कार्य अच्छा चलेगा। भाग्य प्रतिशत-74

**तुला** - गलत कार्यों से धन मिलेगा, मदिरा, सप्रीट, टेंडर कार्य, केटरिंग, पेंट, लोहा, बेरिंग कारखाना उत्तम चलेगा, वादा करते समय ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-77

**वृश्चिक** - जीवन के महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते है, परिश्रम का लाभ कम अनुभव ही मिलेगा, विदेश में है तो प्रगति होगी। भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** - कुछ लोगों से भय रहेगा, व्यक्तिगत बात बताते समय सचेत रहे, सन्तान को लेकर असुरक्षा बढेगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मकर** - उत्तेजना से शक्ति का क्षय होगा, आगे पढ़ाई की इच्छा बढेगी, बातचीत में अपने ही राज,कमियां ना खोले। भाग्य प्रतिशत-49

**कुंभ** - व्यवसाय, नौकरी में रिस्क ना उठाए, सबकुछ बना कर चले, अनावश्यक लोन ना ले परेशानी आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-49

**मीन** - पत्नी के परिवार से मनमुटाव सम्भव है, जोश में फैसला ना करे, सरकारी नौकरी में ईमानदार रहे, पकड़े जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-48



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# अरविन्द केजरीवाल बाहर होंगे या अन्दर ही रहेंगे?



विनोद कुमार सिंह

अरविन्द केजरीवाल को राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा देशवासियों के लिए बदलते हुए पर्यावरण के मियाज प्रचंड गर्मी के मध्य में लोक सभा 2024 के साधारण चुनाव की सरगर्मी,राजनीति दलों के सिद्धान्त विहीन व दिशाहीन गतिविधियों से भारत राजनीति की चर्चा राजनीति के मनिषयों के संग अन्तराष्ट्रीय राजनीति पर पैनी नजर रखने चर्चा-चिन्तन व चिन्ता बन गई है। आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा।क्या दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है।जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है।सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वाली है।चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है।तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है*
आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है।जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है।जो केन्द्र शासित प्रदेश है ,लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है।जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई । ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है। लैकिन केन्द्र सरकार के रूप में एन डी ए की सरकार बनी-दिल्ली की जनता ने अरविन्द केजरीवाल को लगातार तीसरी अपना मुख्यमंत्री बनाया है।केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि वर्तमान राज्यपाल के ठकराव की ऐसी स्थिति बन गई ' दोनों की आपसी लड़ाई के मध्य दिल्ली की जनता परेशान है।ऐसे मामला इतना तुल पकड़ा कि मामला न्यायालय व जाँच ऐजेन्सी के चक्रबहू में फस गया है।सरकारी जाँच ऐजेन्सी की आँच में मंत्री उप मुख्य मंत्री व मुख्य मंत्री को जेल की चारदीवारी तक पहुँच गये ।
ऐसे ही दिल्ली की नई शराव नीति का मामलाहै। दिल्ली के मुख्य मंत्री व राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र के लेकर देश के न्याय मन्दिर में पहुंचा।जाँच ऐजन्सी के जाल विछा कर जेल के अन्दर डाल दिया ,वही अरविन्द केजरीवाल नें उनकी गिरफ्तारी को न्यायल में चुनौती दे डाली।इसी घटना में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने अपना फैसला 7 मई के लिए सुरक्षित रख लिया है।दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत दे सकते हैं या नहीं यह मामला माननीय न्यायलय को करना है,लेकिन देश में जब आचार संहिता लागू होने के दौरान उनकी गिरफ्तारी के तर्क पर सवाल उठाया।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की इस याचिका पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच ने कहा कि वे हो सकता है कि या तो 7 मई को उन्हें जमानत न दी जाएगी या न भी दी जा सकती है ,लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक हफ्ते बाद,चुनाव के बीच में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के अपने कृत्य के पीछे के तर्क को सही ठहराना होगा।न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि चाहे कुछ भी हो प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक सप्ताह बाद 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की अपनी कार्रवाई को उचित ठहराना होगा।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को इस संभावना के लिए तैयार रहना होगा कि वास्तविक चुनावों के मद्देनजर दिल्ली के सीएम को जमानत मिल भी सकती है।

हालाँकि,उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल जाएगी क्योंकि हम उन्हें जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते हैं। इस संदर्भ में न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह सोचना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल रही है,हालांकि अदालत इस संभावना पर खुली है ।हालाँकि,हम किसी भी तरह से कुछ नहीं कह रहे हैं,कि हम जमानत देंगे या नहीं,न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा।

सर्वविदित रहे कि जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को विगत 21 मार्च को दिल्ली सरकार की नई आबकारी पुलिस द्वारा किए गए शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था।

जाँच पहले दिल्ली के सीएम को किंगपिन बताया था, जबकि जेल में बंद दिल्ली के सीएम ने अपनी गिरफ्तारी को पूरी तरह से मनमाना और अवैध बताया है, जो पहली बार लोकतंत्र के सिद्धांतों को नष्ट करने वाला था।

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं।जमानत पर बाहर आने के बाद उनका जोरदार स्वागत किया गया।संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या का मामला है क्योंकि जिस मामले में वह तिहाड़ जेल के अंदर हैं,उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला है।फिलहाल देश की राजनीति के बदलते घटना क्रम में जिस तरह केन्द्र की सतारूढ़ सरकार अपने विरोधी राजनीति दलो के नेताओं पर दबाब बना कर ,जाँच ऐजेन्सी का डर,पद व पदोन्नति का प्रलोभन देकर भले उन पर किसी प्रकार आरोप लगा - विपक्षी नेताओ के खिलाफ दबाव व डर बनाकर सरकारी गवाह बनाकर -हथकड़ा बनाया ' यह किसी से भी नही छुपी है।7मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आना वाला है ।तीसरे चरण का मतदान भी हो रहा है।ऐसे अन्तिम फैसला देश की जनता जर्नादन को करना है।फिलहाल इसके लिए इंतजार आप को करना होगा।फिलहाल आप से यह कहते हुए विदा लेते है-ना ही काहुँ से दोस्ती,ना ही काहूँ बैर।खबरीलाल तो माँगे सबकी खैर॥ फिर मिलेगे तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग्र।

**अलविदा।**

# डोली में विदा करने के अगले ही दिन ससुराल से मायके पहुंची बेटी की अर्थी, दोनों परिवारों में मचा कोहराम

**मेरठ (आरएनएस)।** मुजफ्फरनगर जनपद के भोपा में गांव बेलड़ा में शादी की खुशियां दुल्हन की मौत से गम के माहौल में बदल गई। ससुराल पहुंचते ही दुल्हन की तबीयत अचानक खराब हो गई। आनन-फानन में उसे मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दुल्हन की मौत हो गई। रविवार को दूल्हे की बहन की शादी थी। दुल्हन की मौत के बाद गमगीन माहौल में दूल्हे की बहन की शादी की रस्म अदा की गई।

थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा से शनिवार को एक युवक की बरात मुजफ्फरनगर शहर में गई थी। निकाह की सभी रस्मों को निभाने के बाद मायके वालों ने दुल्हन को विदा किया। देर रात जैसे ही दूल्हा दुल्हन को लेकर अपने घर पहुंचा तभी अचानक दुल्हन की तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गई।

बताया गया कि तुरंत ही दुल्हन को गांव के एक चिकित्सक को दिखाया। हालत चिंताजनक होने के कारण उसे मुजफ्फरनगर स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक को दिखाया गया, जहां उपचार के दौरान दुल्हन की मौत हो गई।

दुल्हन की मौत से ससुराल और मायका पक्ष में गम का माहौल बन गया। बाद में दोनों परिवारों की सहमति से दुल्हन के शव को मायके में ले जाया गया, जहां गमगीन माहौल में शव को सुपुर्दे-ए खाक किया गया। रविवार को दूल्हे की बहन शादी थी, जिसे गमगीन माहौल व सादगी के साथ विदा किया गया।

# ट्रैक्टर और बाइक के आमने-सामने की टक्कर तीन घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित कांधला कॉलेज कांधला के निकट ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई,बाइक पर सवार एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बागपत जनपद के गांव ककड़ीपुर निवासी वैभव अपने भाई विपिन एवं परिवार की महिला महकों के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे से अपने गांव ककड़ीपुर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे कांधला कॉलेज कांधला के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा सारे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस ने घायलों का उपचार के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। ट्रैक्टर चालक हादसे को अंजाम देकर अपना ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।

# स्काउट एवं गाइड शिविर के अंतर्गत वृन्दावन का किया भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के शिक्षा विभाग द्वारा स्काउट एवं गाइड शिविर के अंतर्गत एक दिवसीय वृन्दावन की यात्रा का आयोजन किया गयो इस यात्रा की सफलता के लिए स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्व विद्यालय मेरठ के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अपनी शुभकामनायें दी। शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो.डॉ संदीप कुमार ने शैक्षिक भ्रमण का महत्व समझाया और शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. अनोज राज ने बताया कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण छात्रों में सद्भावना का भाव उत्पन्न करने में तथा जीवंत अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करते है तथा साथ ही उन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्काउट एंड गाइड ट्रेनर अभिषेक माथुर और अंकित चौधरी तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ.राहुल सिरोही, एसोसिएट प्रोफेसर और डॉ.शालिनी तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग को बधाई दी` इस यात्रा पर शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ. भुवनेश शर्मा, डॉ. संगीता रानी, डॉ. रागिनी श्रीवास्तव, श्रीमती रेशू रानी, डॉ. रूपम जैन, गैर शिक्षक कर्मचारी कुलदीप तथा बीएड चर्तुथ सेमेस्टर एवं बी.एल.एड. अष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थी सम्मिलित थे। इस यात्रा के दौरान शिक्षको तथा छात्रों ने वृन्दावन के बांके बिहारी जी, निधिवन, इस्कान मंदिर तथा प्रेम मंदिर के दर्शन किये और वृन्दावन भ्रमण के दौरान छात्रों में काफी उत्साह और हर्षोल्लास का माहौल रहा ।

# परवरिश पर बेटियाँ फाउंडेशन ने दिया छात्राओं को ज्ञान

**मेरठ (आरएनएस)।** बेटियाँ फाउंडेशन द्वारा हावर्ड प्लेस्टेड गर्ल्स इंटर कालेज सिविल लाइंस में सफलता का प्रथम सूत्र आपका व्यक्तित्व कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्पीकर अध्यक्ष अंजु पाण्डेय ने अपने अनुभव द्वारा बताया कि आपकी परवरिश तय करती है आपका व्यक्तित्व। शिक्षा शिक्षित करती है बड़ी बड़ी नौकरी मिल जाएगी ये बाई प्रोडक्ट है।

आप अच्छे स्टूडेंट्स बने, अच्छी बेटियाँ बने, अच्छे नागरिक बने लेकिन अच्छा व्यक्ति तभी बन पाएंगे जब आपको अच्छे बुरे का ज्ञान होगा, जब आप दूसरों का सम्मान करोगे। सभी छात्राओं से सवालों द्वारा जबाव पाए ताकि वे ही एक दूसरे को जागरूक कर सके बताया कि खुशनसीब है ऐसे बच्चे जिन्हें मातापिता द्वारा दिखाए गए आकाश में शानदार उड़ान भरने का मौका मिलता है। संस्था ने गुरुओ की भी जिम्मेदारी बताई कि पाठ्यक्रम के साथ नैतिक शिक्षा और निजी राष्ट्रीय शिक्षा की भी व्यवस्था हो, कॉलेज में कुछ ऐसे सेशन्स हो जो किसी दूसरे संस्थान में न मिलते हो क्योंकि पाठ्यक्रम तो हर कॉलेज में मिल जायेगा लेकिन अंदर का संस्कार आपने बच्चों को दे दिया तो वह सारे पाठ्यक्रम को पार कर आपको विजय दिला देगा। छात्राओ में संस्कारो को जानने के लिए उत्साह था सभी ने अपनी समझ से जबाव दिया, कोई आईएस तो कोई आईपीएस बनने के लक्ष्य को लेकर तैयार थी। कॉलेज प्रिंसिपल उपासना जी ने संस्था के इस विशेष सेशन के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव शिवकुमारी गुप्ता विनीता तिवारी के साथ सभी अध्यापिकाओं रीना, अंजू राम, संगीता परमानंद, रश्मि बंसल, आराधना माइकल, नीलिमा सक्सेना, रुपाली सिंह, मंजू प्रकाश का सहयोग रहा व उनका आभार प्रकट किया।



# प्रो० नील मणि प्रसाद वर्मा ने संभाला बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति का पदभार

**लखनऊ (आरएनएस)।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में प्रो० नील मणि प्रसाद वर्मा ने आज कार्यवाहक कुलपति का पदभार संभाला ।विश्वविद्यालय की विजिटर (कुलाध्यक्ष) माननीय राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा पूर्व कुलपति आचार्य संजय सिंह के कार्यमुक्त अनुमोदन मिलने के पश्चात प्रो० एन० एम० पी० वर्मा को यह जिम्मेदारी दी गयी। प्रो० वर्मा ने इससे पूर्व अगस्त 2018 से फरवरी 2019 तक भी विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्य किया था। प्रो० वर्मा विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष है। इसी के साथ वह सन 2000-2008 तक अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष के प्रथम विभागाध्यक्ष एवं सन- 2005-2008 तक स्कूल ऑफ अंबेडकर स्टडीज के प्रथम संकायाध्यक्ष भी रहे। इसके अतिरिक्त आप विश्वविद्यालय की प्रमुख समितियों जैसे- बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट, फाइनेंस कमेटी, एकेडमिक काउंसिल, स्कूल बोर्ड? एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों व उत्तर प्रदेश सरकार से जुड़ी समितियों में भी वरिष्ठ सदस्य के रूप में सम्मिलित रहे। प्रो० एन० एम० पी० वर्मा के कार्यवाहक कुलपति बनने के अवसर पर समस्त विश्वविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रो० एन० एम० पी० वर्मा ने बतौर कुलपति सभी को यह संदेश दिया कि विश्वविद्यालय परिवार के सहयोग से हम विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण कार्यों को करेंगे कहम सभी विश्वविद्यालय को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करें तब ही शिक्षा, शोध, अनुसंधान, खेल एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में विश्वविद्यालय अग्रणी रहेगा।

# काईट में हुआ स्प्रिंट हैक्स और एंडेवर 24 नामक कार्यक्रमों का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस के सीएसई डिपार्टमेंट एवं ई-सेल द्ववारा क्रमशः स्प्रिंट हैक्स और एंडेवर 24 नामक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल ए बी शिवाने को मुख्य अतिथि और श्री सागर सिन्हा कॉर्पोरेट ट्रेनर को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई जो कि मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, डा. अनिल अहलावत प्रभारी निदेशक, डा. मनोज गोयल संयुक्त निदेशक, और डा. शैलेश तिवारी अतिरिक्त निदेशक की उपस्थिति में की गई डा. केएलए खान डीन इनोवेशन एंड एन्त्रेप्रेंयूर्शिप काउंसिल ने बताया कि एंडेवर 24 उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देता है और रोमांचक प्रतियोगिताओं एवं अंतर्दृष्टिपूर्ण चचाओं द्वारा छात्रों को उद्यमिता से जुड़े हर पहलू को समझाता है। वहीं दूसरी ओर, डा. विनीत शर्मा प्रमुख-सीएसई डिपार्टमेंट ने बताया कि स्प्रिंटहैक्स 2.0 एक 24 घंटे का ऑफलाइन हैकथॉन है जो अंतहीन रचनात्मकता के साथ ह्यगूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लबह्ण द्वारा आयोजित किया जाता है और इस कार्यक्रम में देश भर की टीम्स ने भाग लिया है।

लेफ्टिनेंट जनरल ए बी शिवाने ने सभी छात्रों को समझाया कि देश को आगे बढ़ाने और रक्षा करने के लिए जरूरी नहीं कि हम वर्दी पहनने वाले अफसर ही हों। हम शिक्षक के रूप में, व्यापारी के रूप में, या किसी भी व्यवसाय को करते हुए अपने देश को आगे बढ़ा सकते हैं, उसे सक्षम बना सकते हैं। इसलिए जो छात्र उद्यमिता की ओर रुझान रखते हैं, उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए और देश की उन्नति का सोच कर आगे बढ़ना चाहिए। सागर सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में आई परेशानियों से कभी हार नहीं माननी चाहिए। एक सफल व्यापारी वही बन सकता है जो हार कर भी खड़ा हो जाए और जो खुद को समय के साथ री-बिल्ड करता जाए। डा. मनोज गोएल ने टीम ई-सेल और टीम ह्यगूगल डेवलपर स्टूडेंट क्लब को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई दी और आशा जताई कि सबसे बहतर टीम ही जीते। कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत उत्साहवर्धक ट्रेजर हंट के साथ हुई, जिसमें 89 से अधिक टीम्स ने भाग लिया। वातावरण को उत्साह से भर दिया गया जब ई-स्पोर्ट्स फाइनल्स शुरू हुआ। जिसके साथ ही मार्केट वॉच, बी-क्विज दूसरा राउंड, और आईपीएल मेनिया जैसी अद्भुत एक्टिविटीज हुईं। उत्सव के बीच, मूवी-अ-थॉन का दूसरा राउंड संचालित हुआ, जिसे प्रवीण कुमार ने जज किया, जो रेजर इन्फोटेक और ट्रैवकोम के सीईओ हैं। साथ ही, स्प्रिंट हैक्स 2.0 का भी समयानुसार आयोजन किया, जो सुंचित दुदेजा, भवना चौहान, सौम्या अवस्थी, उन्नति छाबड़ा, और विश्व मोहन के उपस्थिति में हुआ। निमार्ता पैनल मेंटरशिप और नवाचार के प्रति कार्यक्रम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए समाक्षी झा इंस्टाग्राम सनसनी, निकिता जिंदल अनुभवी सीए और डिजिटल निमार्ता, जान्हवी सिंह सामग्री निमार्ता और पॉडकास्टर, और अनिकेत धीमान एक्सपोटेंट के पूर्व संस्थापक के साथ एक कंटेंट क्रिएटर पैनल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रत्येक विजेता को डीन आई. ई. सी. डॉ के एल ए खान एचओडी सीएसई, डॉ विनीत शर्मा, डीजीएम टीबीआई काईट सौरव कुमार, और डॉ एसके त्रिपाठी, द्वारा पुरस्कृत किया गया।





# मेरठ में दसवीं में शगुन ने किया जिला टॉप, शामली में नित्या रहीं टॉपर

**मेरठ (आरएनएस)।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम सोमवार सुबह 11 बजे जारी कर दिया गया है। मेरठ जिले की बात करें तो दसवीं और बारहवीं में इस वर्ष 22 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसके लिए आठ से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। डिजिलॉकर ने कल अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा कर छात्रों से अपना डिजिलॉकर अकाउंट बनाने के लिए कहा था। डिजिलॉकर ने पोस्ट में यह भी कहा था कि बोर्ड बहुत जल्द रिजल्ट जारी करने वाला है। यदि छात्र सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा 2024 में अपने अंकों से असंतुष्ट हैं, तो उन्हें अपने पेपर दोबारा जांच के लिए भेजने का विकल्प दिया जाएगा।

मेरठ के सोफिया स्कूल की छात्रा 10th की टॉपर शगुन बनी हैं। वहीं ह्यूमैनिटीज में गौरा ने टॉप किया है। सेंट मैरीज में सेंट मैरीज 10वीं के टॉपर आदित्य रहे। वहीं 12वीं में नंदनी विज्ञान की टॉपर रहीं हैं। 12वीं में कॉमर्स टॉपर इशकीरत रहे, जबकि कॉमर्स में सेकंड टॉपर लक्ष्य रहे।

वबागपत में क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ौत की छात्रा कनिका ने जिले में टॉप किया है। कक्षा 12 में कनिका शर्मा ने 96 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। इसी स्कूल के अनुराग मलिक ने 95.75 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। आयुष शर्मा 95.20 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शामली में सेंट फ्रांसिस स्कूल में आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें शहर की नित्या जैन ने हाई स्कूल में 99.2 के साथ प्रथम स्थान इंटर में संकल्प 97 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सहारनपुर पब्लिक स्कूल की नवधा गर्ग ने 10वीं में 95 फीसदी के नंबर के साथ जिला टॉप किया है। सहारनपुर पब्लिक स्कूल की ही श्रेया शर्मा 92.5% नंबर के साथ 12वीं में जिला टॉप किया है। बिजनौर सेंट मैरी स्कूल में आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद छात्राओं ने खुशी मनाई। आईसीएससी के कक्षा 12 में सेंट मेरी बिजनौर के पीसीबी वर्ग के अनुग्रह भटनागर ने 95.5 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया है। सेंट मेरी बिजनौर ही पीसीएम वर्ग की सुकीर्ति ने 94.5 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और आयुषी सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।बिजनौर सेंट मेरी के पर्व जिंदल ने आईएससी में कक्षा 10 में 99 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉप किया है। सेंट मेरी बिजनौर की अमोली सिंह ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और नव्या अग्रवाल ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रही। मुजफ्फरनगर में खतौली के सेंट थॉमस स्कूल आईसीएसई परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 की छात्रा प्रज्ञा अहलावत ने 96.75% अंक हासिल कर कॉलेज टॉप किया।



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े दिया लूट की घटना का अंजाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान के निकट दो बाइक सवार बदमाशों ने एक वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए हजारों रुपए की नगदी लूट ली, और मौके से फरार हो गए। लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में घंटे काबिग की लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित वृद्ध ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी 50 वर्षीय अशोक पुत्र रनवीर सोमवार को कस्बा एलम के स्टेट बैंक से 15500 रुपए की नगदी निकाल कर पैदल ही अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वृद्ध गांव के निकट पहुंचा तो आरोप है कि दो बाइक सवार बदमाशों ने वृद्ध के साथ मारपीट करते हुए रूपयों से भरा थैला लूट लिया और नहर पटरी के रास्ते फरार हो गए। वृद्ध ने मामले की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। दिनदहाड़े हुई लूट की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश में घंटे कांबिंग की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित वृद्ध ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह का कहना है कि शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

### मकान में जबरदस्त विस्फोट से दहल उठा फलावदा

**मवाना(आरएनएस)।** फलावदा के मोहल्ला कपसड़ियान में रात एक मकान में जबरदस्त विस्फोट होने से आसपास का इलाका दहल उठा। विस्फोट से मकान की दीवारें जमींदोज हो गईं। विस्फोट से लगी आग पर लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। मलबे में दबी पड़ोसी की भैंस को जंजीर तोड़कर बचाया जा सका। उधर पुलिस इस मामले में जानकारी देने से आनाकानी कर रही है। थानाध्यक्ष राजेश कंबोज ने बताया कि एक मकान में सिलेंडर फटने की घटना हुई थी लेकिन मौके पर ऐसे कोई सबूत नहीं मिले जो सिलेंडर फटने की गवाही दे रहे हों। अभी जांच की जा रही है। फलावदा कस्बे के मोहल्ला कपसड़ियान स्थित सुंदर के मकान में रात करीब ढाई बजे तेज आवाज के साथ विस्फोट के बाद आग लग गई। धमाके से पड़ोसी सहित दो मकानों की दीवार गिर गईं। मकान की दो दीवारें गिरने से घेर में बंधी जान मोहम्मद की भैंस भी मलबे में दब गई। रात करीब ढाई बजे लपटें देख पड़ोसी मदद के लिए दौड़ पड़े। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मलबे में दबी भैंस को जंजीर तोड़कर निकाला गया। पड़ोसियों ने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के मकान दहल उठे। मकान मालिक सुंदर ने बताया कि घर में सिलेंडर फटने के कारण आग लगी है ।पड़ोसियों के अनुसार मलबे में बारूद के अवशेष मिले हैं, जिनमें सुतली बम के अवशेष भी देखे गए हैं।

**हत्या** — हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास से खून से सनी कुल्हाड़ी और दरांती भी मिली है

# कुल्हाड़ी से काटकर युवक की निर्मम हत्या, उधार के रुपए लेने की बात कहकर घर से निकला था शाहिद

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित गांव फतेउल्लापुर में युवक की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या कर दी गई। युवक का खून से लथपथ शव एक बिल्डिंग मेटीरियल की दुकान के पास प्लॉट में पड़ा हुआ था। हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास से खून से सनी कुल्हाड़ी और दरांती भी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक सोमवार रात आठ बजे नूर गार्डन के रहने वाले युवक से उधार दिए गए रुपए लेने की बात कह कर घर से निकला था। देर रात 11 बजे तक पत्नी से फोन पर बात होती रही, उसके बाद फोन नहीं उठा।

जानकारी के अनुसार लोहिया नगर इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि कोतवाली सोहराब गेट का रहने वाला शाहिद पुत्र नजीर पुताई का काम करता था, शाहिद अपनी पत्नी नाजो और एक बेटी के साथ किराए का मकान लेकर ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रह रहा था। बताया गया कि शाहिद ने कुछ समय पूर्व लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित नूर गार्डन के रहने वाले मोबिन को कुछ रुपए उधार दिए थे। रविवार रात 8 बजे शाहिद मोबीन से अपने उधार दिए रुपए लाने की बात कहकर घर से निकला था।

देर रात तक भी जब शाहिद घर नहीं पहुंचा तो पत्नी नाजो को चिंता हुई और उसने शाहिद को फोन कर घर आने की बात कही जिसके बाद शाहिद ने जल्द घर पहुंचने की बात कहते हुए फोन काट दिया। उसके बाद पत्नी नाजो पूरी रात फोन मिलती रही, लेकिन फोन नहीं उठा अनहोनी की आशंका के चलते नाजो निकट ही रहने वाले शाहिद के जीजा इरफान के पास पहुंची और पूरा मामला बताने के बाद इरफान को लेकर नूर गार्डन स्थित मोबिन के घर पहुंच गई लेकिन मोबिन के घर पर ताला लगा हुआ था।




मृतक के जीजा इरफान ने बताया कि मोबीन गांव फतेउल्लापुर मैं मौजूद सलीम की बिल्डिंग मेटीरियल की दुकान पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता है। इरफान ने सलीम को फोन कर मोबिन के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया तभी सलीम ने इरफान को बताया कि उसकी दुकान के बराबर में मौजूद प्लांट के अंदर किसी को मारकर डाला हुआ है। इरफान मृतक की पत्नी नाजो को लेकर सलीम बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर पहुंचा, वहा पड़े शव को देखकर चीख-पुकार मच गई, नाजो शव को देखते ही बदहवास हो गई क्योंकि मृतक कोई और नहीं बल्कि नाजो का पति शाहिद था।

खून से लथपथ शव के पास कुल्हाड़ी और दरांती पड़ी हुई थी, आरोपी ने मृतक के गले को काटकर उसकी हत्या की थी, जबकि मृतक की आंख भी बाहर निकली हुई प्रतीत हो रही थी। लोहिया नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार सिंह का कहना है कि पत्नी की तरफ से हत्या की तहरीर दी जा रही है। वहीं पुलिस लेनदेन को लेकर हत्या की बात मानकर चल रही है।

# पुलिस के सपा कार्यकर्ताओं को उठाने पर शिवपाल सिंह यादव ने की चुनाव आयोग से शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** मतदान से पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पुलिस पर कार्यकताओं को परेशान करने आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि थानेदार चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने पत्र भेजकर चुनाव आयोग से शिकायत की है।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शहर कोतवाली समेत सात थानों के प्रभारियों पर सपा कार्यकताओं को परेशान करने आरोप लगाया है। कहा कि थानेदार चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने सपा समर्थकों के घरों पर छापा मारा तो कई के घरों में तोड़फोड़ की।

पुलिस 40 कार्यकर्ताओ को बेवजह थाने उठाकर ले गई। जब जानकारी करने के लिए कॉल की गई तो थानेदारों के सीयूजी नंबर बंद निकले। रात दो बजे एसएसपी की कॉल रिसीव हुई। सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम मनोज कुमार से मिलकर यह शिकायत की।

इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जिले में पुलिस, सरकार के दबाव में काम कर रही है। यही वजह है कि शहर कोतवाली, थाना मूसाझाग, बिनावर, कुंवरगांव, रजपुरा, सहसवान, वजीरगंज के थानाध्यक्ष लगातार सपा समर्थकों के घर दबिश दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस का सीधा-सीधा लोगों से कहना है कि तुम बूथ पर नहीं जाओगे। वोट नहीं डालोगे। एजेंट नहीं बनाओगे। यहां तक कि मूसाझाग थाना क्षेत्र में सपा समर्थक 31 लोगों का धारा 151 में चालान तक कर दिया गया है।

शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि पहले भी शिकायत की गई थी। दिल्ली व लखनऊ में सपा का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करेगा। कोई हल न निकला तो आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।



**भाजपा साफ होने जा रही है : शिवपाल**

शिवपाल सिंह यादव बोले, सरकार के दबाव में यह काम हो रहा है, क्योंकि भाजपा का जनाधार खिसक चुका है। भाजपा साफ होने जा रही है। हम गड़बड़ी नहीं होंने देंगे। परेशानी जरूर होगी, थाने जाना पड़ा तो जाएंगे। सपा महासचिव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर थाना प्रभारियों की शिकायत की है। दमन रोकने और चुनाव ड्यूटी से हटाने का आग्रह आयोग से किया है। शिवपाल सिंह यादव ने शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार रात नौ बजे मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, बिनावर के अरविंद कुमार, कुंवरगांव के राजेंद्र बहादुर सिंह, राजपुरा के अमरपाल और सहसवान के सौरभ सिंह, वजीरगंज के राकेश कुमार, कोतवाली सदर के विजेंद्र सिंह के अलावा उघैती व उझानी के थाना प्रभारियों ने सपा कार्यकताओं को धमकाया है।

करीब 40 कार्यकर्ताओ को पकड़कर ले गए। पुलिस ने बीजेपी के पक्ष में काम करने का दबाव बनाया। न मानने पर शांति भंग के अंदेशे में चालान किया। दबाव बनाने के लिए पुलिस ने लाल नोटिस थमाए। एसएसपी को अवगत कराया पर समाधान नहीं हो सका।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र छात्राओं ने किया जिले का नाम रोशन, छात्र-छात्राओं की कामयाबी से परिवार में खुशी की लहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** सोमवार को आई.सी.एस.ई बोर्ड रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के 12वीं क्लास के छात्र शौर्य सिंह निवासी ग्राम आंटा ने जिले में 95.25% लाकर अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है ।



इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य व स्कूल के अन्य शिक्षकों व उनके मित्रों ने उन्हें मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर शौर्य सिंह ने बताया कि उनकी कामयाबी के पीछे उनके गुरुजन, परिवार के सदस्य व उनकी खुद की मेहनत है इन्होंने बताया कि इनका ज्यादातर समय पढ़ाई में ही बीतता है और यह आगे पढ़ लिखकर एक डॉक्टर बनना चाहते हैं साथ ही इसी क्रम में दूसरे स्थान पर सिद्धार्थ शर्मा 93.75%व यश प्रताप सिंह 93.75 पर रहे है। वहीं तीसरे स्थान पर हर्ष देव 93%व भूवी अग्रवाल 93% पर रही। साथ ही नगर के आवास विकास वैष्णव विहार कॉलोनी के रहने वाले दसवीं के छात्र हर्ष मित्तल ने 96.6% लाकर अपने परिवार व जिले का नाम रोशन किया है उन्होंने बताया कि उनके पिता एक बिजनेसमैन है और वह अपने पिता की मेहनत को चमकता हुआ देखना चाहते हैं इसीलिए वह दिल लगाकर पढ़ाई कर एक सफल इंजीनियर बनकर अपने पिता का नाम रोशन करना चाहते हैं उनकी इस कामयाबी के पीछे इन्होंने अपने परिवार व गुरु जनों का हाथ बताया है वह खेल कूद के साथ ज्यादातर समय पढ़ाई में देते है। और उनकी रुचि पढ़ाई में ज्यादा है साथ ही इसी क्रम में दसवीं की छात्रा रिद्धि अग्रवाल ने 96.2% लाकर अपने परिवार का नाम रोशन किया है और इसी क्रम में तानिया शर्मा ने भी 95.6% लकार अपने परिवार का नाम रोशन किया है और इस मुकाम को हासिल किया है और यह भी अपने जीवन में पढ़ लिखकर कामयाब इंसान बनना चाहती हैं। इस दौरान इनके शिक्षकों व अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

# अमौसी में 8 करोड़ से अधिक तो रहीमाबाद में 60 लाख की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

**लखनऊ (आरएनएस)** । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निदेर्शानुसार अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।अभी तक करोड़ो रुपयों की तमाम सरकारी भूमि जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं उन्हें खाली करवाया जा चुका है।उसी क्रम में आज ग्राम अमौसी एवं ग्राम रहीमाबाद अंतर्गत दो अलग अलग भूमियों को कब्जा मुक्त कराया गया, ग्राम- अमौसी, तहसील- सरोजनी नगर जिला लखनऊ की खसरा संख्या-4055 क्षे 0.2480 हे० व खसरा संख्या-4059 क्षे 0.1640 हे. नवीन परती भूमि में दर्ज है जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। जिसमें खसरा संख्या-4059 सम्पूर्ण क्षेत्रफल 0.1640 हे० में कृषिक कार्य के रूप में अवैध करना था तथा खसरा संख्या-4055 में क्षे 0.0180 हे० पक्के निर्माण के रूप में अवैध कब्जा तथा शेष क्षेतफल 0.0230 हे० कृषिक कब्जा पाया गया। अवैध कब्जेदारों को बुलाकर समझा बुझा कर अवैध कब्जा हटवाकर नगर निगम की भूमि को बंधन मुक्त करा दिया गया। उक्त कार्यवाही का नेतृ?त्व नायब तहसीलदार श्री नीरज कटियार एवं उनके सहयोगी लेखपाल गण श्री तनुज मदान, श्री मृदुल मिश्रा, श्री राहुल यादव द्वारा अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की गयी।उक्त अवैध कब्जे से 44347 वर्गफुट भूमि रिक्त करायी गयी, जिसकी बाजारू कीमत 08 करोड़ 26 लाख 34 हजार रुपये है। वहीं, ग्राम-रहीमाबाद, तहसील-सरोजनीनगर, जनपद-लखनऊ, की खसरा सं०-1072 क्षे०0.041 हे०, जो नाली दर्ज अभिलेख है, पर कब्जे की IGRS के माध्यम से प्राप्त शिकायत की तहसील व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) श्री संजय कुमार यादव के आदेश के अनुपालन में तहसीलदार श्री संजय सिंह कनौजिया की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार श्री नीरज कुमार कटियार के नेतृत्व में दिनांक 03/04/2024 को अतिक्रमण कर्ता एवं शिकायत कर्ता की उपस्थिति में तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल श्री आदेश शुक्ला नगर निगम लेखपाल गण श्री मृदुल मिश्र, श्री राहुल यादव, श्री तनुज मदान व श्री सुधांशु श्रीवास्तव द्वारा पैमाइश कर चिन्हांकन करवाया गया।

# हाजियों को हज उमराह का प्रेक्टिकल कराया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर । उप्र।** शहर के स्टार चौराहा स्थित इदान पैलेस में आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से इस साल हज पर जाने वाले आजामीने हज को अरकाने हज की जानकारी दी गई। मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया हाजी साजिद अत्तारी ने आजामीने हज को अहराम बांधने का तरीका, उमराह तवाफ का तरीका, सई का तरीका मिना और मुजदलिफा की हाजिरी और अरकाने हज वगैरह के बारे में तफसीली जानकारी दी। और आजामीने हज के सवालों के जवाब दिए। ट्रेनिंग प्रोग्राम के आखिर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर उस्मान अत्तारी, खालिद अत्तारी, अमीन अत्तारी, मौलाना एजाज, कारी फरदीन आदि मौजूद रहे।



# लोक तंत्र का पर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीसरे चरण का मतदान आज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** मयंक सक्सेना देश में चल रहे चुनाव के महापर्व आम चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनैतिक पार्टी अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं और रात दिन एक करते हुए मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करते दिखाई दे रहे थे। हालांकि तीसरे चरण के मतदान से पहले प्रत्याशियों के माथे की शिकन दूर नहीं हो रही है। यानी की मतदाता का मिजाज प्रत्याशी नहीं भांप पा रहे। लिहाजा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने लेकर संभल जिला प्रशासन मतदाताओ को जागरूक करने का प्रयास करते हुए दिखाई दिए।

फिर भी मतदाता सभी प्रत्याशियों को वोट देने का वादा करते हुए खुलकर कुछ नहीं बोल पा रहे हैं।




मतदाता यह तय नहीं कर पाए हैं कि आखिर वोट किसको दें या ना दें या नोटा का बटन दबाए। मगर मतदाताओं की चुप्पी यानी की साइलेंट मोड पर रहना प्रत्याशियों के माथे की शिकन को जरूर बढ़ा रहा है। जहां एक तरफ समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउल रहमान इंडिया गठबंधन के साथ जीत की हल्की जुबां ठोक रहे हैं। मगर उनके माथे की शिकन कुछ और बयां कर रही है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ताबड़तोड़ प्रचार प्रसार कर रही है। मगर उनके माथे की शिकन भी कुछ और ही बयां कर रही है। बसपा के प्रत्याशी सौलत अली जहां अपने वोट बैंक को संभाल नहीं पा रहे हैं। उससे ऐसा प्रतीत होता है कि मतदाता साइलेंट मोड पर रहकर इस बार मतदान करेंगे। इसी उधेड़बुन में सभी प्रत्याशियों के माथे की शिकन साफ दिखाई दे रही है। और कोई भी प्रत्याशी खुलकर कुछ नहीं बोल पा रहा है। कहीं ना कहीं प्रत्याशियों के मन में बेचैनी भी साफ झलक रही है कि आखिर मतदाता किस करवट बैठेगा और मतदाता का मिजाज क्या है।

# दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को दी गई ट्रेनिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के पेंठ बजार स्थित एक मिनार वाली मस्जिद में आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इंडिया के शोबा हज व उमराह के तहत 2024 में हज को जानें वाले आजमीन ए हज को हज व उमराह का प्रेक्टिकल कराया। इसमें अहराम बांधने का तरीका, उमराह करने का तरीका, तवाफ का तरीका और हज के 5 दिन के बारे में जरूरी जानकारी दी।

इसी के साथ समान में सरकार की गाईड लाईन के मुताबिक कोई नशे की वस्तु नहीं लेकर जाए इसको सऊदी सरकार ने ड्रग्स माना है रुकने मजलिस हाजी साजिद अत्तारी ने बताया हज हो या नमाज सीख कर इबादत करेंगे तो ज्यादा बहतर तरीके से कर पायगें।

इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी अरकान कादरी जावेद अत्तारी मुहम्मद उस्मान भूरा अत्तारी आदि मौजूद रहे आखिर मे मुल्क की तरक्की और अमन के लिए दुआ की गई।



# पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी मु0अ0सं0 211/2024 धारा 332, 353,147,504, 506 भादवि में अभियुक्त 1. मोहसिन पुत्र शमसाद उर्फ पप्पा 2. मोईन पुत्र शमसाद उर्फ पप्पा निवासी मौ0 लक्ष्मणगंज कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को उ0नि0 सचिन भाटी द्वारा मय पुलिस टीम गिरफ्तार किया गया।



## राहुल गांधी के रायबरेली से नामांकन के बाद उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में चरम पर उत्साह

**लखनऊ (आरएनएस)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयकों गरिमा दसौनी एवं चित्रा बाथम ने तीसरे चरण के मतदान से पहले संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा की राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नामांकन के बाद उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में एक बड़ा असर देखने को मिला है। जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के पक्ष में व्यापक स्तर पर बढ़ते हुए दिख रहा है।

मीडिया समन्वयकों ने कहा कि पिछले दो चरणों के चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी के पैरों से राजनीतिक जमीन पहले ही खिसकती हुई दिखाई पड़ रही थी। प्रधानमंत्री ने पिछले दो चरणों में 56 बार जनसभाओं में 400 पार का नारा दिया था लेकिन अब तीसरे चरण में उनके भाषणों से यह नारा गायब दिखाई पड़ रहा है। इसका कारण यह है की जनता को समझ में आ गया है की 400 पार का मतलब आरक्षण पर वार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन में बदलाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र को श्रेय जाता है।

## महासंग्राम लोकसभा चुनाव -2024: इंतजार खत्म, आज नये मतदाता प्रथम बार करेंगे मतदान

# नये मतदाता पहली बार मतदान करने को हुए उत्साहित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** लोकसभा चुनाव 2 0 2 4 महासंग्राम में आज 7 मई को जिले की चारो विधान सभा में बोट डाले जायेंगे। नये मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए उत्साहित नजर आ रहे है। जिले की चारो विधान सभा क्षेत्र में नए मतदाता प्रथम बार अपने मत का प्रयोग करेंगे।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कई बार अभियान चलाकर नये वोटरों के नाम मतदाता सूची में दर्ज किये, उनके पहचान पत्र बनाये गये। पहचान पत्रों का बीएलओ द्वारा घर घर जाकर वितरण किया गया। जिसमें मतदाता प्रथम बार अपने मत का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने में अहम भूमिका निभायेंगे।



अविष्का | वंशिका | इशिका | सागर | हर्ष | कृष

नये वोटरों के उत्साह को देखते हुए जिले की चारो विधानसभा में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से अधिक मतदान होने की संभावना जताई जा रही हैं। अगर मतदान प्रतिशत बढ़ता है। तो इसका श्रेय जिला प्रशासन व मीडिया को दिया जायेगा। वहीं प्रशासन स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वोटरों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। शहर निवासी नये मतदाता अविष्का, वंशिका, इशिका, सागर, हर्ष, कृष ने बताया कि वह किसी चुनाव में पहली बार अपना वोट डालेंगे। जिसके लिए वह 7 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म हो गया है। उन्होंने सभी नये मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में वोट का प्रयोग अवश्य करें। क्योंकि वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करता है।

**अनुभव साझा**

## एंशिएंट मैथमैटिक्स एंड इट्स इमर्जिंग एरियाज- एएमईए 2024 पर नेशनल कांफ्रेंस, 10 सूबों के 87 शोधार्थी रहे शामिल, 63 शोधपत्र किए गए प्रस्तुत

# टीएमयू के वीसी प्रो.वीके जैन ने विभिन्न उदाहरणों से समझाई गणित की उपयोगिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रश्मि भारद्वाज ने प्राचीन गणित के अनुप्रयोग और फ्रैक्टल सिद्धांत पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, वेदों के मंत्र गणित पर आधारित हैं। गणित प्रकृति में मौजूद है। हमें इसे देखने और समझने की आवश्यकता है। भारतीय प्राचीन मंदिरों के गर्भगृह गुरुत्वाकर्षण के केंद्र में स्थित हैं। अधिकांश प्राचीन भारतीय मंदिरों को भग्नसिद्धांत के आधार पर डिजाइन किया गया है। सबसे दिलचस्प तथ्य यह है कि पूरे भारत में सभी आठ शिवलिंग इस तरह से स्थित हैं कि उनके भौगोलिक निर्देशांक एक सीधी रेखा पर हैं। यह काम भारतीय गणित विशेषज्ञों ने आधुनिक जीपीएस सिस्टम के बिना किया है, जो प्राचीन विशेषज्ञों की गणना और उत्कृष्टता को दशार्ता है। प्रो. भारद्वाज ने कोविड-19 पर गणितीय मॉडलिंग भी साझा की। उन्होंने मानव, उसके मूल्यों और विज्ञान के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। प्रो. भारद्वाज तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के गणित विभाग की ओर से एंशिएंट मैथमैटिक्स एंड इट्स इमर्जिंग एरियाज-एएमईए 2024 पर आयोजित नेशनल कांफ्रेंस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उल्लेखनीय है, नेशनल कॉन्फ्रेंस में 10 राज्यों- उत्तराखंड, कलकत्ता, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पुणे और उत्तर प्रदेश के 87 शोधार्थी शामिल रहे। नेशनल कॉन्फ्रेंस कुल 63 शोधपत्र पढ़े गए। इससे पहले डॉ. भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि, टीएमयू के वाइस चांसलर प्रो. वीके जैन, एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद के प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता, कांफ्रेंस जनरल चेयर और एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, कांफ्रेंस कंवीनर डॉ. विपिन कुमार, कांफ्रेंस को-कंवीनर एवं गणित विभाग के एचओडी डॉ. अजीत कुमार आदि ने मां संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने ब्लेंडेड मोड में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की। तकनीकी सत्र के दौरान 15 ओरल रिसर्च पेपर भी प्रस्तुत किए गए। डिग्निटरीज ने कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग का विमोचन भी किया। कांफ्रेंस ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अभिनव सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।





वैलेडिक्टरी सेशन में कांफ्रेंस कंवीनर डॉ. विपिन कुमार ने कांफ्रेंस रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर सभी अतिथियों को बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। संचालन गणित की रिसर्च स्कॉलर छवि गुप्ता ने किया।

टीएमयू के वाइस चांसलर प्रो. वीके जैन ने गणित की उपयोगिता पर जोर देते हुए सभी को क्रिकेट के दो खिलाड़ियों के उदाहरण से गणित की उपयोगिता को समझाया। एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद के प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता डायनामिक सूर्य और एमएचडी वेव्स पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. नागेंद्र ने सूर्य की गति और संरचना पर प्रकाश डालते हुए कहा, पृथ्वी से सूर्य की दूरी, इसकी त्रिज्या और हाइड्रोजन परमाणु के फ़्यूजन आदि सभी गणनाओं को डिफरेंशियल समीकरण के माध्यम से हल किया गया है। उन्होंने सूर्य के जरिए उत्पन्न पर्यावरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा, सूर्य में ठोस प्लाज्मा और इसके विभिन्न प्रकार मौजूद हैं। कांफ्रेंस जनरल चेयर प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा कि उभरती हुयी प्रोद्योगिकी में मैथ्स मानव कल्याण के लिए अनेक तरीकों से सहायक सिद्ध हो रहा है। प्रो. द्विवेदी ने प्राचीन भारतीय गणितज्ञों जैसे आर्यभट्ट, वाराहमिहिर, लीलावती, नागार्जुन और भास्कारचार्य आदि के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत में हुआ शून्य का आविष्कार ही गणित और कम्प्यूटिंग का आधार है। तकनीकी सत्र में डॉ. आलोक कुमार गहलोत, डॉ. गंधर्व कुमार, डॉ. अजय कुमार उपाध्याय का विशेष सहयोगर हा। इस अवसर पर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. कामेश कुमार, डॉ. नरोत्तम सिंह चौहान, श्री अशोक कुमार, श्री विजेन्द्र सिंह रावत, डॉ. अमित कुमार शर्मा, श्री राहुल विश्नोई, श्री मनोज गुप्ता, श्री आरपी सिंह, श्री राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न किसान एवं मजदूर संगठनो ने अतुल अंजान के आकस्मिक निधन पर आयोजित की शोक सभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । आज अमर शहीद ब्रह्मानंद त्यागी




स्मारक भवन पान दरीबा स्थित कार्यालय पर का० अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया, और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें जिले के सभी किसान संगठनों, एवं उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन , सीटू, आदि संगठनों के साथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस सभा में इदरीस मोहम्मद, शशि कांत,भूपेंद्र चौधरी, विनोद कुमार गौतम, रोशन लाल शाक्य, वीरेंद्र धूसिया, राजकुमार शर्मा, शमीम अख्तर, बलबीर सिंह, सूरज पाल उपाध्याय, सुहेब शेरवानी, एच० एम० सिंह, सुरेश चंद गाँधी, राकेश बघेल एडवोकेट, महेंद्र कुमार, आशीष कुमार रॉय, नागेंद्र चौधरी, डॉ० राकेश कुमार सक्सेना आदि साथी मौजूद रहे।

# एनर्जी मिशन मशीनरीज की पब्लिक इश्यू से 41.15 करोड़ जुटाने की योजना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** शीट मेटल मशीनरी की विविध रेंज के डिजाइन और निर्माण में अहमदाबाद स्थित अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक

## कम्पनी का आईपीओ नौ मई को खुलेगा

एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें



गुजरात के साणंद में मौजूदा मेन्युफेक्चरिंग यूनिट में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क, नए प्लान्ट और मशीनरी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर है। आईपीओ में पब्लिक इश्यू के लिए रु. 131 से रु. 138 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 41.15 करोड़ की इश्यू आय में से कंपनी की योजना रु. 6.86 करोड़ का उपयोग गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद में स्थित मौजूदा विनिर्माण इकाई में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क के लिए, रु. 7.43 करोड़ नए प्लान्ट और मशीनरी की स्थापना के लिए, रु. 15 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरते के लिए करने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1000 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.38 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा नेट ऑफर के 35 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, एचएनआई क्वोटा ऑफर के 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है और क्यूआईबी हिस्सा नेट ऑफर के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा गया है। मार्केट मेकर का हिस्सा 1.50 लाख इक्विटी शेयर रखा गया है। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) सीएनसी, एनसी और कन्वेन्शनल मेटल फोर्मिंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण करती है जो औद्योगिक क्षेत्र की मेटल फेब्रिकेशन सॉल्युशन्स की आवश्यकता को पूरा करती हैं। कंपनी की मेटल फोर्मिंग मशीनों की श्रृंखला में प्रेस ब्रेक मशीन, शियरिंग मशीन, प्लेट रोलिंग मशीन, आयरनवर्कर मशीन, हाइड्रोलिक प्रेस और बसबार बेंडिंग, कटिंग और पंचिंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी की मशीनें विभिन्न उद्योगों में उपयोग की जाती हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, स्टील, प्री-इंजीनियर्ड इमारतें, फर्नीचर, एचवीएसी, कृषि उपकरण, सड़क निर्माण उपकरण, लिफ्ट, फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, मेटल वर्किंग वर्कशोप्स आदि शामिल हैं।

# अनु कपूर और पार्थ समथान की आने वाली फिल्म 'हमारे बारह' के पोस्टर का अनावरण, 7 जून को होगी रिलीज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** बहुत प्रतीक्षित फिल्म 'हमारे बारह' जिसमें अनुभवी अभिनेता अनु कपूर और टेलीविजन के लोकप्रिय अभिनेता पार्थ समथान मुख्य भूमिका में हैं, ने एक नया शीर्षक और आधिकारिक रिलीज की तारीख प्राप्त की है। पहले यह फिल्म 'हम दो हमारे बारह' के नाम से जानी जाती थी, जिसे सेंसर बोर्ड के निदेर्शानुसार अब 'हमारे बारह' नाम दिया गया है। यह फिल्म 7 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। इस घोषणा को चिह्नित करने के लिए फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जो दर्शकों को फिल्म के बारे में एक झलक देता है।

फिल्म की शूटिंग लखनऊ के विभिन्न स्थानों में की गई है गोमती रिवर फ्रंट ,बारादरी, अमीनाबाद, कैसरबाग ,कैप्टन मनोज पांडे चौराहा ,भारतेंदु नाटक अकादमी, दादा मियां मजार, छोटा इमामबाड़ा ,इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान ,आलमबाग ,बस अड्डा ,नवाब मीर जाफर अब्दुल्ला के घर ,शीश महल व अन्य अलग-अलग क्षेत्र में शूट किया गया है।'हमारे बारह' का निर्देशन कमल चंद्रा द्वारा किया गया है और इसका निर्माण राधिका जी फिल्म और न्यूटेक मीडिया एंटरटेनमेंट, रवि एस. गुप्ता, बिरेन्दर भगत, संजय नागपाल, और शिओ बालक सिंह ने किया है। फिल्म का सह-निर्माण त्रिलोकी प्रसाद ने किया है। इस फिल्म में अश्विनी

## कई बाधाओं के बाद, अनु कपूर और पार्थ समथान की आने वाली फिल्म 'हमारे बारह' को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है; नया पोस्टर हुआ जारी

कालसेकर, राहुल बग्गा , परितोष तिवारी, नवोदित अदिति भतपहरी और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म के बारे में उत्साहित होकर, बहुमुखी अभिनेता अनु कपूर ने कहा, "हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह फिल्म कुछ जटिल और संवेदनशील विषयों पर आधारित है, और मुझे विश्वास है कि नया शीर्षक हमारी कहानी के साथ अधिक मेल खाता है। मैं दर्शकों को इस परियोजना का दिल और आत्मा अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।" फिल्म के बारे में अधिक बात करते हुए, निमार्ता रवि एस गुप्ता और बीरेंद्र भगत ने कहा, "हमारे बारह का निर्माण करना एक विशेषाधिकार रहा है। इस कहानी को जीवंत करने के लिए सभी टीमों ने अथक परिश्रम किया है, और मैं इतनी सारी बाधाओं के बाद आखिरकार दर्शकों के साथ फिल्म साझा करने के लिए रोमांचित हूं। नया शीर्षक फिल्म के सार को दशार्ता है, और मुझे विश्वास है कि यह दर्शकों को पसंद आएगा। यह फिल्म हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या को उजागर करेगी और हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों के लिए एक आंख खोलने वाली फिल्म होगी।

फिल्म का पोस्टर अपेक्षित रिलीज के लिए माहौल सेट करता है, जो फिल्म की सौंदर्य और दिलचस्प कथा को दशार्ता है। दर्शक जब 7 जून को 'हमारे बारह' वायकॉम18 स्टूडियो द्वारा रिलीज किया जाएगा ` देशभर के सिनेमाघरों में देखेंगे तो एक दिलचस्प कथा, मजबूत प्रदर्शन, और विचारशील निर्देशन की उम्मीद कर सकते हैं।

# "डॉ.ममता सैनी के अद्वितीय ग्रंथ "आयुर्वेद को जाने" इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (डॉ.शंभू पंवार)।** पाँच विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के बाद "अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच" तंजानिया की संस्थापिका डॉ ममता सैनी के अद्वितीय ग्रंथ "आयुर्वेद को जानें " को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा कीर्तिमान से अलंकृत किया गया है।




अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अंतर्राष्ट्रीय लेखक,पत्रकार -विचारक डॉ शंभू पंवार ने बताया कि ह्लआयुर्वेद को जानेंह्व ग्रंथ में आयुर्वेद की भूमिका और 125 जड़ी बूटियों का परिचय, गुण और औषधिय प्रयोगों का दोहों में वर्णन किया गया है। इस तरह का यह अनूठा और अलौकिक ग्रंथ होगा। उल्लेखनीय है कि बहादुरगढ़ ,हरियाणा की बेटी डॉ. ममता सैनी ने विदेश की धरती पर रहते हुवे भारत की कला,संस्कृति, साहित्य, भाषा और आयुर्वेद का का गौरव बढ़ाया है। डॉ सैनी के दो अद्वितीय ग्रंथ "आयुर्वेद को जाने" और "भारत को जाने" का भव्य लोकार्पण 11मई की राजधानी दिल्ली में होगा। " भारत को जाने " ग्रंथ में भारत के 28 राज्यो और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की जनसंख्यियकी, संस्कृति , कला ,साहित्य, उपलब्धियों, इतिहास, प्राकृतिक सौंदरिय, भौगोलिक सरंचना, विशेष व्यक्तित्व का दोहों और चौपाइयों में वर्णन किया गया है। इस ग्रंथ को भी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा कीर्तिमान से सम्मानित किया जा चुका है। शानदार लोकार्पण समारोह में देश विदेश से करीब 400 साहित्यकार और प्रबुद्धजन शामिल होंगे। डॉ ममता सैनी को देश विदेश से बधाई संदेश मिल रहे है।

# अटल सेना द्वारा निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** अटल सेना द्वारा आज निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें अटल सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी पी त्रिपाठी ने कहा कि अटल सेना एक सामाजिक संगठन है जो अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों पर चलने का काम कर रही है आज हमारा देश 2024 के चुनाव का उत्सव मना रहा है पिछले चुनाव से बिल्कुल अलग है यह चुनाव देश को एक नई युग में ले जाने वाला चुनाव है प्रधानमंत्री ने जो संदेश दिया विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य है उसे लक्ष्य को लेकर आज अटल सेना कार्य कर रही है देश के 25 राज्यों में अपना काम कर रही है इसी को लेकर आज हमने प्रेस वार्ता की है और इस बार भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से जीतने का काम करेगी पार्टी का जो नारा है 400 पर इसे हम पूरा करने का काम कर रहे हैं।



# द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी) फाउंडेशन की तरफ से हकीम सफदर नवाब की याद मे चिकत्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी)फाउंडेशन द्वारा आज नियर चुराईखेडा नेहरू नगर पार्क, मवैय्या, नेहरू नगर लखनऊ में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चिकत्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।






आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य था जरूरतमंदों का चेकअप एवं उनका मुफ्त दवा देना इसी उद्देश्य से आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और लगभग 125 लोगों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवा दी गई। आज के इस शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. जफर नवाब (एमबीबीएस एमएस ईएनटी) , अतिथि चरणजीत राजू गांधी (प्रसाद मोतीलाल नेहरू वार्ड), और सैयद अली हुसैन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जफर नवाब ने कहा इस तरह के स्वास्थ्य के लिए किया जा रहे कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय हैं स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम किए जाने से लोगों को सुविधा मिल जाती हैं और उनका निशुल्क इलाज भी हो जाता है जिससे जरूरतमंद लोग सही इलाज पा जाते हैं।

इस कार्यक्रम में डॉ. शिवम डेंटल क्लिनिक का भी सहयोग रहा। वही इस कार्यक्रम में डॉक्टर टीम की तरफ से डॉ. शिवम, डॉ. जागृति, डॉ. मोहम्मद अशरफ, डॉ. शादमा मजीद मौजूद रहीं । द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वली मिर्जा, मुंतज़िर अब्बास, आदिल मिर्जा और मोहम्मद सादिक (संस्थापक )मौजूद रहे।

**भारत के मतदान महापर्व पर विशेष** | वैसे उत्तर प्रदेश जैसे प्रातों में चुनावी नारों का चलन काफी ज्यादा रहा है, इनके बगैर यहां कोई चुनावी चर्चा पूरी नहीं होती थी

# तब से अब तक के नारों का मतलब-भ्रष्ट स्वार्थी मांगे वोट, दो उसको जूते की चोंट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर।** देश की आजादी के बाद शुरू हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उस समय के राजनीतिक दल एक दूसरे के खिलाफ चाहे जिस तरह के नारों का प्रयोग करते रहे हो लेकिन आज की जो सच्चाई है। वह यही नारा लगवा की नजर आती है , भ्रष्ट स्वार्थी मांगे वोट, दो उसको जूते की चोंट क वैसे भी इस चुनावी दौर में अगर नारों की बात ना हो तो चुनाव का यह महापर्व कुछ फीका सा लगने लगता है।

वैसे उत्तर प्रदेश जैसे प्रातों में चुनावी नारों का चलन काफी ज्यादा रहा है। इनके बगैर यहां कोई चुनावी चर्चा पूरी नहीं होती थी। हालांकि कुछ साल पहले तक चुनावी चकल्लस का जरूरी हिस्सा रहने वाले नारे अब कम सुनाई पड़ते हैं। इनमें से बहुत से नारे ऐसे रहे, जिनके सहारे कभी सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने की कोशिश की गई थी। इनकी बानगी कुछ इस प्रकार से है।

1- जमीन गई चकबंदी में,
मकान गया हदबंदी में,
द्वार खड़ी औरत चिल्लाए,
मेरा मरद गया
नसबंदी में
(आपातकाल और नसबंदी अभियान के खिलाफ काफी चर्चित रहा नारा ) .

2- जली झोपड़ी भागे बैल,
यह देखो दीपक का खेल
(साठ के दशक में जनसंघ और कांग्रेस में नारों के जरिये खूब नोंकझोंक होती थी। उस समय जनसंघ का चुनाव चिह्न दीपक था जबकि कांग्रेस का चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी थी)

3- इस दीपक में तेल नहीं,
सरकार बनाना खेल नहीं।

(जनसंघ के ह्यजली झोपड़ी भागे बैल, यह देखो दीपक का खेलह्ण नारे के जवाब में कांग्रेस का ये जवाबी नारा था)

4- खरो रुपयो चांदी को,
राज महात्मा गांधी को।
(1952 में आजादी के बाद के पहले चुनाव में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ये नारा दिया था)

5- संजय की मम्मीझबड़ी निकम्मी
(1977 में इंदिरा के खिलाफ नारा)

6- बेटा कार बनाता है,
मां बेकार बनाती है ।
(1977 में इंदिरा के खिलाफ नारा)

7- नसबंदी के तीन दलाल-
इंदिरा, संजय, बंसीलाल
(1977 में इंदिरा के खिलाफ नारा)

8- एक शेरनी सौ लंगूर,
चिकमंगलूर-चिकमंगलूर
(1978 में कर्नाटक के चिकमंगलूर से इंदिरा गांधी उप चुनाव लड़ रही थीं। उस दौरान दक्षिण भारत के कांग्रेसी नेता देवराज उर्स ने यह नारा दिया था। )

9- संसोपा ने बांधी गांठ,
पिछड़े पावें सौ में साठ।

(पिछड़ों को सत्ता में भागीदारी के लिए समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया दिया गया नारा)

10- देश की जनता भूखी है ,
यह आजादी झूठी है।

(आजादी के बाद कम्यूनिस्ट नेताओं द्वारा दिया गया नारा।)

11- लाल किले पर लाल निशान, मांग रहा है (हिंदुस्तान
(लेफ्ट पार्टियों द्वारा दिया गया नारा।)

12- धन और धरती बंट के रहेगी,
भूखी जनता चुप न रहेगी।

(समाजवादियों और साम्यवादियों की ओर से 1960 के दशक में दिया गया नारा।)

13- आकाश से नेहरू करें पुकार,
मत कर बेटी अत्याचार।
(आपातकाल के खिलाफ दिया गया एक नारा।)

14- देखो इंदिरा का ये खेल,
खा गई राशन, पी गई तेल।

(इंदिरा के गरीबी हटाओ नारे का उनके राजनीतिक विरोधियों ने इस नारे से जवाब दिया था।)

15- जात पर न पात पर,
इंदिराजी की बात पर,
मुहर लगाना हाथ पर
(कांग्रेस के लिए साहित्यकार श्रीकांत वर्मा का लिखा यह नारा काफी चर्चित रहा।)

16- जगजीवन राम की आई आंधी,
उड़ जाएगी इंदिरा गांधी।
(आपातकाल के दौरान एक नारा।)
17- गरीबी हटाओ (1971 में इंदिरा गांधी ने यह नारा दिया था। उस दौरान वो अपनी हर चुनावी सभा में अपने भाषण के अंत में एक ही वाक्य बोलती थीं- ह्वे कहते हैं, इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ, फैसला आपको करना है)

18- जिंदा कौमें पांच साल तक इंतजार नहीं करतीं
(राम मनोहर लोहिया द्वारा दिया गया नारा)
19- इंदिरा इज इंडिया एण्ड इंडिया इज इंदिरा
(कांग्रेस नेता देवकांत बरुआ ने आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी के बारे में ये नारा दिया था।)
20- इंदिरा हटाओ ,देश बचाओ
( 1977 में जय प्रकाश नारायण द्वारा दिया गया नारा।)

21- सम्पूर्ण क्रांति अब नारा है।
भावी इतिहास तुम्हारा है।
ये नखत अमा के बुझते हैं।
सारा आकाश तुम्हारा है।
दो राह समय के रथ का घर्घर नाद सुनो/ सिंहासन खाली करो कि जनता आती है ।
( जेपी आंदोलन के दौर में रामधारी सिंह दिनकर की कविता कि ये पंक्तियां जनांदोलन का नारा बन गई।)

22- जब तक सूरज चांद रहेगा,
इंदिरा तेरा नाम रहेगा।
(1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस द्वारा दिया गया नारा।)

23- मेरे खून का अंतिम कतरा तक इस देश के लिए अर्पित है ।

(इंदिरा की हत्या के बाद राजीव गांधी के नेतृत्व में लड़े गए चुनाव में कांग्रेस ने इंदिरा



सुनील बाजपेई

के इस कथन को बतौर नारा प्रयोग किया।)

24- उठे करोड़ों हाथ हैं,
राजीव जी के साथ हैं।
(इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुआ आम चुनाव में ये नारा गूंजा।)

25- राजा नहीं फकीर है,
देश की तकदीर है।
(1989 के चुनावों में वीपी सिंह को लेकर बना यह नारा काफी चर्चित रहा।)

26- सौगंध राम की खाते हैं,
हम मंदिर वहीं बनाएंगे।
ये तो पहली झांकी है,
काशी मथुरा बाकी है।
रामलला हम आएंगे,
मंदिर वहीं बनाएंगे।
(राम मंदिर आंदोलन के दौर में भाजपा और संघ के नारे)
27- राजीव तेरा ये बलिदान,
याद करेगा हिंदुस्तान
(1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस पार्टी ने ये नारा दिया।)

28- सबको देखा बारी-बारी,
अबकी बार अटल बिहारी।
(1996 में भाजपा द्वारा दिया गया नारा।)

29- अटल बिहारी बोल रहा है,
इंदिरा शासन डोल रहा है।
(भारतीय जनसंघ के दौर में उसका एक नारा।)

30- भूरा बाल साफ करो
(लालू पर ये आरोप लगा कि उन्होंने ये नारा 1992 में ऊंची जाति के लोगों को अपमानित करने के लिए उछाला था।)

31- रोटी, कपड़ा और मकान,
मांग रहा है हिंदुस्तान
(समाजवादी नेताओं द्वारा दिया गया नारा)

32- महंगाई को रोक न पाई,
यह सरकार निकम्मी है,
जो सरकार निकम्मी है,
वह सरकार बदलनी है।
(समाजवादियों द्वारा इंदिरा गांधी के खिलाफ दिया गया नारा)

33- अटल, आडवाणी, कमल निशान,
मांग रहा है हिंदुस्तान।
(भाजपा द्वारा उसके शुरूआती दिनों में दिया गया नारा।)
34- जात पर न पात पर,
मुहर लगेगी हाथ पर
(1996 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा दिया गया नारा।)
35- राम और रोम की लड़ाई
(1999 के चुनाव में बीजेपी की तरफ से सोनिया गांधी पर निशाना साधने वाला ये नारा भी सामने आया। )
36- आधी रोटी खाएंगे,
इंदिराजी को लाएंगे।
इंदिरा जी की बात पर,
मुहर लगेगी हाथ पर।
(जनता पार्टी के ढाई साल के शासन से परेशान जनता की भावनाओं को भुनाने के लिए 1980 में कांग्रेस ने ये नारा दिया था।)
37- अमेठी का डंका,
बेटी प्रियंका।
(अमेठी में प्रियंका गांधी के पहली बार चुनाव प्रचार में पहुंचने पर स्थानीय कांग्रेसियों का नारा। )
38- हर हाथ को काम,
हर खेत को पानी,
हर घर में दीपक,
जनसंघ की निशानी।
(जनसंघ के समय में उसका एक नारा।)

39- मां, माटी, मानुष ।
(2010 में बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस द्वारा दिया गया नारा।)

40- ठाकुर बाभन बनिया चोर,
बाकी सब हैं डीएसफोर।
तिलक तराजू और तलवार,
इनको मारो जूते चार।
(कांशीराम द्वारा दिए गए नारे।)

41- मिले मुलायम कांशीराम,
हवा हो गए जयश्रीराम।
(993 में जब यूपी में सपा और बसपा ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था तो भाजपा को टार्गेट करता हुआ ये नारा काफी चर्चित रहा।)
42- चलेगा हाथी उड़ेगी धूल,
ना रहेगा हाथ, ना रहेगा फूल
(बसपा का एक नारा। )
43- ऊपर आसमान,
नीचे पासवान
(कभी बिहार में रामविलास पासवान को लेकर ये नारा काफी चर्चित था।)
44-चढ़ गुंडन की छाती पर,
मुहर लगेगी हाथी पर।
(बसपा द्वारा दिया गया एक नारा।)
45-अबकी बार मोदी सरकार।
(2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा दिया गया नारा। )
46- कट्टर सोच नहीं युवा जोश।
( 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा दिया गया नारा।)
47-यूपी में है दम ,
क्योंकि जुर्म यहां है कम
( 2007 उत्तर प्रदेश विधानसभा के समय सपा द्वारा दिया गया नारा।)

48- गुंडे चढ़ गए हाथी पर
गोली मारेंगे छाती पर ।
(बसपा के नारे के खिलाफ विपक्षियों का चर्चित नारा।)

49 -पंडित शंख बजाएगा,
हाथी बढ़ता जाएगा।
( 2007 उत्तर प्रदेश विधानसभा के समय बसपा द्वारा दिया गया नारा।)

50 -हाथी नहीं गणेश है,
ब्रह्मा-विष्णु महेश है।
( 2007 उत्तर प्रदेश विधानसभा के समय बसपा द्वारा दिया गया नारा।)

51 - अबकी बार मोदी सरकार',
हर-हर मोदी, घर-घर मोदी।

(2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के कई नारों में से एक )

52 - 2019 के नए नारे में बीजेपी ने सिर्फ नया शब्द 'फिर' जोड़ा था।
53 - अब होगा न्याय... '।
( कांग्रेस का 2019 का नारा )

इनमें से किसी भी दल से चुनाव नहीं लड़ने वाले यानी निर्दलीय लोगों के नारे की चर्चा करें तो उसके मुताबिक -
बसपा भ्रष्ट, भाजपा बेईमान।
सपा धोखेबाज और कांग्रेस सबकी बाप

लेकिन देश और समाज के हित में चुनावी महापर्व पर जो सबसे महत्वपूर्ण नारा लोगों को उचित लगता है ,उसके मुताबिक -
भ्रष्ट स्वार्थी मांगे वोट, दो उसको जूते की चोंट ।

# बिलारी मे मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** बी एच पी मेमोरियल इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2024 के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । जिसमें कक्षा 10 के टॉपर मौहम्मद सलीम रजा को प्रबंधक हाजी ताहिर हुसैन, द्वारा साइकिल देकर सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में में कॉलेज के प्रबंधक हाजी ताहिर हुसैन, प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, समाजसेवी फैसल इरफान, संचालक मुहम्मद जीशान पाशा एड. आदि ने मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया । प्रबंधक हाजी ताहिर हुसैन ने छात्र छात्राओं से मोबाइल फोन का उपयोग केबल जरूरी होने पर ही करने को कहा । तथा टाईम टेबल बना कर तैयारी करने की सलाह दी । सभी बच्चों को खूब दुआओं से नवाजा गया। खूब तरक्की करें देश दुनिया का नाम रोशन करें । कॉलेज के संचालक मौहम्मद जीशान पाशा एडवोकेट ने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। ओर घोषणा की आने बाली बोर्ड परीक्षा में कोई छात्र छात्रा जिला के मेरिट में स्थान लेकर आता है , उसे इलेक्ट्रिक स्कूटर देकर सम्मानित किया जाएगा ।




## वाहनों की फिटनेस कराने वालों के लिए अच्छी खबरः अब1 मिनट में होगी वाहनों की फिटनेस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वाहनों की फिटनेस कराने वाले जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। संभल रोड स्थित जटपुरा में स्वचलित परीक्षण स्टेशन बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके खुल जाने पर एक मिनट में वाहन के फिटनेस की जांच हो जाएगी। फिटनेस सेंटर एक साल के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा।वर्तमान समय में परिवहन विभाग में वाहनों की फिटनेस की जांच का काम मैनुअल तरीके से किया जाता है। इसके तहत वाहनों के ब्रेक, हॉर्न, टायर, इंजन, रिफ्लेक्टर आदि की जांच की जाती है। एक वाहन के लिए इस प्रक्रिया को पूरा करने में 20 से 25 मिनट लग जाता है। इसे आसान बनाने के लिए शासन के द्वारा जिले में स्वचलित परीक्षण सेंटर खोला जा रहा है। इसमें वाहनों की फिटनेस जांच अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से की जाएगी और वाहन स्वामियों को काफी राहत मिलेगी। वर्तमान समय में मैनुअल तरीके से रोज लगभग100 छोटे-बड़े वाहनों का फिटनेस किया जाता है। स्वचलित परीक्षण स्टेशन खुल जाने के बाद रोज लगभग 250 वाहनों का फिटनेस किया जा सकेगा।स्वचलित परीक्षण स्टेशन दो लेन का बनाया जा रहा है। जिसमें एक लेन हल्के वाहन और दूसरा लेन भारी वाहन के लिए है। स्वचालित परीक्षण स्टेशन का पूरा ले आउट जिसमें पार्किंग, वेटिंग रूम, विजुअल एवं ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्थान, शौचालय, पीने का पानी, प्रवेश व निकास द्वारा भी बनाया जाएगा।

## तीर्थ यात्री अगले साल ट्रेन से कर सकेंगे चार धाम की यात्रा,15 दिन की यात्रा अब 5 दिन में हो जाएगी पूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** तीर्थ यात्री 2025 में ट्रेन से चारधाम की यात्रा कर सकेंगे। रेलवे की चारधाम परियोजना के तहत गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ को रेलवे से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। रेलवे बोर्ड की सीईओ जया वर्मा सिन्हा पिछले दिनों इसका निरीक्षण कर चुकी हैं।इस परियोजना में 327 किमी का रेलवे ट्रैक तैयार किया जाना है। तीन चरणों में बंटी इस परियोजना को रेलवे 2025 तक पूरा करने की दावा कर रही है। इसकी शुरूआत मुरादाबाद रेल मंडल से काफी पहले हो चुकी है। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच 125 किलोमीटर रेल लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है। अब सुरंगों में फिनिशिंग व उन्हें मौसम की दृष्टि से मजबूत बनाने का काम चल रहा है। भारी बारिश व भूकंप का असर भी यहां नहीं होगा। रेल प्रशासन का कहना है कि कार्य पूरा होने के बाद ऋषिकेश- कर्णप्रयाग के बीच की दूरी मात्र डेढ़ से दो घंटे में पूरी हो जाएगी। ट्रैक को इस प्रकार बनाया जा रहा है कि ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सके। चारधाम की यात्रा करने में जहां लोगों को 15 दिन लग जाते थे। वहीं रेलवे की इस परियोजना के पूरा होने के बाद यह यात्रा चार से से पांच दिन में हो जाएगी।

## मुरादाबाद के किसानों ने लक्ष्य के सापेक्ष गन्ने की कम बुवाई की है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वसंतकालीन गन्ना बुवाई का समय अब लगभग समाप्त होने को है, प्रदेश के कुछ जिलों में करीब 95 प्रतिशत तक गन्ना बुवाई हो चुकी है, लेकिन तमाम जिले हैं, जहां वसंतकालीन गन्ना बुवाई की स्थिति काफी खराब रही है, लक्ष्य से काफी पीछे बुवाई रही है।यूपी के खीरी, बिजनौर, मुजफ्फरनगर तथा सीतापुर के किसानों ने लक्ष्य के सापेक्ष 95 फीसदी बुवाई पूरी कर ली है। शाहजहांपुर जिला गन्ने की बुवाई में पांचवें स्थान पर रहा है।

वहीं यूपी के बरेली, कुशीनगर, सहारनपुर, अयोध्या तथा मुरादाबाद के किसानों ने लक्ष्य के सापेक्ष कम बोआई की है' सहारनपुर में 30421 हेक्टेयर में 81843 किसानों ने, अयोध्या में 27268 हेक्टेयर में 68739 किसानों ने, मुरादाबाद में 25224 हेक्टेयर में 43003 किसानों ने, अमरोहा में 25064 हेक्टेयर में 90913 किसानों ने, बहराइच में 22009 हेक्टयर में 61445 किसानों ने, शामली में 21657 हेक्टेयर में 46174 किसानों ने, बुलंदशहर में 19947 हेक्टेयर में 29322 किसानों ने और रामपुर में 18543 हेक्टेयर में 18366 किसानों ने गन्ने की बुवाई की है ।

## 61 साल बाद अक्षय तृतीया पर नहीं गूंजेगी शहनाई, इस दिन हर काम होता है शुभ और फलदायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सनातन धर्म में अक्षय तृतीया तिथि का विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया के दिन अबूझ मुहूर्त होता है। इस दिन किया गया हर काम शुभ और फलदायी होता है। इस दिन बिना पंचांग देखे भी शुभ कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश आदि किए जा सकते हैं। लेकिन इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया पर शहनाई नहीं गूंजेगी। नगर में ज्वेलर्स की दुकानों पर अक्षय तृतीया को लेकर को लेकर सोने चांदी की खरीदारी शुरू हो गई है' आधुनिक आभूषण से दुकानें सज गई है 'अनेक ज्योतिषाचायो के अनुसार 61 साल के बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब अक्षय तृतीया पर विवाह, गौना आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इस बार अक्षय तृतीया के दिन गुरु और शुक्र अस्त होने के कारण ऐसा होगा। 28 जून को शुक्र ग्रह उदय होंगे। इसके बाद ही शादी और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त निकलेगा। लिहाजा इस बार अक्षय तृतीया पर गुरु एवं शुक्र के अस्त होने के कारण विवाह मुहूर्त के लिए जुलाई तक इंतजार करना होगा। 9 जुलाई से शादी की शहनाइयां बजेंगी। जुलाई में विवाह के मुहूर्त 9, 11, 12, 13 एवं 15 तारीख को हैं।




## अब तक कुल 1,42,42,440 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**लखनऊ (आरएनएस) ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,42,42,440 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 87,43,295 तथा निजी स्थानों से 54,99,145 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 9,70,800, पोस्टर के 40,07,084, बैनर के 24,47,863 एवं अन्य 13,17,548 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,61,268, पोस्टर के 25,43,740 बैनर के 13,74,521 एवं अन्य 8,19,616 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2194 मामलों में कार्यवाही की गयी।

## श्री गंगा जन्मोत्सव 12 से 14 मई तक ब्रजघाट धूमधाम से मनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** गंगा सभा (रजिस्टर्ड ) आरती समिति के तत्वाधान में गत वर्षों की भांति गंगा सप्तमी पर्व पर 12 से 14 मई तक श्री गंगा जन्मोत्सव समारोह बृजघाट पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जायेगा ' 3 दिवसीय कार्यक्रम सायं 6.30 बजे माँ गंगा की महाआरती से कार्यक्रम का आरम्भ होगा तीनों ही दिन "सायंकालीन महाआरती" के उपरान्त वैष्णवी कला मंच के "टी.वी. कलाकार राहुल " के द्वारा 3 दिवसीय रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम होगा ' भगवान श्रीराम अयोध्या मंदिर की दिव्य झांकी के दर्शन,माँ गंगा का "नौका विहार कार्यक्रम" का आयोजन होगा ' यह जानकारी सोमवार की शाम गंगा सभा के सचिव डॉ अनुज अग्रवाल ने दी है।

## शासन ने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए मिट्टी के घड़े, सुराही एवं हैंडिलयुक्त बर्तन की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए विद्यालय में शुद्ध और स्वच्छ पेयजल के बेहतर इंतजाम किए जाने के निर्देश शासन ने दिए हैं। पीने के लिए शीतल जल की व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में मिट्टी के घड़े, सुराही एवं पानी निकालने को हैंडिलयुक्त बर्तन की व्यवस्था करने को कहा गया है। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने प्रदेश के सभी बीएसए को पत्र लिखा है जिसमें सुराही एवं हैंडिलयुक्त बर्तन की व्यवस्था करने को कहा गया है ' अपर राज्य परियोजना निदेशक ने

सभी बीएसए को पत्र लिखकर आदेशित किया है कि गर्मी में तापमान में वृद्धि के कारण जनजीवन अत्यधिक प्रभावित होता है। गर्मी एवं लू से बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने की संभावना अधिक होती है। ऐसी स्थिति में हीट वेव के कारण शरीर में पानी की कमी होने से बुखार आना, चक्कर आना, मांसपेशियों में दर्द, थकान, कमजोरी, सिर दर्द, दस्त, उल्टी इत्यादि की समस्या हो सकती है।

विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों एवं शिक्षकों को हीट वेव के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। पत्र में कहा कि विद्यालय में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल के लिए उपलब्ध संसाधनों हैंडपंप, पाइप पेयजल कि क्रियाशीलता एवं पानी की टंकी की साफ-सफाई की व्यवस्था कराएं। यदि विद्यालय में किन्हीं परिस्थितियों के कारण पेयजल संसाधान निष्क्रिय हैं तो वैकल्पिक स्रोत से पर्याप्त मात्रा में पेयजल सुविधा उपलब्ध होने चाहिए। बच्चों को समय-समय पर उचित मात्रा में पानी पीने के विशेष महत्व से अवगत कराएं। साथ ही बच्चों को अपने साथ घर से पानी की बोतल लाने के लिए प्रेरित करें व इस बात का ध्यान रखें कि विद्यालय से घर जाते समय बच्चों की बोतल में पानी अवश्य हो।

## देश की जनता को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा : बृजेश पाठक

**लखनऊ (आरएनएस) ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लोकसभा अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के चुनाव प्रचार में गोसाईगंज अमेठी में जनसभा को संबोधित किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस व सपा परिवारवाद, जातिवाद तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए राजनीति कर रहे हैं।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में विद्युत व्यवस्था में भ्रष्टाचार चरम पर था।

पहले बिजली चंद घंटे के लिए आती थी, आज जनपद के 75 जिलों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार का आलम यह था कि खेल भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं थे, कॉमनवेल्थ गेम में भी भ्रष्टाचार किया गया। भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस सरकार का कोई जोड़ नहीं रहा। वहीं भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजा जा रहा है। कहा कि अमेठी के साथ साथ रायबरेली में भी कांग्रेस की करारी हार होगी, अमेठी में कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी, उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली को कांग्रेस अपनी जागीर समझती थी। विकास के नाम पर अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस ने कुछ भी नहीं किया और इस बार फिर अमेठी की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब राजतंत्र नहीं है।

पिता राज करे फिर पुत्र राज करें। देश में संविधान का राज है, लोकतंत्र है। देश की जनता जिसे चुनेगी वही देश चलाएगा। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनता भाजपा के साथ है।

देश की जनता को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। कहा कि भाजपा सरकार में घर-घर नल के द्वारा जल भेजने का कार्य किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में छात्रों को निशुल्क सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। फोर लाइन ,सिक्स लाइन से लेकर कई एक्सप्रेस वे बनाए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। आगे 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिलेगा। अमेठी के गोसाईगंज में जनसभा को संबोधित करने के बाद श्री बृजेश पाठक ने गौरीगंज विधानसभा के शाहगढ में भी विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर भाजपा के लिए मतदान करने की अपील की।

## चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

कांठ (सुदेश बिश्नोई) 'रविवार को हुई चोरी हुई घटना का पुलिस ने सोमवार को खुलाशा करते हुऐ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार की दोपहर बाद रायपुर खुर्द गांव का सुरेंद्र पुत्र मदनपाल मुख्यिारपुर नवादा गांव मे दबाई लेने के लिए आया उसने बाईक खडी की और दुकान मे चला गया। बाहर आया तो बाईक गायब थी। पीडित थाने पहुंचा और घटना की तहरीर दी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। लेकिन सोमवार को पुलिस ने घटना का खुलाशा करते हुऐ अनुज गूर्जर पुत्र हरिओम निवासी बेगमपुर और अनुज सिंह पाल पुत्र अशोक पाल हाल निवासी रेलवे कालोनी कांठ को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाईक को बरामद कर लिया और दोनो का चालान कर दिया। घटना का खुलाशा करने में उप निरीक्षक बेदपाल सिंह, विपिन राठी और हेड कांस्टेबिल सुबोध और अंकित का सहयोग रहा।




## तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई गई पद और गोपनीयता की शपथ,अधिवक्ता वादकारियों सस्ता और सुलभ न्याय दिलाएंः कुंवर सूर्य सेन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आज मुख्य अतिथि कुंवर सूर्यसेन सिंह, (न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय) ने भव्य समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई ' मुख्य अतिथि ने अधिवक्ताओं से वादकारियो को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने का आह्वान किया ' सोमवार को तहसील बार सभागार में आयोजित समारोह में तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, महासचिव नन्हें खां, कोषाध्यक्ष वैभव विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी चरन सिंह ढाका, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अफसर, वाजिद अली, महेंद्र सिंह सहसचिव प्रशासनिक शुभम विश्नोई, सहसचिव पुस्तकालय अतुल कुमार, सहसचिव प्रकाशन पारितोष भारती और कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद सुहैल खान व जाहिद हुसैन को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण दिलाई गई । मुख्य अतिथि ने कहा कि अनुशासन और मानको का पालन करते हुए चुनाव संपन्न कराए हैं उसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। उन्होने लोगो को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओ का हर सम्भव सहयोग करेंगे। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि लोक सभा चुनाव सम्पन्न हो चुके है बार की कार्यकारिणी का गठन भी हो चुका है अव अधिवक्ता कोर्ट को चलाने मे सहयोग करे और वादकारियो को सुलभ न्याय दिलाने का काम करें। नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अयूब ने सभी को साथ लेकर चलने और सहयोग का भरोसा दिलाया। शब्बीर मोमिन ने गजल सुनाकर शमां बांधा। इस मौके पर चुनाव कमैटी के शमसाद अहमद, विनीत नैन, शहजाद रफी, दीपक विश्नोई, प्रदीप कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।





## मुख्यिारपुर नवादा में कुत्तों ने हिरण को बनाया शिकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** 'विकास शर्मा (जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) सोमवार को सूचना मिलने पर ग्राम मुख्यिारपुर नवादा के जीव जंतु प्रेमी मास्टर धर्मपाल के निवास पर पहुंचे उन्होंने बताया कि गांव के पूर्व प्रधान राजीव कुमार के घर के पास एक हिरण को आवारा कुत्तों ने घायल कर दिया है। विकास शर्मा द्वारा पशुपालन विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो हिरण की मृत्यु हो चुकी थी वन विभाग द्वारा हिरण का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्राम मुख्यिारपुर नवादा के गांव में आबादी के पास हिरण आने की यह दूसरी घटना है इससे 3 दिन पहले एक हिरण को आवारा कुत्तों ने पीछा किया हिरण अपनी जान बचाने के लिए नहर में कूद गया पुलिया के नीचे कूड़े में फंस गया था जिसको गांव के लोगों ने निकाला एवं वन विभाग के हवाले किया ,अधिक गर्मी होने के कारण वन्य जीव पानी की तलाश में आबादी के नजदीक आ रहे हैं। गौ सेवा गतिविधि वन विभाग एवं प्रशासन से मांग करती है। गांव के आसपास जो तालाब सूख गए या जिन पर लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है ऐसे तालाबों को मुक्त कराकर पुनर्जीवित कर उसमें पानी भरवारा जाए। जिससे वन्य जीव अपनी प्यास बुझाकर जंगलों में चले जाएं एवं सुरक्षित रहे।



**हस्ताक्षर** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज का कार्ल जाइस और मिबिज के संग हुए एमओयू साइन

# टीएमयू में जल्द ही खुलेगा कार्ल जाइस का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने कार्ल जाइस और मिबिज साइबर फॉरेंसिक के बीच एमओयू साइन हुए हैं। टीएमयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, जबकि कार्ल जाइस की ओर से विशेषज्ञ सुश्री इवांगेलिन राजाथी ने टीएमयू कैंपस में हस्ताक्षर किए। इसके तहत यूनिवर्सिटी कैंपस में कार्ल जाइस का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलेगा। इस मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, कार्ल जाइस की प्रतिनिधि श्री कुशल मेहरा, प्रो. रूचि कांत, श्री राकेश यादव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमओयू में कार्ल जाइस की ओर से अतिथि व्याख्यान, इंटस्ट्रीयल विजिट, कैंपस ड्राइव/सलेक्शन, नेत्र चिकित्सा विवरण इकाई की स्थापना, ई-लर्निंग कार्यक्रम- पाठशाला बाय जाइस आदि को लेकर सहमति बनी है। कार्ल जाइस की ओर से विशेषज्ञ सुश्री इवांगेलिन राजाथी ने अतिथि व्याख्यान भी दिया। सुश्री राजाथी ने ऑप्थैलमिक लेंस के अपडेशन पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं ने अतिथि से सवाल भी किए। संचालन स्टुडेंट्स रिषभ चौधरी और सहबा नकवी ने किया। दूसरी ओर रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा और मिबिज साइबर फॉरेंसिक के चेयरमैन श्री रेजी वसंत वी.जे. के बीच वर्चुअली एमओयू हुआ। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, एचओडी श्री रवि कुमार की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमओयू के तहत फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ट्रेनिंग, गेस्ट लेक्चर, वर्कशॉप आदि के लिए समझौता हुआ है। यह जानकारी देते हुए फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार ने बताया, हम स्टुडेंट्स के स्वर्णिम करियर को लेकर बेहद संजीदा हैं। स्मार्ट क्लासेज के संग-संग प्रैक्टिल स्टडी पर भी जोर रहता है।

समय-समय पर फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर तक के छात्रों को इंडस्ट्रीयल विजिट भी कराते हैं। कैंपस में ऑफ लाइन और ऑन लाइन लेक्चर्स के लिए नामचीन विशेषज्ञों को आमंत्रित करते हैं। प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार बताते हैं, डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में यूजी और पीजी के अलावा अब फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी का भी श्रीगणेश हो गया है।



## ग्लोबल पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का हुआ गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी ग्लोबल पब्लिक स्कूल कुचावली में सोमवार को छात्र परिषद का गठन किया गया 'थाना प्रभारी छ्जलेट अर्जुन त्यागी द्वारा दायित्व धारकों को प्रतीक चिन्ह एवं बैच द्वारा अलंकृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष संदीप जैन, निर्देशक नितिन जैन, प्रधानाचार्य जॉस पी थॉमस ने छात्रों को अपने दायित्वो का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी प्रतिभाग लिया । अतिथि गणों का आभार संदीप जैन ने व्यक्त किया ।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# करियर से संतुष्ट हूं,लेकिन मुझे अभी एक लंबा रास्ता तय करना है: अलाया एफ

2020 में अपने करियर शुरूआत के बाद से, अलाया एफ ने कई बड़े बजट की फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जो उन्हें कड़ी मेहनत के बाद मिलती है और कुछ उनके भाग्य से मिलती हैं। अलाया ने कहा, हां, मैं अलग-अलग चीजें करने की कोशिश करती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे हर तरह की फिल्में ऑफर होती हैं। उसमें कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जिनके लिए मैं बहुत मेहनत करती हूं और कुछ फिल्में पूरी तरह से भाग्य पर निर्भर होती हैं। यह हर चीज का मिश्रण है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे अलग-अलग भूमिकाएं मिलीं और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगी। एक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी अलाया ने सैफ अली खान स्टारर फिल्म जवानी जानेमन से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें साइकोलॉजिकल थ्रिलर फ्रेडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और बड़े मियां, छोटे मियां में देखा गया। वह जल्द ही श्री में नजर आएंगी। जब उनसे पूछा गया कि बड़ी फिल्में उनके पास आ रही हैं, क्या उन्हें लगता है कि उन्होंने अपने करियर में खास मुकाम हासिल कर लिया है? एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी एक्टर यह कहेगा, हां, मैंने इसे बनाया है। मैं अपने करियर से संतुष्ट हूं, लेकिन मुझे अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। मैं आगे बढ़ रही हूं और मुझे नहीं लगता कि यह कभी खत्म होगा। मुझे लगता है कि मैं हर दिन अपना बेस्ट दे रही हूं और उम्मीद करती हूं कि लोगों को यह पसंद आएगा।

# वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में शामिल हुए मनीष पॉल!



शशांक खैतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।इस फिल्म के लिए वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर हाथ मिलाया है। बवाल के बाद यह वरुण और जाह्नवी के बीच दूसरा सहयोग है।ताजा खबर यह है कि छोटे पर्दे के प्रसिद्ध अभिनेता और होस्ट मनीष पॉल भी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में अपनी अदाकारी का तडका लगाने को तैयार हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण और जाह्नवी के साथ मनीष भी नजर आएंगे।अभिनेता की निमार्ताओं से बातचीत जारी है। मनीष को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आ गई है।उम्मीद है कि वह जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। फिलहाल खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, इससे पहले अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा और अभिनेता रोहित सराफ के फिल्म से जुडने की खबर सामने आई थी।

करण जौहर सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के निमार्ता हैं। यह 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वरुण और करण ने इससे पहले स्टूडेंड ऑफ द ईयर, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, कलंक और जुग जुग जियो जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।उधर, जाह्नवी को करण ने धडक से बॉलीवुड के दर्शन कराए थे। फिर दोनों ने घोस्ट स्टोरीज और गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल में साथ काम किया।

# बैकलेस आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक, तस्वीरें देख फैंस के उड़े होश

एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने स्टनिंग फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान उनकी ओर खींच लिया है। टिकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद कम उम्र में लोगों के बीच



अपनी पहचान बनाई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस को हैरान कर दिया है।

लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कैमरे के सामने एक से बढकर एक स्टनिंग लुक में पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया पर बवाल मच जाता है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अवनीत कौर ने व्हाइट कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख स भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर बड़े मियां छोटे मियां पर भारी पड़ रही अजय की मैदान

ईद के मौके पर सिनेमाघरों में अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन की 'मैदान' रिलीज हुई थी. दोनों फिल्मों के बज को देखते हुए लग रहा था कि ये साल 2024 की सबसे बड़ी हिट साबित होंगी. लेकिन इन दोनों की परफॉर्मेंस बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब रही है. दोनों ही फिल्में रिलीज के तीन हफ्तों से बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए स्ट्रगल कर रही है. चलिए यहां जानते हैं 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' ने रिलीज के 23वें दिन कितनी की कमाई?

अब्बास जफर के निर्देशन में बनी 'बड़े मियां छोटे मियां' में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस से लेकर कॉमेडी और रोमांस सब कुछ डाला गया था. हर किसी को उम्मीद थी कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा देगी. लेकिन ईद जैसे त्योहार पर रिलीज होने के बावजूद इस फिल्म ने बेहद कम कमाई की.

हालांकि फिल्म ने पहले हफ्ते में 49.9 करोड़ का कलेक्शन किया. जिसके बाद लगने लगा था कि फिल्म अपना बजट तो निकाल ही लेगी. हालांकि रिलीज के दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया और इसके सेकंड वीक का कलेक्शन 8.6 करोड़ रुपये रहा.इसके बाद फिल्म की तीसरे हफ्ते की कमाई महज 3.9 करोड़ रुपये रही. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के चौथे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसके चौथे फ्राइडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के 23वें दिन यानी चौथे फ्राइडे 30 लाख की कमाई की. इसी के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' का 23 दिनों का कुल कलेक्शन अब 62.70 करोड़ रुपये हो गया है। देश के बेहद फेमस फुटबॉल कोच रहे सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन ने एक बार फिर अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है. इस इंस्पायरिंग स्टोरी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में देखकर निकलने वाले हर दर्शक ने सराहा हैं लेकिन फिर भी 'मैदान' कमाई के मामले में फिसड्डी साबित हुई है।



शानदार रिव्यू के बावजूद 'मैदान' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 28.35 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई 9.95 करोड़ रुपये रही. तीसरे हफ्ते में 'मैदान' ने 7.3 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के चौथे हफ्ते में पहुंच चुकी है औ इसी के साथ 'मैदान' के चौथे फ्राइडे की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ चुके हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान' ने रिलीज के चौथे फ्राइडे 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदान' का 23 दिनों का कुल कलेक्शन अब 46.10 करोड़ रुपये हो गया है.

'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' बॉक्स ऑफिस पर रेंग-रेंग कर कमाई कर रही है. दोनों ही फिल्में अपने बजट की आधी लागत भी वसूल नहीं पाई है. फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर अगले हफ्ते कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है. ऐसे इन दोनों फिल्मों के पास अभी टिकट काउंटर पर थोड़ी बहुत और कमाई करने का मौका है।

# थिएटर के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई अजय देवगन की शैतान

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर हॉरर फिल्म 'शैतान' ने थिएटर में खूब गर्दा उड़ाया. इस फिल्म ने अपने काले जादू से दो महीने तक बॉक्स ऑफिस को अपने वश में किये रखा और जमकर कारोबार किया. इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था. वहीं थिएट्रिकल रिलीज के लगभग दो महीने बाद फाइनली 'शैतान' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे दी है. चलिए जानते हैं इस सुपरनेचुरल थ्रिलर को ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं?

'शैतान' काले जादू और तंत्र मंत्र पर बेस्ड फिल्म है. इस हॉरर थ्रिलर की कहानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और इसने सिनेमाघरों में शानदार परफॉर्म किया था. वहीं थिएटरों में धमाल माचने के बाद फाइनली 'शैतान' ओटीटी पर रिलीज हो गई है. ये फिल्म दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है. शुक्रवार को, स्ट्रीमिंग दिग्गज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की थी कि फिल्म शनिवार, 4 मई, 2024 को डिजिटल रिलीज हो रही है.



फिल्म के एक पोस्टर के साथ, नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, घर के दरवाजे बंद रखना, कहीं शैतान ना आ जाए शैतान आधी रात को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करनी शुरू कर रहा है !यानी जो लोग 'शैतान' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, वे अब अपने घरों में आराम से फिल्म का मजा ले सकते हैं।

बता दें कि 'शैतान' सिनेमाघरों में 8 मार्च को रिलीज हुई थी. इसे जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रेजेंट किया गया था और इसका निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने किया था. वहीं फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया है. 'शैतान' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है और ये गुजराती की हॉरर फिल्म वश की हिंदी रीमेक है. इस फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन, ज्योतिका और जानकी बोदीवाला ने अहम रोल प्ले किया है. शैतान में अजय देवगन ने फिर दृश्यम 2 के बाद एक प्रोटेक्टिव पिता के रोल में कमबैक किया था. इस फिल्म में अजय अपनी बेटी को बचाने के लिए शैतानी ताकतों से भिड़ जाते हैं. फिल्म में आर माधवन ने शैतान का किरदार निभाया है. माधवन ने अपने इस रोल से खूब लाइमलाइट बटोरी है।

# बॉक्स ऑफिस पर आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का खेल लगभग खत्म

सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा फिल्म रुसलान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्हें इस फिल्म की सफलता से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी मेहनत पर्दे पर रंग न ला पाई।दर्शकों के साथ-साथ ज्यादातर समीक्षकों ने भी फिल्म को नकार दिया। यही वजह है कि पहले ही दिन से यह सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरस रही है।8वें दिन भी फिल्म की कमाई ने दम नहीं भरा।आइए फिल्म का कुल कारोबार जानें।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, रुसलान की कमाई रिलीज के 8वें दिन और गिर गई। 7वें दिन इसने 29 लाख रुपये तो 8वें दिन महज 7 लाख रुपये अपने खाते से जोड़े। यह पहला मौका है, जब फिल्म ने इतनी कम कमाई दर्ज की है।इस तरह देशभर में अब तक फिल्म का कुल कलेक्शन सिर्फ 4 करोड़ 7 लाख रुपये हो पाया है। कमाई तो छोड़िए, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पाई-पाई की मोहताज हो गई है। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 60 लाख रुपये कमाए थे। वीकेंड पर कलेक्शन में उछाल देखने को मिला था, लेकिन कमाई कुछ खास नहीं हुई।फिल्म ने दूसरे दिन 80 लाख, तीसरे दिन 90 लाख, चौथे दिन 40 लाख, 5वें दिन 55 लाख, छठे दिन 46 लाख और 7वें दिन 29 लाख रुपये कमाए।रुसलान को बनाने में 25 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन कमाई के आंकड़ों से लग नहीं रहा है कि ये अपनी लागत भी वसूल पाएगी।



करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान में आयुष एक रॉ एजेंट की भूमिका में हैं। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी बाडी और सिक्स पैक एब्स बनाने और एक्शन में तेज-तर्रार होने के लिए खूब मेहनत की, लेकिन इस चक्कर में वह अपनी एक्टिंग पर काम करना भूल गए।भावुक, गुस्सैल हर सीन में वह एक जैसा अभिनय करते हैं। चेहरे पर भाव आने से पहले ही चले जाते हैं। फिल्म में ज्यादातर उनके एक्शन की तारीफ हुई है।

# पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीर मल्लू का टीजर जारी

पावर स्टार पवन कल्याण की आने वाली फिल्म हरि हर वीर मल्लू का टीजर रिलीज हो गया है। यह उनकी पैन इंडिया फिल्म है, जिसका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। टीजर के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है। फिल्म को इसी साल रिलीज किया जाएगा। हालांकि, इसकी तारीख को लेकर निमार्ताओं की ओर से कोई खुलासा नहीं किया गया है।

फिल्म निमार्ताओं की ओर से 30 अप्रैल को घोषणा की गई थी कि हरि हर वीर मल्लू का टीजर रिलीज कर दिया जाएगा। पवन के फैंस तभी से उनकी झलक देखने के लिए बेताब हो रहे थे। आज निमार्ताओं ने अपने वादे के मुताबिक टीजर जारी कर दिया है। हरि हर वीर मल्लू एक पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसका निर्देशन कृष जगरलामुडी ने किया हैं। खास बात यह है कि इसे दो भाग में रिलीज किया जाएगा।



पवन कल्याण के अलावा निधि अग्रवाल भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। दर्शकों को सबसे ज्यादा दिलचस्पी बॉबी देओल को देखने में थी, क्योंकि वह इस फिल्म में मुगल बादशाह औरंगजेब का किरदार अदा कर रहे हैं। टीजर में उनके किरदार की हल्की सी झलक देखने को भी मिली है, जिसने फैंस की उत्सुकता को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

# प्रियंका ने संभाली रायबरेली-अमेठी की कमान, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को बनाया गया पर्यवेक्षक

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी अमेठी और रायबरेली की सीट हर हाल में अपने पास बनाए रखना चाहती है। इसके लिए दोनों ही सीटों पर प्रियंका गांधी अपनी 40 सदस्यीय टीम के साथ काम पर लगी हुई हैं। इसके तहत वह घर-घर में दस्तक देंगी और नुक्कड़ सभाएं करेंगी। वहीं, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा सीट पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली सीट की जिम्मेदारी देते हुए पर्यवेक्षक तैनात किया है। रायबरेली सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी हैं जबकि अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। लंबे समय तक चली रस्साकशी के बाद गांधी परिवार ने अंतिम दिन रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया था। नामांकन के वक्त सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा ने भी राहुल के नामांकन में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दिया था। इन दोनों सीटों की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। पार्टी की ओर से अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है,



लेकिन प्रियंका गांधी की 40 सदस्यी टीम रायबरेली पहुंच गई है। यह टीम प्रियंका के चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रही।
सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाएंगी। इसके लिए प्रदेशभर से डाटा इकट्ठा किए गए हैं। वह करीब ढाई सौ नुक्कड़ सभा करेंगी। इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे भी होंगे और मंच पर मौजूद लोगों को सामाजिक समीकरण की दृष्टि से रखा जाएगा। सूत्रों का यह भी दावा है कि टीम की ओर से तैयार किए गए रोडमैप के तहत वह कुछ इलाके में घर-घर जनसंपर्क करेंगी। इस बीच स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों और दशकों से गांधी परिवार के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले लोगों के घर तक जाएंगी। उनके ठहरने के लिए रायबरेली के एक गेस्ट हाउस में इंतजाम किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक प्रियंका रायबरेली और अमेठी के बूथवार निगरानी करेंगी। इसके लिए पार्टी की ओर से उनकी टीम को दोनों लोकसभा क्षेत्र की कमेटियों की सूची रविवार को सौंप दी गई है। प्रदेश मुख्यालय से सभी कमेटियों को अलर्ट रहने का भी संदेश दिया गया है। वह सोशल मीडिया अभियान पर भी नजर रखेंगी। उनकी टीम में कई ऐसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो फेसबुक, ट्विटर, इंट्राग्राम और व्हाट्स एप पर नजर रखते हुए उनके संचालन के लिए रणनीति तैयार करेंगे। यह रणनीति प्रियंका गांधी के निर्देश के तहत बनेगी। चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी अलग-अलग संगठनों के लोगों से संवाद करेंगी। इसके लिए रायबरेली और अमेठी के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सूची भी इकट्ठा की गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी रायबरेली से ही अन्य राज्यों में कुछ समय के लिए चुनाव प्रचार के लिए जा सकती हैं।

# कुणाल हत्याकांड: पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का खुलासा,पुलिस की नाकामी

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में ढाबा संचालक के अगवा बेटे को ढूंढ निकालने में पुलिस नाकाम साबित हुई। पांच दिन तक परिजन और ग्रामीण प्रदर्शन कर जांच करने की मांग करते रहे। वहीं पुलिस इसे अपहरण का मामला मानने से इन्कार करती रही। बाद में पुलिस ने अगवा करने की बात मानी हालांकि इसके बाद परिजनों से पूछताछ और मारपीट की गई।
ढाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा का आरोप है कि बीटा- 2 पुलिस की लापरवाही से बेटे कुणाल की जान गई। वह शुरू से ही अनहोनी की आशंका जताते रहे थे। लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो बेटे की जान बच सकती थी। उन्होंने कहा कि हत्या का दोष पुलिस पर है। वह पुलिस को कभी माफ नहीं करेंगे।
इससे पहले, रविवार सुबह बुलंदशहर में अपहत किशोर का शव मिलने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आनन-फानन परिजन और ग्रामीण बुलंदशहर पहुंच गए। जहां अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने पुलिस की नाकामी पर सवाल उठाए।
शव मिलने के बाद ग्रामीण बीटा-दो कोतवाली पर प्रदर्शन करने के लिए निकल पड़े। रविवार शाम 5 बजे कुणाल का शव रबूपुरा स्थित म्याना गांव लाया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे परिजन और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। कुणाल का शव म्याना गांव लाए जाने से पहले बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार पहुंच गए थे। हंगामे की आशंका देख मौके पर बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि पहले ढाबा संचालक कृष्ण



कुमार की पत्नी की हत्या हो हुई थी अब बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों की जान पर खतरा होने की बात कहकर सुरक्षा देने की मांग की। जिसे पुलिस ने मान लिया। अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की बात कही। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार किया गया। सिर पर भारी वस्तु के प्रहार से मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर भारी वस्तु के प्रहार से मौत होने की बात सामने आई है। कुणाल के सिर पर लाठी या अन्य किसी ठोस वस्तु से प्रहार किया गया। इसके चलते ब्रेन में चोट पहुंची। चोट बाहरी तरफ न खुलकर अंदर ही ब्लीडिंग होती रही। हत्या के बाद शव नहर में फेंक दिया गया। जांच के लिए विसरा प्रिजर्व कर फोरेंसिक लैब भेजा गया है।
मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी गई थी। बच्चा महिला के साथ गया था। कुछ लोगों से पूछताछ में महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के साथ अन्य टीम भी जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।
**शिवहरि मीणा, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, गौतमबुद्धनगर।**

# गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग द्वारा 5 दिवसीय (एफडीपी) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारम्भ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** गलगोटियास विश्वविद्यालय में 6 मई, 2024 से 10 मई, 2024 तक चलने वाले "क्लाउड प्रैक्टीशनर (अहर)" शीर्षक के अन्तर्गत 5-दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम (ऋड्ढ) का आयोजन गलगोटियास विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (रउरए), विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ गलगोटियास विश्वविद्यालय के वॉइस चॉसलर डा० के० मल्लिकार्जुन बाबू और प्रो० वाइस चांसलर डा० अवधेश कुमार के संरक्षण में किया गया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साईंस ऑफ इंजीनियरिंग विभाग की डीन डा० सुनीता यादव कार्यक्रम की समन्वयकः डॉ० चारु अग्रवाल, वैशाली गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम ऑफलाइन मोड में क्ळ्ळ अकादमी के सहयोग से गलगोटियास विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साईंस



ऑफ इंजीनियरिंग विभाग की डीन डा० सुनीता यादव के दिशा निर्देशन में किया गया। इस पाँच दिवसीय ह्लफैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामह्व का मुख्य उद्देश्य शिक्षक सदस्यों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। और कक्षा में प्रौद्योगिकी का प्रभावी एकीकरण करना है। इस बहुत ही महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में (गलगोटियास विश्वविद्यालय) के 20 प्रतिभागी और 10 प्रतिभागी बाह्य कॉलेज और विश्वविद्यालयों से भाग ले रहे हैं। जिसमें विशेष रूप से बेनेट विश्वविद्यालय, गौतम बुद्ध नगर, आईआईएलएम विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, इंटीग्रेटेड एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद, सत्युग दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर, अजय कुमार गार्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद) सम्मिलित हैं। संसाधन व्यक्तिः इस एफडीपी कार्यक्रम के मुख्य ट्रेनर हैं आदित्य झा, जो प्रशिक्षण और विकास, आईसीटी अकादमी में तकनीकी प्रशिक्षक हैं। वो अगले पाँच दिनों तक अपने बहुमूल्य ज्ञान से सभी को ओतप्रोत करेंगे।

## -जयप्रकाश का नामांकन पत्र भरवाने के बाद जनसमूह को किया संबोधित

# हिसार तै जयप्रकाश ने जीता दयो मैं थारी हरियाणा में सरकार बणा दूँगा : हुड्डा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** इंडिया गठबधन के हिसार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जयप्रकाश ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान सहित पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इससे पूर्व जयप्रकाश का दिल्ली बाईपास रोड़ स्थित ब्लू बर्ड ट्यूरिजम से रोड़ शुरू हुआ। हजारों कार्यकताओं के साथ रोड़ शो का नेतृत्व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने किया। रोड़ शो के दौरान हाउसिंग बोर्ड सिरसा रोड़, अनाज मंडी, क्लोथ मार्केट, तलाकी गेट, नागोरी गेट, पारिजात चौक, गणेश मार्केट, रानी लक्ष्मीबाई चौक, फव्वारा चौक होते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे। पूरे रास्ते हर स्थान पर इंडिया गठबधन के प्रत्याशी जय प्रकाश व उनके साथ सभी वरिष्ठ पार्टी नेताओं का फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर दुकानों की छतों से कार्यकताओं और उनके समर्थकों ने फूलों की वर्षा की।
रोड़ शो के दौरान उमड़े हजारों के जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र




सिंह हुड्डा ने कहा कि आप जयप्रकाश को लाखों-लाख वोटों से जीताने का काम करें। आने वाले विधानसभा में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार मैं थारी ल्यादूंगा। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश जैसा ईमानादार , बहादुर और काम करने वाला आदमी थामनै कद्दै कौनी मिलै। इसलिए जयप्रकाश को जीताकर संसद में भेजने का काम करें थारे सारे काम बणगै। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी द्वारा किये गये वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, 15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंनें मतदाताओं से अपील की कि वे हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव मतदान में अपने वोट का सही इस्तेमाल करें और कांग्रेस इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से जीताकर भेजें तभी हरियाणा का विकास सम्भव हो सकेगा। रोड़ शो में उमड़ा अपार जनसमूह को देखकर गदगद हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि आने वाली 25 मई को समझो भाजपा गई। जयप्रकाश को हिसार की जनता का पूरा आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी ने हमेशा झूठी जुमलेबाजी की राजनीति की है। अब की बार लोग बीजेपी के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग बीजेपी की सरकार से दुखी है।

# अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये, 4704 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

**लखनऊ (आरएनएस) ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 05 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4704 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,80,333 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 23,45,004 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

# पीड़ित परिवार को मिले 50 लख रुपए की आर्थिक मदद एवं दोषियों को मिले कड़ी सजा: भाटी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** कुणाल हत्याकांड में दोषी लोगों एवं लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को कड़ी सजा मिले एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद मिलनी चाहिए। यह मांग समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्याम सिंह भाटी प्रदेश की मुख्यमंत्री से की है उन्होंने ट्वीट करके कहा है इस प्रकरण में कि पुलिस की कार्यशैली पूरी से गैर जिम्मेदार रही है। जिससे जनपद गौतम बुद्ध नगर में अपराध बढ़ रहे है। कुणाल हत्याकांड के मामले में पुलिस ने तनिक



भी गंभीरता दिखाई होती तो परिवार का चिराग नहीं बुझता। इस हत्याकांड में शामिल सभी लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए साथ ही लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में लगातार पुलिस की लापरवाही के मामले सामने आ रहे है। जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद है और उनमें कानून का बिल्कुल भी खौफ नहीं है, जिससे कुणाल हत्याकांड जैसी घटनाओं को आसानी से अंजाम दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने का खोखला दावा कर रहे हैं। जबकि असलियत में लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में उत्तर प्रदेश नंबर वन है।

# भाजपा सरकार ने किसान वर्ग के उत्थान पर दिया सबसे ज्यादा जोर : रणजीत सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा)।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसान वर्ग के उत्थान पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। सरकार का हमेशा यही

## लोकसभा उम्मीदवार ने किया नारनौंद क्षेत्र के गांवों का दौरा

प्रयास रहा है कि कृषि प्रधान देश का किसान खुशहाल होना चाहिए।
रणजीत सिंह चौटाला अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव पेटवाड़ में जनसभा करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार सदैव किसान हितैषी रही है और किसानों के हित में अनेक कदम उठाए हैं। किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी नीतियां लागू की है, जिनका किसान वर्ग फायदा उठा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएपी व यूरिया खाद पर सरकार 75 प्रतिशत सबसिडी दे रही है, खेत में डिग्गी खोदने पर भी 75 प्रतिशत और सोलर पंप लगाने पर भी सरकार 75 प्रतिशत सबसिडी दे रही है ताकि किसानों को लाभ पहुंचे और उन पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि 30 साल पुराने खाल, जो कांग्रेस सरकार ने भी नहीं बनवाए, वो भी भाजपा सरकार ने नए बनवाए ताकि किसानों के खेत में पानी आसानी से लग सके। इसके अलावा सरकार ने हर वर्ग के हित में नीतियां लागू की है ताकि कोई भी वर्ग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अछूता न रहे। उन्होंने कहा कि देश को उन्नत व विकसित बनाने के लिए मजबूत सरकार का होना जरूरी है और इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। जनता के सहयोग से हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री का यह स्वप्न पूरा करना है। भाजपा लोकसभा



मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने सोमवार को नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव सीसर, खरबला, रोशनखेड़ा, सिंघवा, मदनहेड़ी, पुट्ठी, बड़छप्पर, मोहला, भकलाना, पेटवाड़, सुलचानी, नारनौंद, माजरा, माढ़ा, राजपुरा, ढाणी ब्राह्मणान, पाली व गुज्जरबाड़ा का दौरा किया। उनके साथ वरिष्ठ पार्टी नेता अजय सिंधु, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग, अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जयबीर माजरा, सुधीर पांचाल, सतपाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष आजाद शर्मा, पालाराम, रामचन्द्र बूरा, अमरजीत लोहान, शिवकुमार विस्तारक, सरपंच सतबीर पेटवाड़, महेंद्र सिंह, ऋषिकांत, मुकेश, रणबीर, सुषमा पांचाल, जोगिंद्र, रामकेश, करण सिंह, जगबीर दुहन व महेंद्र सिंह पानू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## क्रिकेट | आरजे खुशबू ने ब्लाइंड छात्रों की अंधेरी ज़िंदगी मे छोटी सी रोशनी भरने का किया प्रयास

# रेडियो मिर्ची की आरजे खुशबू ने मिर्ची केयर्स के सहयोग से ब्लाइंड छात्रों को दिखाया क्रिकेट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मिर्ची केयर्स, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (ठअइ), और शकुंतला मिश्रा रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर द ब्लाइंड के बीच एक सहृदय सहयोग के माध्यम से, दृष्टिहीन छात्रों को 5 मई के लखनऊ बनाम कोलकाता ळ20 मैच का आनंद लेने का मौका मिला।मिर्ची केयर्स पहल के माध्यम से, इन छात्रों को, जिनमें विभिन्न दर्जों की दृष्टिहीनता वाले छात्रों के साथ सहित, जैसे कि रिंकु यादव और तुलसी राम, जो पूरी तरह से दृष्टिहीन हैं, लाइव क्रिकेट के उत्साह में डूबने का अवसर मिला। मिर्ची खुशबू की जीवंत कमेंट्री के साथ, मैच बस एक खेल ही नहीं बना; बल्कि यह एक इंद्रियों की




यात्रा बन गया जिसमें रोमांच और सौहार्द से भरा था। परिवहन की तात्कालिक चुनौतियों को मिर्ची ट्रैवलर ने सरलता से संबोधित किया, इसका ध्यान रखा कि सभी प्रतिभागियों को स्टेडियम से आरामदायक यात्रा करने का अवसर मिल सके।
यह पहल न केवल इन छात्रों को एक यादगार यात्रा प्रदान की बल्कि इसने भी महत्व दशार्या कि दिव्यांगों के लिए समाज में पूरी तरह से भाग लेने के अवसर प्राप्त कराने का क्या महत्व है। मिर्ची केयर्स, ठअइ, और शकुंतला मिश्रा रिहाबिलिटेशन सेंटर फॉर द ब्लाइंड ने आगे की दिशा में पथ प्रशस्त किया है, एक समावेशी भविष्य के लिए, जिसमें हर कोई अपनी क्षमताओं के बिना साझा अनुभव का आनंद ले सकता है।

# 01 मार्च से 05 मई तक कुल 34188.13 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गयी

**लखनऊ (आरएनएस) ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 05 मई, 2024 तक कुल 34188.13 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3383.55 लाख रुपये नकद धनराशि, 4890.92 लाख रुपये कीमत की शराब, 22548.95 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1171.65 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 05 मई, 2024 को कुल 161.91 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 21.46 लाख रुपये नकद धनराशि, 39.03 लाख रुपये कीमत की 13807.69 लीटर शराब, 97.88 लाख रुपये कीमत की 180132.87 ग्राम ड्रग एवं 3.53 लाख रुपये कीमत की 32 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 05 मई, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद सुल्तानपुर की कादीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 100 ग्राम ड्रग, जनपद मऊ की मऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 16.25 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 65,000 ग्राम ड्रग, जनपद हरदोई की हरदोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 75 ग्राम ड्रग तथा जनपद सोनभद्र की घोरावाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.62 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 25,060 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267